

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर पदभार संभालते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 161 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दुःख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।
-स्वामी विवेकानंद"

# नहीं रद्द होगी नीट की परीक्षा

## ● सुप्रीम कोर्ट का काउंसलिंग पर भी रोक से इनकार, सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

**मांग**

**सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एनटीए को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मेडिकल में दाखिले से जुड़ी नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस एग्जाम) परीक्षा में गड़बड़ी के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर नीट-यूजी 2024 को रद्द करने की मांग की गई। हालांकि, कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने की मांग को खारिज कर दिया। वहीं, कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग भी रद्द नहीं की जाएगी।

**कोर्ट ने एनटीए को जारी किया नोटिसः** सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है। वहीं, इस पूरे मामले पर कोर्ट ने एनटीए को नोटिस भा जारी किया है।

जवाब देने की जरूरत

परीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर पीठ ने एनटीए को नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए एनटीए को जवाब देने की जरूरत है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ दिया और एनटीए से इस बीच जवाब दाखिल करने को कहा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नीट-यूजी, 2024 कदाचार से भरा हुआ है, क्योंकि पेपर लीक के विभिन्न मामले याचिकाकताओं के संज्ञान में आए हैं।

### रिजल्ट वापस लेने और दोबारा परीक्षा की मांग

**रिजल्ट** आने के बाद से ही कई दिनों से छात्र देश के कोनों-कोनों में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस याचिका में रिजल्ट वापस लेने और दोबारा परीक्षा की मांग की गई है। वहीं, परीक्षा के रिजल्ट में धांधली की जांच की मांग की गई है। आगे कहा गया कि एनटीए ने मनमानी ग्रेस मार्क दिया है। याचिकाकर्ता ने आशंका जताते हुए कहा कि यह तथ्य सामने आया है कि एक सेंटर विशेष पर एग्जाम दे रहे 67 स्टूडेंट्स को फुल मार्क्स 720 तक दिए गए हैं। याचिका में आगे कहा गया कि नीट परीक्षा 5 मई को हुई और तभी से कई शिकायतें सामने आई जिसमें पेपर लीक की बातें कही गईं। ये याचिका सुप्रीम कोर्ट में तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के रहने वाले अब्दुल्लाह मोहम्मद फैज और शैंक रोशन मोहिद्दीन ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि छात्रों के हितों की खातिर यह याचिका दायर की गई है और सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई गई है कि इस मामले में जब तक जांच होती है तब तक नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए।

# महंगाई भत्ते में लगाई 4 फीसदी वृद्धि की मुहर



**सौगात**

**कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जनवरी से देय महंगाई भत्ते में चार फीसदी की वृद्धि की सौगात मिली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में मोदी 3.0 सरकार का गठन हो चुका है। लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जनवरी से देय महंगाई भत्ते में चार फीसदी की वृद्धि की सौगात मिली थी। इस वृद्धि के साथ डीए की मौजूदा दर 46 से 50 फीसदी पर पहुंच गई। अब पहली जुलाई से एक बार फिर सरकारी कर्मचारियों को डीए में बढ़ोतरी की सौगात मिल सकती है। फरवरी, मार्च व अप्रैल माह के दौरान औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की सर्वे रिपोर्ट सकारात्मक है। फरवरी में यह सूचकांक 0.3 अंक बढ़कर 139.2 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। मार्च में इस सूचकांक में 0.3 अंक की कमी देखी गई है, लेकिन अप्रैल 2024 का अखिल भारतीय मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.5 अंक बढ़कर 139.4 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। ऐसे में सभव है कि डीए दर में कम से कम चार फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा इस माह पेंशन को लेकर वित्त मंत्रालय की कमेटी अपनी रिपोर्ट दे सकती है। आठवें वेतन आयोग के गठन पर भी सरकार, निर्णय ले सकती है।

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलनः** केंद्र सरकार के सूत्रों का कहना है, पहली जुलाई से डीए की मौजूदा दर 50 से 54 फीसदी पर पहुंच सकती है।

### '54' फीसदी हुआ डीए तो होगा फायदा

**किसी** कर्मचारी का मूल वेतन 18 हजार रुपये है, तो 54 फीसदी महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे। 50 फीसदी के हिसाब से डीए 9000 रुपये बनता है, 54 फीसदी होने से 9720 रुपये हो जाएगा। यानी डीए की दर में बढ़ोतरी के बाद उसके वेतन में 720 रुपये का इजाफा होगा। कर्मचारी का मूल वेतन 25 हजार रुपये है, तो उसे प्रतिमाह 1000 रुपये का फायदा होगा। 50 फीसदी के हिसाब से उसका डीए 12500 रुपये बनता है।

# चीन-पाकिस्तान को लेकर भारत की नीति स्पष्टः जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** डॉ. एस. जयशंकर ने विदेश मंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान जयशंकर ने कहा,"हम सभी को पूरा विश्वास है कि यह हमें 'विश्व बंधु' के रूप में स्थापित करेगा, एक ऐसा देश जो बहुत ही अशांत दुनिया में है, एक बहुत ही विभाजित दुनिया में है, संघर्षों और तनावों की दुनिया में है।" बता दें कि साल 2019 से ही देश के विदेश मंत्री हैं। वहीं, उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन के साथ रिश्तों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग-अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग-अलग हैं।" जयशंकर ने आगे कहा कि सरकार का जोर चीन के साथ सीमा विवाद का समाधान निकालने पर है। वहीं, पाकिस्तान को लेकर भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट है।

जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता है तब तक दोनों देशों के रिश्ते अच्छे नहीं हो सकते। एस जयशंकर ने आगे कहा,"पीएम मोदी की लीडरशिप में देश 'इंडिया फर्स्ट' की नीति पर आगे बढ़ रहा है।

**दो टूक**

**सरकार का जोर चीन के साथ सीमा विवाद का समाधान निकालने पर है : विदेश मंत्री**

## मोहन माझी होंगे ओडिशा के नए सीएम;



**भुवनेश्वरः ओडिशा** का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल का जवाब अब सामने आ गया है। भारतीय जनता पार्टी ने तय कर दिया है कि मोहन चरण माझी को ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। बता दें कि ओडिशा के सीएम के चयन के लिए भाजपा आलाकमान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। मोहन माझी बुधवार को शपथ लेंगे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम के रूप में केवी सिंह देव और प्रवती परिदा भी शपथ लेंगे। मोहन चरण माझी ने इस बार विधानसभा चुनाव में क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। ये पहली बार नहीं है, जब उन्होंने इस सीट से जीत हासिल की हो। इससे पहले भी तीन बार वे क्योंझर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पदभार संभालते हुए।

## अपने मंत्रालयों का करूंगा विस्तार से अध्ययनः सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरुवनंतपुरमः** केरल के पहले और इकलौते भाजपा लोकसभा सदस्य सुरेश गोपी ने मंगलवार को कहा कि वह यूकेजी के छात्र हैं और आगे बढ़ने के लिए ठोस रूपरेखा तैयार करने से पहले उन्हें अपने दोनों मंत्रालयों का विस्तार से अध्ययन करने की जरूरत है। उन्हें राज्य मंत्री (एमओएस) नियुक्त किया गया है और उन्हें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पर्यटन मंत्रालय में दो विभाग दिए गए हैं।

# जहां विकास की रोशनी नहीं गई, उसे वहां तक पहुंचाना हैः मांझी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः बिहार के पूर्व सीएम** जीतन राम मांझी को केंद्र सरकार में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने गया लोकसभा सीट से जीत दर्ज की है। मांझी समेत 71 अन्य मंत्रियों ने रविवार को मंत्री पद की शपथ ली थी। अब सभी को विभाग मिल गया है। मांझी को माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्रीज का विभाग सौंपा गया है। इसपर उन्होंने प्रतिक्रिया भी दी है। मांझी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। जहां तक विभाग का चार्ज लेने की बात है तो हमारा बचपन से ही कॉन्सेप्ट रहा है कि काम कोई छोटा नहीं होता है। वर्क इज वर्शिप। जब मैंने विभाग से संबंधित लिफाफे को खोला तो उसमें माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्रीज का जिक्र था। मन में बहुत खुशी हुई।



**जिम्मेदारी**

**जहां तक विभाग का चार्ज लेने की बात है तो हमारा बचपन से ही कॉन्सेप्ट रहा है कि काम कोई छोटा नहीं होता है**

**जहां विकास की रोशनी नहीं गई, उसे वहां तक पहुंचाना है- मांझी**

मांझी ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि उन्होंने अपने विजन का विभाग उन्हें दिया है। हमारा विजन है गरीबों का उत्थान, जहां विकास की रोशनी नहीं गई, उसे वहां तक पहुंचाना है। मांझी ने आगे बताया कि पीएम मोदी ने उन्हें कहा कि इस विभाग के माध्यम से आप बहुत कुछ कर सकते हैं। इसलिए ये विभाग आपको दिया है।

# कनाडा में इंदिरा गांधी की हत्या के महिमामंडन पर राजदूत की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : खालिस्तानी** समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच तनातनी बनी हुई है। ये मामला अभी शांत नहीं हुआ कि अब कनाडा में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन किया गया। ब्रैम्पटन शहर में बकायदा एक झांकी निकाली गई और इसमें इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन किया गया। इस घटना पर दुनिया के कई देशों समेत भारत ने भी आपत्ति जताई है। भारत में कनाडा के राजदूत कैमरन मैके ने भी इस घटना की निंदा की है। मैके का कहना है कि कनाडा में हिंसा को बढ़ावा दिया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा।

**कैमरून मैके ने की कड़ी निंदाः** भारत में कनाडा के राजदूत कैमरून मैके ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि ब्रेम्पटन में जो कुछ भी हुआ, उससे कनाडा की सरकार भली-भांति परिचित है। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कभी भी स्वीकार्य नहीं होगा।

# उद्धव ठाकरे पर डोरे डाल रही बीजेपी?

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई। भाजपा लोकसभा** चुनाव के परिणामों को लेकर उद्धव ठाकरे की चुनावी मेहनत की तारीफ करते नजर आ रही है। राजनीतिक मायनों में यह इशारा उद्धव ठाकरे को अपने खेमे में करने की भी हो सकती है। उद्धव ठाकरे को लेकर भाजपा के नेता चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि हालांकि उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान काफी मेहनत की, लेकिन ऐसा लगता है कि सहयोगी कांग्रेस और एनसीपी (सपा) को उनकी अपनी पार्टी से ज्यादा फायदा हुआ। महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री पाटिल ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ठाकरे की तबीयत ठीक नहीं थी, लेकिन उन्होंने फिर भी जमकर प्रचार किया। उन्होंने काफी मेहनत की। मैं उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित था।



**उद्धव ठाकरे को आत्मचिंतन करने की जरूरतः** पाटिल ने आगे कहा कि हालांकि, नतीजे बताते हैं कि एनसीपी (सपा) और कांग्रेस को उनकी अपनी पार्टी से ज्यादा उनके प्रयासों से फायदा हुआ। पाटिल ने आगे कहा, "जब ठाकरे भाजपा के साथ थे, तब उनकी पार्टी ने 18 लोकसभा सीटें जीती थीं।

**तारीफ**

**'एनसीपी (सपा) और कांग्रेस को उद्धव से हुआ फायदा', ठाकरे ने खूब की चुनाव में मेहनत'**

# वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव के संकेत !

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत करते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार अब वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव करने की योजना बना रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि नए मंत्रियों ने कार्यभार संभालते ही एनएसजी और आईटीबीपी द्वारा एक दर्जन से अधिक उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की सुरक्षा का जिम्मा अन्य अर्धसैनिक बलों को सौंप दिया गया है।



**गृह मंत्रालय जल्द करेगा समीक्षाः** पीटीआई ने बताया कि गृह मंत्रालय अब इस बारे में जल्द ही समीक्षा करेगा और कई राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और कुछ अन्य लोगों को दी गई सुरक्षा को वापस लिया जा सकता है।

**जनादेश** पार्टी के कार्यकर्ता जनता की आवाज सुनने की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैन फॉलोइंग की चमक का आनंद ले रहे थे

# आरएसएस ने पार्टी की गलतियों का खोल दिया कच्चा चिट्ठा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भले ही तीसरी बार मोदी सरकार बन चुकी है, लेकिन इस बार भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में नाकाम रही। उत्तर-प्रदेश समेत कई राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। 2019 में 303 सीटें जीतने वाली पार्टी इस बार 240 सीटों पर ही सिमट गई। पार्टी के रिजल्ट पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) ने कड़ी टिप्पणी की है।

**जनता की आवाज नहीं सुन रहे थे भाजपा कार्यकर्ताः** आरएसएस ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अति आत्मविश्वास की वजह से ऐसे परिणाम सामने आए हैं। आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपे लेख में लिखा गया कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता की आवाज सुनने की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैन फॉलोइंग की चमक का आनंद ले रहे थे।



**चुनाव रिजल्ट भाजपा के लिए रियलिटी चेकः रतन शारदा** आरएसएस ने ये भी कहा कि भाजपा के नेता चुनावी सहयोग के लिए 'स्वयंसेवकों' तक नहीं पहुंचे। भाजपा ने उन कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दी जो जमीन पर काम कर रहे थे। वहीं, पार्टी ने उन कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया जो 'सेल्फी' के सहारे प्रचार कर रहे थे। आरएसएस मेंबर रतन शारदा ने लेख में आगे लिखा,"यह चुनाव परिणाम भाजपा के लिए एक 'रियलिटी चेक' है।"

**टिप्पणी**

**भाजपा कार्यकर्ताओं की अति आत्मविश्वास की वजह से ऐसे परिणाम सामने आए हैं : आरएसएस**

**महाराष्ट्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोशः आरएसएस**

लेख में आगे लिखा गया कि भाजपा महाराष्ट्र की राजनीति में कुछ ज्यादा ही सक्रिय हो गई।

महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति की गई। एनसीपी (अजित पवार गुट) के पार्टी में जुड़ने से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश था। राज्य में भाजपा की ब्रांड वैल्यू कम हो गई है।

किसी भी नेता का नाम लिए बिना शारदा ने कहा कि भाजपा में कई उन कांग्रेसी नेताओं को शामिल किया गया, जिन्होंने 'भगवा आतंक' का हौवा बनाया था।

# लोकसभा स्पीकर के लिए डी.पुरंदेश्वरी के नाम की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः लोकसभा के** अंक गणित और सत्ता-विपक्ष के बीच जारी खींचतान को देखते हुए स्पीकर का पद इस बार अहम हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के दो बड़े घटक दल टीडीपी और जदयू भी इस होड़ में शामिल दिख रहे हैं। टीडीपी नेता एन चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार को लगता है कि अगर उनकी पार्टी में तोड़फोड़ की कोशिश होगी तो स्पीकर पद उस समय जीवन बीमा होगा। इंडिया ब्लॉक ने भी कहा है कि स्पीकर पद टीडीपी के पास जाता है, तो वे समर्थन देने को तैयार हैं। हालांकि मोदी के दूसरे कार्यकाल में स्पीकर रहे कोटा सांसद ओम बिड़ला फिर दावेदारी में आगे हैं। उनके कैबिनेट मंत्री न बनने से अटकलें और जोर पकड़ चुकी हैं। इसी बीच भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी का नाम भी उछला है। पुरंदेश्वरी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की बहन हैं। उन्होंने नायडू का उस वक्त समर्थन किया था, जब उनकी अपने ससुर एनटी रामाराव का तख्ता पलट करने पर आलोचना हो रही थी। ऐसे में उन्हें स्पीकर बनाया जाता है, तो नायडू पर सॉफ्ट प्रेशर रहेगा। उनकी पार्टी पुरंदेश्वरी का विरोध नहीं कर पाएगी।



**कम्मा समुदाय का वोट बैंक भी वजहः** पुरंदेश्वरी कम्मा समुदाय से हैं। चंद्रबाबू नायडू भी इसी समुदाय के हैं। आंध्र प्रदेश की राजनीति में यह प्रभावशाली समुदाय है।

# सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत 15 से होगी शुरू



**लोगों को परेशानी**

**पहले चरण के दौरान, दिल्ली से फरीदाबाद की ओर जाने वाले यात्रियों को भीषण जाम का सामना करना पड़ेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) 15 जून से सारिता विहार फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए तैयार है। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि यह एक ऐसा कदम है जिससे राजधानी की सबसे ज्यादा भीड़-भाड़ वाली सड़कों में से एक पर ट्रैफिक जाम लगने की उम्मीद है। इससे बदरपुर, जैतपुर, कालिंदी कुंज और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को असुविधा होगी। अधिकारियों ने बताया कि एक्सपैंशन जॉइन्ट (विस्तार जोड़ों) की मरम्मत चार चरणों में की जाएगी। यह लगभग 60 दिनों में पूरी हो जाएगी, और इस अवधि के दौरान फ्लाईओवर आंशिक रूप से बंद रहेगा। कंक्रीट डेके स्लैब के बीच विस्तार जोड़ों को डेके के थर्मल एक्सपैंशन (विस्तार) और कॉन्ट्रैक्शन (संकुचन) के साथ-साथ ट्रैफिक के कारण होने वाली रफ्तार को एडजस्ट करने के लिए प्रदान किया जाता है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने कहा कि सारिता विहार फ्लाईओवर में समानांतर विस्तार जोड़ों के सात सेट हैं जिन्हें बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में, आश्रम से बदरपुर की ओर जाने वाली फ्लाईओवर कैरिजवे का एक आधा हिस्सा मरम्मत किया जाएगा। और दूसरे चरण में, कैरिजवे के दूसरे आधे हिस्से की मरम्मत की जाएगी।

इसके अलावा, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि उन्होंने मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है जो दो महीने के लिए वैध है। और जरूरत पड़ने पर अनुमति बढ़ाई जा सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, "बदरपुर से आश्रम कैरिजवे के राशनिंग की इसी तरह की व्यवस्था तीसरे और चौथे चरण में की जाएगी।"

**पहले ही हो चुकी है काफी देरी:** एक अधिकारी ने कहा कि सारिता विहार फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य को अप्रैल 2022 में तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा मंजूरी दे दी गई थी। लेकिन यह परियोजना दो साल से ज्यादा समय से लंबित है। अधिकारी ने अपनी पहचान नहीं उजागर करने का अनुरोध करते हुए बताया, "विस्तार जोड़ों की मरम्मत का काम पहले जून और जुलाई 2023 में निर्धारित किया गया था। और तब से इसे कई बार स्थगित कर दिया गया है। हमने सिर्फ 2023 में ही तीन बार ट्रैफिक पुलिस से एनओसी के लिए आवेदन किया था। लेकिन ट्रैफिक पुलिस से एनओसी आखिरकार हासिल हो गई है। और काम उसी तरह से किया जाएगा जैसा कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर (मार्च-अप्रैल 2023 में) पर किया गया था। हर चरण में 15 दिनों के चार चरणों में पूरे कार्य को विभाजित करते हुए, मरम्मत कार्य के लिए कैरिजवे का आधा हिस्सा एक बार बंद कर दिया जाएगा।" अधिकारी ने कहा, "सारिता विहार फ्लाईओवर का निर्माण दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा 2001 में, लगभग 23 साल पहले किया गया था। और इसकी तत्काल मरम्मत की जरूरत है।" किए जाने वाले कार्यों का डिटेल्स देते हुए अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर पर लगी 28 मेटल की प्लेटों में से प्रत्येक को दो महीने की अवधि में बदला जाएगा। पीडब्लूडी अधिकारी ने कहा, "28 मेटल की प्लेटों को चार चरणों में बदला जाएगा, जिसमें प्रत्येक लेन में सात प्लेटें शामिल होंगी। प्रत्येक कैरिजवे को लगभग 30 दिनों के लिए बंद करना होगा। विस्तार जोड़ों को बदलने के बाद, कंक्रीट का काम और ब्लैकटॉपिंग होगा, उसके बाद क्यूरिंग के लिए लगभग 10 दिन का समय लगेगा।"

**पुलिस का ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान:** जानकारी देने वाले ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि फ्लाईओवर और सभी डॉयवर्जन पॉइन्ट पर पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। ताकि वे मोटर चालकों का मार्गदर्शन कर सकें और उन्हें वैकल्पिक रूट का इस्तेमाल करके अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद कर सकें। अधिकारी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को भी वाहनों के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक कर्मियों की मदद के लिए निजी गार्ड/मार्शल तैनात करने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा, "हम विभिन्न सार्वजनिक प्लेटफार्मों जैसे समाचार पत्रों में विज्ञापन, एफएम रेडियो चैनलों पर घोषणाएं और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए ट्रैफिक सलाह और यातायात व्यवस्था योजनाओं पर नियमित अपडेट भी जारी करेंगे।" ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी ने कहा कि जरूरत के अनुसार मथुरा रोड पर फ्लाईओवर की ओर जाने वाले भारी और व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जा सकता है। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) में ट्रैफिक इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रभाग के मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख एस वेलमुरुगन ने कहा कि मार्शलों की तैनाती बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक पुलिस को स्क्रीन लगाकर और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल करके यात्रियों को उनके मार्ग पर भीड़भाड़ और वैकल्पिक मार्गों के बारे में चेतावनी देनी चाहिए। उन्होंने कहा, "पहले चरण के दौरान, दिल्ली से फरीदाबाद की ओर जाने वाले यात्रियों को भीषण जाम का सामना करना पड़ेगा।


## नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखउऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. 37/व०प्र०(जन–II)/ई०टी०/2023-24, जलापूर्ति अनुरक्षण (सैक्टर–22, 23, 24 एवं सी०जी०आर०–31 पर 40 एच.पी. समर्सिबल मोटर पम्प सैट की मरम्मत व रिवाईन्डिंग का कार्य) (दो वर्ष के लिए), नौएडा। लागत रु. 19.50 लाख।

**जिन्हें दिनांक : 25.06.2024 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक : 26.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

(ख)
1. 13/एस०एम०/(जल–बा०सं०)/2023-24, सीवेज शोधन संयत्र का अनुरक्षण एवं संचालन (सैक्टर–22 नौएडा में सिंचाई हेतु शोधित जल की पाईप लाईन डालने का कार्य), नौएडा। लागत ₹ 13.11 लाख
2. 22/एस०एम०/(जल–II)/ई०टी०/2023-24, सैक्टर–146, नौएडा में आन्तरिक/बाहरी जल आपूर्ति (पम्प हाउस का निर्माण कार्य)। लागत ₹ 29.51 लाख
3. 36/व०प्र०/(जल–II)/ई०टी०/2023-24, सीवरेज अनुरक्षण अनुरक्षण (जलखण्ड–द्वितीय स्टेर सैक्टर–37 में सरसों का तेल एवं लाईफबॉय साबुन की आपूर्ति का कार्य), नौएडा (दो वर्ष की आपूर्ति के लिए)। लागत ₹ 22.81 लाख

**जिन्हें दिनांक 18.06.2024 को सांय 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन **दिनांक 19.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेंगी।

कार्यालय सैक्टर-5 — महाप्रबन्धक (जल) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक
पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **20-06-2024 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 34428730005694 | Tara . | 4.76 |
| 2 | 34428730005464 | Payal Chaudhary | 5.04 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. 46-ए फर्स्ट फ्लोर, बाटा शोरूम के नजदीक, मसूदाबाद-110043 | | | |
| 3 | 32818740000764 | Sonu A | 32.4 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, यू-182/ए, उपाध्याय ब्लॉक, शकरपुर, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110043 | | | |
| 4 | 31248730016830 | Mohammad Shamsher | 5.77 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, संपत्ति नं. 2152, बवाना रोड़, नरेला, मंडी, दिल्ली- 110040 | | | |
| 5 | 30908730015061 | Aakash Aakash | 12.3 |
| 6 | 30908730014466 | Rekha | 3.8 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी 74, मेन मार्केट मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 7 | 30808730039802 | Poonam Tyagi | 3.84 |
| 8 | 30808730038657 | Sanju | 9.95 |
| 9 | 30808730037016 | Kuwar Pal Sharma | 6.88 |
| 10 | 30808730036996 | Kuwar Pal Sharma | 21.88 |
| 11 | 30808730029750 | Ravi Kumar | 5.05 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी, नियर दुर्गापुरी चौक, शहादरा, दिल्ली- 110032 | | | |
| 12 | 30218740001593 | Sabiran Khan | 41.31 |
| 13 | 30218740001567 | Abhishek Kumar | 20.1 |
| 14 | 30218740001541 | Jagdish | 48.25 |
| 15 | 30218740001531 | Abhishek Kumar | 129.7 |
| 16 | 30218740001389 | Pinky Bhagwan | 42.82 |
| 17 | 30218730015654 | Seema Sanjay | 4.51 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, नियर, पीड़गढ़ी, चौक, मारूति शो रूम के सामने, पश्चिम विहार, नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थान: दिल्ली — एसडी/-अधिकृत अधिकारी
दिनांक: 12-06.2024 — जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड



## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 48 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** दुर्बल, **चेहराः** लंबोतरा, **पहनावाः** काले रंग की हॉफ निक्कर पहने है व लाल व नीले रंग की चेकदार शर्ट शरीर से निकालकर हाथों में पकड़े हुए है तथा पैरों व धड़ से नंगा है व जनेऊ पहने है, **बरामदी स्थलः** जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 12 पर खड़ी रेलगाड़ी सं. 20451 नई दिल्ली सोगरिया इण्टरसिटी के सामान्य कोच में मृत अवस्था में पाया गया था। मृतक के शव को एलएचएमसी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए पहचान के लिए संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 49A, दिनांक 09.06.2024, पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 011-23744073, 8750871305, 9868462726
DP/7195/Rly/2024


# आखिर किस बात पर गुस्सा हुईं सीमा हैदर, बोलीं- हम पति-पत्नी... हम एक रिश्ते में हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** पिछले साल मई में नेपाल के रास्ते सचिन के साथ अवैध रूप से भारत आईं सीमा हैदर एक बार फिर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर सीमा-सचिन हमेशा एक्टिव रहते हैं। बीते दिन दोनों का इंस्टाग्राम पर एक वीडियो सामने आया। जिसमें फॉलोअर्स के साथ दोनों का इंटैरेक्शन हुआ। इस दौरान एक यूजर ने कमेंट किया तो सीमा को गुस्सा आ गया। भड़की सीमा हैदर ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुना दी। एक यूजर ने कमेंट कर सचिन-सीमा की जोड़ी को मां-बेटे की जोड़ी बता दिया। इसके बाद सीमा ने वीडियो में ही कमेंट पर करारा पलटवार किया। सीमा ने कहा कि हम दोनों पति-पत्नी हैं। हमारे बीच सब कुछ होता है। हम एक रिश्ते में हैं। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में स्थानीय युवक सचिन मीणा के साथ रह रही पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर के पहले पति गुलाम हैदर के अधिवक्ता मोमिन मलिक ने सचिन मीणा के खिलाफ नेपाल के मानव तस्करी निषेध ब्यूरो, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय सहित काठमांडू के पुलिस थाने में शिकायत दी है। शिकायत में सीमा हैदर के बच्चों को अवैध रूप से बंधक बनाने, उनका धर्म परिवर्तन करने और अवैध रूप से बॉर्डर पार करने के आरोप लगाए गए हैं। सन 2023 में सीमा हैदर नेपाल के रास्ते अपने तीन बच्चों को लेकर सोशल मीडिया दोस्त सचिन मीणा के साथ रहने के लिए भारत आ गई थी। इसके बाद से ही उन पर भारतीय अदालत में तो मामला विचाराधीन है ही। अब नेपाल में भी इस मामले में शिकायत हुई है। गुलाम हैदर के अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि नेपाल के गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, भारतीय उच्चायुक्त, पाकिस्तानी उच्चायुक्त के साथ-साथ भारतीय गृह मंत्रालय से भी शिकायत की गई है।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांकः 110-06-आक्जीलरी मोटर-ओ-एच--1, दिनांक 31.05.2024

**कार्य का नामः** खुली निविदा के आधार पर 02 वर्ष की अवधि के लिए डीजल लोको शेड रायपुर के पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के सहायक मोटर्स की ओवरहालिंग। **निविदा मूल्यः रू. 74,91,417.36/-, अग्रिम धन राशिः रू. 1,49,800/-, निविदा दस्तावेज की लागतः** कुछ नहीं, **निविदा और समय की समाप्ति तिथिः** दिनांक 01.07.2024 को 12.00 बजे।

इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह के किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण, कृपया वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल), डीजल लोको शेड/रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।

वरि.मं.यांत्रिक अभियंता (डी)
पीआर/आर/डीएलएस/एएन/46 — द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail



## उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा (ई–रिवर्स नीलामी) आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | आनन्द विहार में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाईन सं. 1 एवं 2 और 3, 4 तथा 5 वीं लाइन पर कवर शेड, वर्तमान सेवा भवन के प्रथम तल पर वाशिंग लाइन कॉम्पलेक्स का विस्तार, वर्तमान प्रथम तल पर कैपिटल स्टोर डिपो पर रैम्प सहित लोडिंग/अनलोडिंग प्लेटफार्म का निर्माण, कैपिटल स्टोर डिपो के चारो तरफ एवं मुख्य लाइन की ओर फेंसिंग सहित आर.सी. सी. बांउड्रीवाल का निर्माण तथा हाई स्पीड गाड़ियों के अनुरक्षण सहित अन्य विविध कार्य। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 5515.64 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 29,07,800/– |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 10.06.2024 से 16.07.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक 21.06.2024 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 16.07.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 02.07.2024 से 16.07.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 8. | ई निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 16.07.2024 को खोली जायेगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0–74–डब्लु/4/1/470/डब्लु.ए./स्टैट इंट्री रोड–I दिनांक : 10.06.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1734/24


# फर्जी एसओजी टीम ने फोन करवाकर बुलवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**बुलंदशहरः** बुलंदशहर में सोमवार को नगर के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी अमन ने कोतवाली नगर में तहरीर दी। जिसमें उसने बताया था कि गत नौ जून की सुबह करीब 11.30 बजे उसके साथी रवि उर्फ चिंटू ने उसे कॉल किया था। उसने कहा था कि वह अमेयश हॉस्पिटल के पास खड़ा हुआ है और बाइक नहीं है। इसलिए वह उसे आकर ले जाए। जिस पर पीड़ित ने रवि को लेने के लिए अपने साथी आरिश को भेज दिया। लेकिन, कुछ देर बाद फिर से रवि ने फोन किया कि बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया है। जिस पर पीड़ित खुद दूसरी बाइक लेकर मौके पर पहुंच गया। जहां, पहले से मौजूद शिवम, निशांत, गोरव और मोनू उर्फ पुष्पेंद्र निवासी चांदपुर मौजूद थे। जिन्होंने पीड़ित को बंधक बना लिया और मोनू के कार्यालय में लेकर बैठा दिया।आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित व उसके साथी आरिश और रवि के साथ लाठी व बेल्ट से मारपीट करनी शुरू कर दी।


## भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/553 — नई दिल्ली, दिनांक 10.06.2024

**एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल–की खरीद हेतु दिनांक 02.07.2024 को खोली जाने वाली ई–स्वदेशी निविदा सं: डब्ल्यूटीए–553.**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आई सी एफ ड्रॉइंग सं. एएए02045 ऑल्ट–बी और आईआरएस आर–1695 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 या नवीनतम के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
1735/24 — दूरभाष सं. 011-23073191, ईमेल आईडी: drsm@rb.railnet.gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below items:-

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98245325 | सामग्री के ढेर लगाने के लिए रैक का प्रावधान और शेड परिसर में महत्वपूर्ण लोको उपकरणों को संभालने के लिए स्टैंड का प्रावधान। अनुलग्नक–ए, एवं बी के अनुसार। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर) | 1 Set. | 08.07.2024 एवं 11.00 hrs | 91280.00 |

Note: 1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details.
2) No manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. सं0 98245325 Dated: 11.06.2024 — 1759/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
**खुली निविदा संख्या 10–अम्बाला/2024–25 दिनांक 10/06/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल इंजीनियर/ट्रैक/अंबाला के अधीन अंबाला मंडल पर ट्रांसलैमैटिक रोबोटिक वेल्डर की तकनीक का उपयोग करके सीएमएस कॉसिंग की इन–सीटू री–कंडीशनिंग। | 2,17,62,983 | 2,58,800 | 12 महीने | 04.07.2024 |
| 2 | सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक/अंबाला के तहत अम्बाला–कालका खंड पर घग्घर में गिट्टी डिपो में बीजी ट्रैक के लिए विधिवत स्टैक्ड और रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में लोड की गई 30000 Cum 65 मिमी गेज मशीन कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति से संबंधित कार्य। | 3,45,37,200 | 3,22,700 | 05 महीने | 04.07.2024 |
| 3 | आरआरबी क्वार्टरों और उसके कार्यालय की सहायक मरम्मत। | 19,80,196 | 39,600 | 02 महीने | 04.07.2024 |
| 4 | एसआईआर–डीएलपीसी और एनएमडीए–एसएनएल खंड में Approach widening/Cess repair, Slope protection द्वारा पुल के एप्रोच को मजबूत करना (भू–सिंथेटिक सीमेंटीयस मैट द्वारा ढलान संरक्षण) | 63,98,968 | 1,28,000 | 06 महीने | 04.07.2024 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बन्धित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1736/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया


मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पानी के बाद अब बिजली की किल्लत

## दिल्ली के कई इलाकों में बत्ती गुल, मंत्री आतिशी ने बताई कटौती की वजह

**कटौती**

यूपी के मंडोला में (पीजीसीआईएल के सब-स्टेशन में आग लगने की वजह बिजली की किल्लत हुई





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पहले से पानी की किल्लत से जुझ रही दिल्ली में अब बिजली की कमी हो गई है। इस बात की जानकारी खुद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिल्ली के कई इलाकों में दोपहर 2:11 बजे से बिजली गुल है। ऐसा यूपी के मंडोला में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से हुआ है। मंडोला सब-स्टेशन से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है। फिलहाल बिजली बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब धीरे-धीरे प्रभावित इलाकों में बिजली लौट रही है। लेकिन राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड में यह बड़ी विफलता अत्यंत चिंताजनक है। मैंने केंद्रीय विद्युत मंत्री और पीजीसीआईएल के चेयरमैन से मिलने का समय मांगा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति दोबारा न आए। राजधानी में पानी की किल्लत पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतिशी ने हरियाणा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने हरियाणा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि 'जानबूझकर' और 'अवैध रूप से' राजधानी में पानी की आपूर्ति रोक रही है। इससे रोजाना की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। आतिशी ने हरियाणा सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे को भी झूठा बताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार झूठ बोल रही है वह दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी आपूर्ति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हलफनामे के अनुसार, दिल्ली में चुनाव से पहले 23 मई से हरियाणा सरकार ने पानी की मात्रा कम **कर दी।**

### दिल्ली के कई इलाकों में बिजली की भारी किल्लत

**राजधानी** के कई इलाकों पेयजल संकट बरकरार है। खासतौर पर, स्लम बस्तियों व अनधिकृत कॉलोनियों में पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं पहुंच रहे। पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी व आसपास के अन्य इलाकों, दक्षिणी दिल्ली स्थित ओखला फेस-दो व संगम विहार, नई दिल्ली स्थित सभी स्लम बस्तियों और पश्चिमी दिल्ली के गोपाल नगर, विकास नगर, निहाल विहार आदि कॉलोनियों में पेयजल संकट बना हुआ है

**राष्ट्रीय पावर ग्रिड में यह बड़ी विफलता बेहद चिंताजनक: आतिशी**



आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में दोपहर 2:11 बजे से बिजली गुल है। ऐसा यूपी के मंडोला में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से हुआ है।

मंडोला सब-स्टेशन से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है, इसलिए दिल्ली के कई इलाके प्रभावित हुए हैं। बिजली बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब धीरे-धीरे अलग-अलग इलाकों में बिजली वापस आ रही है, लेकिन राष्ट्रीय पावर ग्रिड में यह बड़ी विफलता बेहद चिंताजनक है। मैं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और चेयरमैन से मिलने का समय मांग रही हूं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति दोबारा न आए।

**एलजी ने हरियाणा के सीएम से की बात:** दिल्ली में पेयजल संकट पर छिड़ी जुबानी जंग के बीच एलजी वीके सक्सेना ने हरियाणा के सीएम नायब सैनी से बात की है। वीके सक्सेना ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बीते सोमवार को बात हुई। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली को आवंटित हिस्से के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। चल रही गर्मी की लहर के कारण राज्य की अपनी बाधाओं के बावजूद हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**जल संकट पर भाजपा ने सीएम केजरीवाल से मांगा इस्तीफा:** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के भीषण संकट से क्षुब्ध हजारों नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकताओं ने जल बोर्ड कार्यालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व विधायक चौ. ब्रह्म सिंह तंवर ने सम्बोधित किया। भाजपा नेताओं ने जल संकट के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के त्यागपत्र की मांग की।

# एनडीए के सहयोगियों को मिला झुनझुना: सांसद संजय सिंह

**तंज कसा**

टीडीपी लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गुट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों टीडीपी और जदयू से यह सुनिश्चित करने को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष दोनों पार्टियों में से किसी एक से हो और कहा कि यह उनके और जनता के हित में होगा। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यहां पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा के बिना लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी आइएनडीआइए गुट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**टीडीपी और जेडीयू को हो लोकसभा स्पीकर-संजय सिंह**

सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगियों को "झुनझुना" (कम महत्वपूर्ण मंत्रालय) दे दिया, जबकि सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रख लिए।

उन्होंने आगे कहा कि मैं जनता दल (यूनाइटेड) और टीडीपी जैसी पार्टियों से आग्रह करूंगा कि कम से कम आपकी पार्टी से स्पीकर हो। यह आपकी पार्टी के साथ-साथ संविधान और लोकतंत्र के हित में होगा।

**आप ने 22 लोकसभा सीटों पर लड़ा चुनाव:** सिंह ने कहा कि इंडिया ब्लॉक को टीडीपी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करने की संभावना पर विचार करना चाहिए।

## आआपा ने की मालवीय पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी की महिला विधायकों का एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला आयोग से मुलाकात की और कथित तौर पर महिलाओं के शोषण के आरोप में घिरे भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक एवं दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय महिला आयोग पहुंच कर एक ज्ञापन भी सौंपा।

# दिल्ली में गैंगस्टर को रिमांड पर लाकर करवाई ईद की पार्टी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिले का स्पेशल स्टाफ विवादों में है। आरोप है कि स्पेशल स्टाफ ने दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा को मंडोली जेल से रिमांड पर लाकर ईद की पार्टी करवाई थी।

इस मामले में विशेष आयुक्त रविंद्र यादव ने पूर्वी रेंज के अतिरिक्त संयुक्त आयुक्त को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जांच का जिम्मा शाहदरा जिले के अतिरिक्त उपायुक्त राजीव रावल को सौंपा गया है।

**मार्च में रमजान के दौरा हुई गिरफ्तारी:** पुलिस सूत्रों ने बताया कि हाशिम बाबा मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) में मंडोली जेल में बंद है। मार्च में रमजान के दौरान स्पेशल स्टाफ ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि बदमाश बाबा गिरोह का सदस्य है।

**रिमांड के बहाने स्पेशल स्टाफ के कार्यालय में पार्टी:** गैंगस्टर से पूछताछ के लिए स्पेशल स्टाफ गत ईद के मौके पर उसे तीन दिन की रिमांड पर लेकर आए।

**जांच होगी**

विशेष आयुक्त रविंद्र यादव ने पूर्वी रेंज के अतिरिक्त संयुक्त आयुक्त को मामले की जांच के आदेश दिए हैं

### कारोबारी से 50 लाख की मांगी रंगदारी

**आरोप** यह भी है कि गैंगस्टर ने वेलकम के एक कारोबारी से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। न देने पर उसके घर के बाहर गोलियां चलवाई थीं। पुलिस वालों ने कुछ ही लाख में दोनों का समझौता करवा दिया था। शिकायत विशेष आयुक्त तक पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए।

सूत्रों ने बताया कि इस रिमांड के बहाने गैंगस्टर ने स्पेशल स्टाफ के कार्यालय में ईद की पार्टी की। जिसमें गैंगस्टर के परिवार के सदस्य और उसके गुर्गे भी शामिल हुए थे।

# बम की अफवाह: पुलिस ने 13 साल के बच्चे को पकड़ा

**झूठी सूचना**

विमान को बम से उड़ाने की दी थी धमकी, किशोर देखना चाहता था कि इस मामले में पुलिस उसे पकड़ पाती है या नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने बम की झूठी सूचना देने के आरोप में 13 साल के किशोर को पकड़ा है। किशोर यह देखना चाहता था कि इस मामले में पुलिस उसे पकड़ पाती है या नहीं। आरोपी ने मेल भेजकर दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम होने के बारे में झूठी सूचना दी थी। नाबालिग को बाल न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसकी हिरासत उसके माता-पिता को सौंप दी गई। बीती पांच जून को एयर कनाडा के टोरंटो जाने वाले विमान में उस समय दहशत फैल गई थी जब इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे को एक ईमेल मिला था। जिसमें दावा किया गया कि विमान में बम रखा है। जांच करने पर फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एक अधिकारियों ने बताया था कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) कार्यालय को मंगलवार रात 10.50 बजे एक ईमेल मिला था। जिसमें कहा गया कि दिल्ली-टोरंटो एयर कनाडा की उड़ान में बम रखा गया है। जिसके बाद तुरंत फ्लाइट को उड़ान भरने से रोका गया था। पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए फ्लाइट की जांच की लेकिन कुछ भी संदिग्थ नहीं मिला।

# जल संकट जल्द होगा खत्म: एलजी सक्सेना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पेयजल संकट पर छिड़ी जुबानी जंग के बीच एलजी वीके सक्सेना ने कल हरियाणा के सीएम नायब सैनी से बातचीत की। वीके सक्सेना ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बीते सोमवार को बात हुई। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली को आवंटित हिस्से के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। चल रही गर्मी की लहर के कारण राज्य की अपनी बाधाओं के बावजूद हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**जल संकट पर भाजपा ने सीएम केजरीवाल से मांगा इस्तीफा:** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के भीषण संकट से क्षुब्ध हजारों नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल बोर्ड कार्यालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व विधायक चौ. ब्रह्म सिंह तंवर ने सम्बोधित किया। भाजपा नेताओं ने जल संकट के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के त्यागपत्र की मांग की। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के भीषण संकट से क्षुब्ध हजारों नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकताओं ने जल बोर्ड कार्यालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया।



### हरियाणा और दिल्ली के अधिकारियों ने किया था नहर का निरीक्षण

**रविवार** ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) के अधिकारियों के एक दल ने दिल्ली और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुनक नहर का निरीक्षण किया। इसमें देखा गया कि हरियाणा से नहर में पर्याप्त जलापूर्ति हो रही थी। हरियाणा ने मूनक नहर में 2,289 क्यूसेक पानी छोड़ा। जबकि काकोरी से तय कोटा 1050 क्यूसेक पानी की तुलना में 1161.084 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। काकोरी वह जगह है, जहां से पानी सीधे दिल्ली पहुंचता है। लेकिन दिल्ली के बवाना में मूनक नहर को 960.78 क्यूसेक पानी ही पहुंचा। रास्ते में करीब 200 क्यूसेक पानी गायब हो गया। यह कुल पानी का 18 प्रतिशत है।

**भरोसा दिलाया**

एलजी ने की हरियाणा के सीएम से बात, मिलेगा हक का पानी, भाजपा का हंगामा

**पेयजल संकट पर राजनिवास में हुई उच्च स्तरीय बैठक में हुआ खुलासा:** सोमवार को राजनिवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में ये आंकड़े सामने आए। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार को व्यवस्था ठीक करने की नसीहत दी है।

# मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया यमुना नदी का दौरा

## यमुना में पिछले साल इतना पानी आया था की यमुना में बाढ़ आ गई थी, इस साल हरियाणा सरकार के बैराज को पूरी तरह खुलवा दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में एक तरफ पानी का संकट बना हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ बीते दस सालों से वजीराबाद जल शोधन संयंत्र से गाद निकालने का काम नहीं हुआ है। इसी सिलसिले में आईएफसी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों के साथ यमुना नदी से गाद निकालने के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखा कि यमुना में पिछले साल इतना पानी आया था की यमुना में बाढ़ आ गई थी। इस साल हरियाणा सरकार के बैराज को पूरी तरह खुलवा दिया है।जो गेट नहीं खुले, उन्हें कटवाया गया है। पायलट कट बनाये गये हैं ताकि सारी सिल्ट यमुना के साथ बह जाए। इस साल दिल्ली की यमुना ने बाढ़ ना आए उसके लिए अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर कई महीनों से काम चल रहा है।

**यमुना के जलाशय में गाद:** दिल्ली में वजीराबाद जल शोधन संयंत्र को छोड़कर सभी संयंत्र अपनी क्षमता से अधिक काम कर रहे हैं। वजीराबाद संयंत्र यमुना में वजीराबाद बैराज के पीछे बने जलाशय से पानी लेता है। पिछले दस सालों में यहां से गाद नहीं निकाली गई। नतीजतन इसकी गहराई 4.26 मीटर से घटकर 0.42 मीटर रह गई है। इससे पानी की क्षमता में 90 प्रतिशत तक की कमी आई है। इसके अलावा लंबित चंद्रावल संयंत्र और द्वारका संयंत्र के चालू न हो पाने पर भी बैठक में चर्चा की गई।

**तैयारी**

दिल्ली की यमुना ने बाढ़ ना आए उसके लिए अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर कई महीनों से काम चल रहा है

## आज बजरंग दल का देशव्यापी प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की नई सरकार के शपथ ग्रहण के दिन जम्मू कश्मीर के रियासी में तीर्थ यात्रियों पर हुए पाक प्रायोजित आतंकी हमले के विरुद्ध विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा बुधवार को देशभर के जिला केंद्रों पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें हमले में बलिदान हुए तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन कर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी स्थानीय जिलाधिकारियों के माध्यम से दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के रियासी में 9 जून को इस साल का बड़ा आतंकी हमला हुआ।

# डीपफेक के युग में फोटो पर भरोसा नहीं: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पत्नी के अवैध रिश्ते होने का आरोप लगाते हुए पति द्वारा पेश की गई तस्वीरों पर भरोसा करने से दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि डीपफेक के दौर में इसकी जांच ट्रायल के दौरान हो सकती है। पारिवारिक निर्णय को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने कहा कि अदालत ने तस्वीरें देखी हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि तस्वीरों में पत्नी ही वह व्यक्ति है या नहीं। पति ने दावा किया था कि उसकी पत्नी हिंदू विवाह अधिनियम-1955 की धारा 24 के तहत उससे गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है। पति ने पारिवारिक अदालत के भरण-पोषण आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। पारिवारिक अदालत ने पति को पत्नी और उनकी बेटी दोनों को 75 हजार का भरण पोषण देने का आदेश दिया था। पति को राहत देने से इनकार करते हुए अदालत ने कहा कि डीपफेक के इस युग में यह आवश्यक है कि तस्वीरों को वैवाहिक विवाद से निपटने वाली पारिवारिक अदालत के समक्ष साक्ष्य के माध्यम से साबित किया जाए। हालांकि, अदालत ने दोनों पक्षों को अपने संबंधित मामलों के समर्थन में अपने साक्ष्य संबंधित अदालत के समक्ष रिकॉर्ड पर रखने का अवसर दिया।




**टिप्पणी**

दिल्ली हाईकोर्ट की पत्नी के अवैध संबंधों के आरोप से जुड़ी तस्वीरों पर अहम टिप्पणी

# दिल्ली से 997 क्लस्टर बसें होंगी गायब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आने वाले समय में दिल्ली के लोगों को सार्वजनिक परिवहन बेड़े में चलने वाली क्लस्टर स्कीम की ऑरेंज बसों की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। क्लस्टर स्कीम की करीब 997 बसों की परिचालन अवधि समाप्त हो रही है। इस वजह से 19 जून के बाद से ये बसें नहीं चलेंगी। अब इन बसों के चालक-परिचालक सहित डिपो में कार्यरत हजारों की संख्या में कर्मचारियों को बेरोजगार होने का डर सता रहा है। इसके चलते वे अपने रोजगार को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। दरअसल, दिल्ली में क्लस्टर बसें के सात डिपो का संचालन कर रही कंपनी दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्टस) से सरकार का अनुबंध खत्म हो रहा है। ऐसी स्थिति में इन डिपो की 997 बसों का संचालन बंद हो जाएगा। साथ ही इन बसों और डिपो के लिए तैनात कर्मचारियों की नौकरी भी जाएगी। इस मामले में परिवहन विभाग ने दिल्ली सरकार को रिपोर्ट भेजी है। वहीं दिल्ली परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को पत्र भेज कर वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने समेत कई बिंदुओं पर तत्काल रिपोर्ट मांगी है। डीटीसी कर्मचारी यूनियन का कहना है कि डीटीसी बसों की संख्या को कम करके क्लस्टर स्कीम को लाया गया था। अब क्लस्टर स्कीम को लाने के बाद ड्राइवर कंडक्टर की भर्ती प्राइवेट पर्सन के तौर पर की गई, जबकि स्कीम लाने के दौरान बताया गया था कि दिल्ली में 60 फीसदी क्लस्टर बस होंगी और 40 फीसदी डीटीसी की बस होंगी। अब डीटीसी और क्लस्टर के अलावा इलेक्ट्रिक बसों को लाया गया, जिनका संचालन परिवहन विभाग की ओर से किया जा रहा है।

इन इलेक्ट्रिक बसों में ड्राइवर प्राइवेट तो कंडक्टर डीटीसी के लगाए गए हैं। इस तरह के कदम उठाने से डीटीसी के ड्राइवर बेरोजगार किए जा रहे हैं।

**जनता हलकान**

क्लस्टर स्कीम की करीब 997 बसों की परिचालन अवधि समाप्त हो रही है। 19 जून के बाद से ये बसें नहीं चलेंगी

# हर्ष मल्होत्रा बने सड़क परिवहन राज्य मंत्री,दिल्ली को मिलेगी जाम से मुक्ति?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एनसीआर को जाम की समस्या से निजात मिलने की आस जग गई है। केंद्र सरकार की कई योजनाएं एनसीआर में चल रही है, जिससे ट्रैफिक जाम से लोग पार पा सकेंगे। इसमें द्वारका एक्सप्रेसवे, अर्बन एक्सटेंशन-2, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई कनेक्टर और कटरा एक्सप्रेस-वे शामिल है। साथ ही एलिवेटेड रोड की योजना बनी है। एलिवेटेड रोड वर्तमान सड़क से ऊपर उठकर चलेगा और हल्के वाहन इस एलिवेटेड रोड से आवागमन कर सकेंगे। पॉड टैक्सी भी चलाने की योजना है। दरअसल यह आस एनसीआर के लोगों को तब जगी है जब पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।



लोगों को उम्मीद है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इस महत्वकांक्षी योजना को बतौर केंद्रीय राज्य मंत्री वह सहयोगी हर्ष मल्होत्रा रफ्तार देंगे। फिलवक्त धौला कुआं से मानेसर, गुरुग्राम तक बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। इसके चलते घंटों जाम में फंसकर लोगों को परेशान होना पड़ता है। इसे ही देखते हुए पिछले कार्यकाल में नितिन गडकरी ने योजना तैयार की ताकि जाम से मुक्ति मिल सके। इनमें मुख्य रूप से पांच परियोजनाएं शामिल है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे अक्षरधाम से शुरू होगा और सिग्नेचर ब्रिज, गीता कॉलोनी होते हुए बागपत के रास्ते देहरादून तक जाएगा। इसके चालू होने से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दबाव कम होगा। इस योजना को भी धार देने में हर्ष सहयोगी बन सकेंगे। इसी तरह द्वारका एक्सप्रेसवे 29 किलोमीटर लंबा आठ लेन वाला एक्सप्रेसवे है। दिल्ली में 10 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके खुलने से दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर चढ़कर वाहन सीधे दिल्ली से बाहर निकलेंगी। अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 योजना के तहत फरीदाबाद से सिंघु बॉर्डर तक जाएगा। इसकी लंबाई 74 किलोमीटर है। इसके अलावा कटरा एक्सप्रेसवे योजना है।

दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। एक्सप्रेसवे कनेक्टर जो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को दिल्ली से जोड़ेगा। 60 किलोमीटर लंबा है। वाहन आश्रम के पास इस कनेक्टर से चढ़ेंगी और सीधे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पहुंच जाएंगी।

**जनता को उम्मीद**

दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख वाहनों का दबाव कम हो जाएगा

# अनुसूचित जाति के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की लंबित राशि मिले शीघ्र

## इस वर्ष से दाखिले के साथ ही छात्रवृत्ति की राशि जारी की जाए, ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक दिक्कत का सामना न करना पड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग तथा उच्चत शिक्षा विभाग के अधिकारियों की शीघ्र ही संयुक्त बैठक बुलाई जाए और अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की पिछले वर्ष की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की लंबित राशि जारी की जाए। इसके अलावा, इस वर्ष से दाखिले के साथ ही छात्रवृत्ति की राशि जारी की जाए, ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक दिक्कत का सामना न करना पड़े।
मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में विभाग के राज्य मंत्री श्री बिशम्बर सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों, जिनकी पारिवारिक आय ढ़ाई लाख रुपये वार्षिक से कम है, आवेदन के लिए पात्र हैं। यह योजना केंद्र-राज्य सरकार 60:40 अनुपात में क्रियान्वित है। वर्ष 2023-24 में 82,248 विद्यार्थियों को 151.46 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। इसी प्रकार, पिछड़े वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 55,998 विद्यार्थियों को 36.32 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।
हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना की राशि में होगी वृद्धि: मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना के तहत अब तक 15,000 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है। इस राशि में भी वृद्धि की जाए। इस बात की जानकारी दी गई कि लाभापात्रों की संख्या लगभग 900 है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली 71 हजार रुपये की राशि में से 61 हजार रुपये पंजीकरण के साथ ही जारी की जाए, ताकि संबंधित लाभार्थी अपनी बेटी की शादी के लिए इस राशि को प्रयोग कर सके।
80 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के रहने व उनकी देखभाल के लिए समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम खोलने का कार्य तेजी से हो पूरा: श्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश में ऐसे 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुग, जो किन्हीं कारणों से अकेले रहते हैं, उनकी देखभाल करने का बीड़ा हरियाणा सरकार ने उठाया है। इसके लिए प्रदेशभर में समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम खोले जा रहे हैं। पहले चरण में गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर में यह आश्रम खोले जाएंगे। इन आश्रमों का संचालन एनजीओ व सामाजिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा।
डॉ बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना में आवेदनों का सत्यापन जल्द करें पूरा: मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को उनके मकानों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार डॉ भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 80 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और वित्तीय सहायता जारी की जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल और मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**योजना**

▶▶ ~~महात्मा गांधी की विरासत का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस सरकार ने योजना बनाकर गरीब लोगों को~~

# अध्यापकों की जायज मांगो को पूरा किया जाएगा: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की जायज मांगो को पूरा किया जाएगा ताकि अध्यापक मन लगाकर बच्चों को पढ़ा सकें। राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने यह आश्वासन आज यहां अपने कार्यालय में उनसे मिलने आए अध्यापक प्रतिनिधियों को दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वे खुद एक शिक्षक रही हैं, इसलिए उनको भली-भांति पता है समाज सुधार में एक शिक्षक का कितना महत्व होता है। अध्यापक स्कूल में बच्चों को पाठ्यक्रम की पढाई तो करवाते ही हैं, साथ वे संस्कारों की शिक्षा देने में भी महती भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राज्य भर से आए अध्यापकों की विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और बड़े ध्यान से उनकी मांगों के बारे में सुनवाई की। शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि वे विभाग से इन मांगों के बारे में अध्ययन करवाएंगी, नियमों के अनुसार तथा जायज मिलने वाली सभी मांगों को पूरा करने प्रयास किया जाएगा। शिक्षा मंत्री से मिलने वाली अध्यापक यूनियनों में लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन, एजुसेट चौकीदार एंड पार्ट टाइम एम्प्लॉई संघ, हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन,आरोही मॉडल स्टॉफ एसोसिएशन, हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन, हरियाणा राजकीय संस्कृत टीचर संघ, हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन, गेस्ट अध्यापक संघर्ष समिति, स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा, आल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन, एक्सटेंशन लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन तथा वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### लोगों को आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 14.42 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: शहर थाना सफीदों पुलिस ने अस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 14 लाख 42 हजार रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव अंटा निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों निवासी बलवान से उसकी जान पहचान रही है। बलवान ने वर्ष 2023 में उसे बताया कि वह काफी लडकों को वर्क परमिट पर विदेश भेज चुका है। बलवान की बातों में आकर उसने अपने बेटे समीर तथा भांजे विशाल को अस्ट्रेलिया भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में बलवान ने 20 लाख रुपये की डिमाड की। उसने दोनों के दस्तावेज तथा छह लाख रुपये बलवान को दे दिए। गत छह दिसंबर को बलवान ने बताया कि उसके बच्चों के दुबई के वीजा आ गए हैं। एक सप्ताह दुबई रूकने के बाद अस्ट्रेलिया भेज दिया जाएगा। गत आठ दिसंबर को बलवान दोनों बच्चो को दुबई ले गया। जिस पर उससे और राशि मांगनी शुरू कर दी। कुछ राशि गांव अंटा हाल पानीपत निवासी शैलेंद्र के खाते में डलवा दी। साथ कहा गया कि अगर एक सप्ताह के अंदर राशि नही डलवाई तो बच्चों के आस्ट्रेलिया जाने में दिक्कत होगी। 20 दिसंबर तक वह आरोपितों को 15 लाख 42 हजार रुपये की राशि दे चुका था।
25 दिन बच्चों को दुबई में रखने के बाद गत पांच जनवरी को बलवान उन्हें वापस ले आया। जब उसने बलवान से रुपये वापस मांगे तो उसे एक सप्ताह इंतजार करने के लिए कहा। बावजूद इसके लंबा समय बीत जाने के बाद भी राशि को नही लौटाया। जब उसने राशि के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना सफीदों के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने बलवान तथा शैलेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिख युवक को खालिस्तानी कहकर ईंटो से हमला कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** अज्ञात युवकों ने एक सिख युवक को खालिस्तान कहकर उसे पर हमला कर दिया और उसे ईंट मार कर घायल कर दिया। घटना सोमवार रात करीब दस बजे बस स्टैंड के पास रेलवे फाटक की बताई गई है। घटना पर एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने एतराज जताते हुए हरियाणा सरकार से सिखों की सुरक्षा की मांग की है। मंगलवार को पुलिस इस मामले की जांच में जुटी रही। सिविल लाईन पुलिस ने सेक्टर-19 निवासी सुखविंद्र सिंह का आरोप है कि उसका डिफेंस कालोनी में फर्नीचर का शोरूम है। रात करीब दस बजे वह शोरूम बंद करके स्कूटी पर घर जा रहा था। रास्ते में फाटक बंद मिला तो वह भी वहां खड़ा हो गया। तभी उसके पीछे एक बाइक पर दो युवक आकर थम गए। ट्रेन जाने के बाद जैसे ही वह स्कूटी चलाने लगा तो बाइक सवार युवक बोलने लगे कि ओए खालिस्तानी जल्दी से स्कूटी आगे निकाल ले। उसने इस बात का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उस पर ईंटों से हमला किया गया। सुखविन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी युवकों ने उसे यह कहकर भी धमकाया कि उन पर तो हत्या का एक केस तो पहले ही दर्ज है। वे उसे जान से मार देंगे और 1984 वाला काम कर देंगे। तभी एक राहगीर राजू पाई ने उसकी युवकों से जान बचाई। उसी समय पुलिस को सूचना दे दी गई थी और पुलिस भी मौके पर आ गई थी। राहगीरों ने ही उसे अस्पताल पहुंचाया। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शीलावंती ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**एसजीपीसी की दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग:** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कैथल में एक सिख की घृणित पिटाई पर कड़ा संज्ञान लिया है और कहा है कि पुलिस प्रशासन को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। एडवोकेट धामी ने कहा कि इस घटना से पूरे सिख जगत की भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए हरियाणा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और राज्य में रहने वाले सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, क्योंकि ऐसी हरकतें देश हित में नहीं हैं।शिरोमणि कमेटी के सचिव स. प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधान के निर्देश पर कैथल की सपा को मेल के माध्यम से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है।

# कर्मकार कल्याण बोर्ड के श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के श्रमिकों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए टूलकिट, साइकिल योजना, सिलाई मशीनों का लंबित पैसा तुरंत जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, ईएसआई की तर्ज पर सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिले, इसके लिए नई योजना बनाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज यहां श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा भी उपस्थित थे। नायब सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि जिन श्रमिकों के डेथ क्लेम किसी भी कारणवश लंबित पड़े हैं, उन्हें तुरंत जारी किया जाए ताकि गरीब परिवार की आर्थिक मदद हो सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड के तहत श्रमिकों की कन्याओं की शादी के लिए दी जाने वाली शगुन राशि शादी से 3 दिन पहले दी जाए, ताकि उन्हें वित्तीय लाभ हो सके। इसके अलावा, श्रमिकों के बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि को भी एडवांस में एकमुश्त दिए जाने के लिए प्लानिंग करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए, ताकि आवेदन करते समय श्रमिकों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों में सोलर सिस्टम लगाए जाएं: सीमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों में सोलर सिस्टम लगाए जाएं ताकि बिजली के खर्चे की बचत हो सके और साथ ही इससे पर्यावरण संतुलन में सहयोग मिलेगा। इसके अलावा, उन्होंने उच्चत्तर शिक्षा विभाग की एक मासिक पत्रिका प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए जिसमें विभिन्न कॉलेज, यूनिवर्सिटी और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की विशेष अर्जित उपलब्धियों का विवरण हो। श्रीमती त्रिखा आज पंचकूला के शिक्षा सदन में उच्चत्तर शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उच्चत्तर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, महानिदेशक श्री राजीव रतन के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री ने आज की बैठक में उच्चत्तर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से उनके सम्मुख आने वाली समस्याओं और सुझावों पर भी विस्तार से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री अपने इस कार्यक्रम के माध्यम से 2 - 3 विषयों के बारे में बात करके उन क्षेत्रों में किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धि की सराहना करते हैं , ठीक इसी प्रकार उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली प्रत्येक पत्रिका में भी अनुकरणीय उदाहरण दे सकते हैं। उन्होंने कॉलेजों और यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों के आधार पर ग्रेडिंग देकर पत्रिका में प्रकाशित करवाने की बात कही , इससे उनमे सुधार कर- के प्रतियोगिता की भावना पैदा होगी। श्रीमती सीमा त्रिखा ने बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के प्रति चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे कॉलेज, यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने वाले युवाओं को जल संरक्षण के साथ-साथ पेड़-पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि युवा अपने संस्थान के आस-पास के क्षेत्र में पौधारोपण के लिए रूपरेखा बनाएं और अपने द्वारा लगाए गए पौधा के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड करें। उन्होंने इस बात के लिए खुशी जताई कि एनएसएस यूनिट द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ पौधों की किस्म ऐसी होती है जो जमीन से अधिक पानी सोखती है जबकि कुछ पौधे कम पानी में तैयार हो सकते हैं ,ऐसे में वन विभाग के अधिकारियों से सलाह करके ही अपने -अपने क्षेत्र में युवाओं से पौधारोपण करवाएं। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे राज्य की
उच्चत्तर शिक्षा को और अधिक बेहतर करने का प्रयास करें ताकि प्रदेश के युवा अच्छी शिक्षा हासिल करके अपने लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हो सकें।

**दिशा-निर्देश**

▶▶ सीमा त्रिखा ने उच्चत्तर शिक्षा विभाग की एक मासिक पत्रिका प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए

# परिवार पहचान पत्रों की खामियां दूर करने को प्रदेशभर में लगेंगे शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा के शहरी लोगों की प्रॉपर्टी आईडी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तरीय अभियान शुरू करने के बाद अब राज्य सरकार ने 14 जून से राज्यभर में परिवार पहचान पत्र की खामियों को दूर करने का फैसला किया है। जिसके चलते प्रदेश के सभी गांवों, नगरपालिका व नगर परिषदों में शिविरों का आयोजन करके परिवार पहचान पत्र की खामियों को ठीक किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के सभी विधायकों, मंत्रियों तथा अधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए 90 दिन का टास्क दिया है। जिसके अंतर्गत लोगों की सभी अहम समस्याओं की ग्रेडिंग करके उन्हें निपटाया जा रहा है। प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या प्रॉपर्टी आईडी के संबंध में थी। जिसके लिए अभियान शुरू किया जा चुका है। दूसरी बड़ी समस्या परिवार पहचान पत्र में जानकारियां गलत दर्ज होने के संबंध में थी। प्रदेश में कहीं पीपीपी में वार्षिक आय गलत दर्ज है तो कहीं परिवार के सदस्यों का नाम गलत दिया है। जिसके चलते सिटीजन रिसोर्स इंफरमेशन डिपार्टमेंट की तरफ से प्रदेश के सभी अतिरिक्त उपायुक्तों को एक पत्र जारी करके निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में 14 जून से 22 जून तक गांव तथा नगर पालिका व नगर परिषद स्तर पर शिविर लगाकर परिवार पहचान पत्रों का डाटा अपडेट किया जाए।

**अभियान**

▶▶ गांवों, नपा व नगर परिषदों में शिविरों का आयोजन करके खामियों को ठीक किया जाएगा

# आईआईएचएस में आवेदन की अंतिम तिथि 17 जून

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में विभिन्न कोर्सो में दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी 17 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदनों की तिथि तय की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) के विभिन्न कोर्सो में आज तक 4202 आवेदन हुए प्राप्त हुए हैं।

# कोऑपरेटिव सोसायटी के प्लांट अलॉटमेंट कार्ड रहेंगे मान्य : उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी बनवाने के लिए कोऑपरेटिव सोसायटी के प्लॉट अलॉटमेंट कार्ड मान्य रहेंगे। अधिकारी प्रॉपर्टी आईडी बनवाने के लिए किए गए आवेदनों को रिजेक्ट न करें बल्कि उन पर उचित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। श्री दहिया मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दूसरे दिन जनसमस्याएं सुन उनका निदान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों को हर हाल में ठीक किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। शिविर में लोगों ने प्रॉपर्टी आईडी के अलावा बुढ़ापा पेंशन, जलापूर्ति, वोटर कार्ड, परिवार पहचान पत्र इत्यादि समस्याओं को भी रखा। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और बाकी शिकायतों के समाधान के लिए समय सीमा निर्धारित की।
**उपायुक्त ने इस तरह से किया समस्याओं का निपटारा :**
आदर्श कॉलोनी निवासियों ने पिछली एक वर्ष से गली के 10 फीट कच्चे रास्ते के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करवाने की मांग रखी।

**समाधान**

▶▶ समाधान शिविर के दूसरे दिन डीसी ने सुनी जन समस्याएं, अधिकतर का मौके पर ही किया समाधान

# जून तक बाढ़ रोकथाम की तैयारियां करें: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून सीजन शुरू होने से पहले 30 जून तक बाढ़ रोकथाम की तैयारियां पूरी कर लें। पिछले वर्ष बाढ़ से अंबाला, कुरुक्षेत्र जिले काफी प्रभावित हुए थे। शार्टटर्म स्कीमों के कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री बाढ़ रोकथाम की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रजवाहों व नालों के तटबंधों को मजबूत करने के लिए मिट्टी भराई का काम तत्काल शुरू कर दें क्योंकि 15 जून के बाद धान रोपाई भी शुरू हो जाती है और खेतों में पानी भरा होने के कारण मिट्टी उठाने के कार्य में दिक्कत आएगी। जमींदार का खेत भी खाली नहीं रहते। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगर पिछले वर्ष की तरह बाढ़ के हालात हुए तो दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा। नहर की गाद की मिट्टी निकालने के लिए विभाग द्वारा जितनी भी जरूरी हो जेसीबी किराए पर ली जाएँ। उन्होंने कहा कि अंबाला के हरड़ा- हरड़ी, शेरगढ़, चांदपुरा, शाहपुर, हेमामाजरा, रामपुर ससेड़ी , कुरुक्षेत्र के झांसा, जलबेहड़ा तथा कैथल के गुहला चीका तक के गांव काफी प्रभावित हुए थे। इस बार मानसून से पहले की जा रही तैयारियों में लापरवाही के चलते अगर बाढ़ के हालात बने तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि बाढ़ संभावित 320 हॉटस्पॉट चिन्हित किये गए थे और शॉर्टटर्म स्कीमें तैयार की गई थीं। अब तक 44 स्कीमें पूरी हो चुकी हैं तथा 179 स्कीमों पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि समय की कमी को देखते हुए बाकी काम विभाग अपने स्तर पर युद्धस्तर पर करवाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अधिकारीयों को निर्देश दिए हैं कि एक पोर्टल बनाया जाये और मॉनसून से पहले बाढ़ से संबंधित जितने भी कार्य किये जा रहे हैं उसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट इस पोर्टल पर अपलोड हो। गांव के सरपंच को भी साथ में लेकर विडियो बनाकर इस पोर्टल पर अपलोड किया जाए। वे स्वयं भी इस पोर्टल की मॉनिटरिंग करेंगे

**निर्देश**


▶▶ अंबाला, कुरुक्षेत्र जिले काफी प्रभावित हुए थे। शार्टटर्म स्कीमों के कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें

# रोहतक: अब मेट्रो विस्तारीकरण की राह होगी और भी आसान: अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक:** प्रदेश वासियों को मेट्रो के विस्तारीकरण की जल्द ही सौगात मिलने वाली है। भाजपा के पूर्व सांसद अरविंद शर्मा ने मेट्रो विस्तारीकरण को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से चर्चा की और उन्हें बधाई भी दी। पूर्व सांसद ने उम्मीद जताई कि आसौदा से सांपला और फिर रोहतक व बादली से झज्जर तक मेट्रो विस्तारकरण की उम्मीद बढ़ गई है, क्योंकि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पास ही मेट्रो से जुड़ा महत्वपूर्ण मंत्रालय है। साथ ही उन्होंने कहा कि रीजनल रेल ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) फेस दो का कार्य भी जल्द से जल्द शुरू होगा, जिसका सीधा लाभ रोहतक लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे हरियाणा को मिलेगा। मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्व सांसद अरविंद शर्मा ने बताया कि बहादुरगढ़ से लेकर आसौदा तक हरियाणा व केंद्र सरकार ने मेट्रो विस्तारीकरण प्रोजेक्ट को मंजूरी दे रखी है और अब ज्यादा उम्मीद बढ़ गई है, क्योंकि मेट्रो संबंधी मंत्रालय केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पास है। पूर्व सांसद ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा और विस्तारीकरण की भी अच्छी खबर मिलेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि आसौदा से सांपला और फिर रोहतक तक और बादली से झज्जर तक मेट्रो के लिए हर संभव कड़ी मेहनत करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही प्रदेश वासियों को यह सौगात मिलेगी। पूर्व सांसद ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भी बधाई देते हुए खुशी जाहिर कि उन्हें ऊर्जा, आवास तथा शहरी विकास मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी मिली है।
पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार राष्ट्र निर्माण के कार्यों तेजी से करने के लिए वचनबद्ध है और यह निरंतर यूं ही अपना कार्य करती रहेगी।

# मंथन: आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को चंडीगढ में हुई। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने की। इसमें लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर समीक्षा की गई और विधानसभा चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के साथ सभी लोकसभा और जिला अध्यक्ष के साथ सर्कल प्रभारियों ने हिस्सा लिया। डॉ संदीप पाठक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की पहली बैठक है। जिसमें लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा की गई और कार्यकताओं की फीडबैक पर चर्चा की गई। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो निर्णय दिया है, वो बड़ा स्पष्ट है कि अब देश के लोग नरेंद्र मोदी से सहमत नहीं हैं। जो सरकार 400 पार का दावा कर रही थी वो आज बहुमत का आंकड़ा भी पूरा नहीं कर पाई। इसका मतलब नरेंद्र मोदी जो तानाशाही से काम कर रहे थे उसको जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र में जिस तरीके से चुनाव लड़ा गया। जहां पर सबके सहयोग से पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा गया। यदि हम परिणाम देखें तो लगभग 29 हजार से सीट रह गई। कुरुक्षेत्र में हम 4 विधानसभा में जीते, 2 विधानसभा में कड़ा मुकाबला रहा और 2 विधानसभा में हम पीछे रहे। यदि हम कुल मिलाकर देखें तो ये आम आदमी पार्टी की अच्छी शुरूआत है और आने वाले समय में हम और अच्छा करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम अपना फायदा और नुकसान देखकर गठबंधन में नहीं आए थे। देश के लिए जरूरी था कि पूरा विपक्ष एकजुट हो और इसका प्रभाव भी देखने को मिला। जो प्रधानमंत्री मोदी 400 पार की बात कर रहे थे वो आज 250 भी पार नहीं कर पाए। ये इसी का नतीजा है कि पूरा विपक्ष एकजुट रहा। जिसमें हर व्यक्ति ने अपने अपने तरीके से सहयोग किया है। मुझे लगता है कि गठबंधन से देश को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए था। आगे का फैसला अरविन्द केजरीवाल करेंगे। लेकिन आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है और हम अपना आभियान आज से ही शुरू कर देंगे। एक एक बूथ पर हमारी मजबूत टीम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपने आप में ही हार रही है।



**चिंतन**

▶▶ चुनावों के नतीजों को लेकर समीक्षा की गई और विधानसभा चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा की गई

## न्यूज फ्लैश

### माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 03 अगस्त तक किया जाएगा स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत। मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव मीनू ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 03 अगस्त तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि किसी का मुकदमा माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित है और वह अपने केस का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के दूरभाष नंबर 0130-2220057 अथवा ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

### सांप काटने से प्रवासी मजदूर की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बलजीतपुर** में एक प्रवासी मजदूर को सांप ने डस लिया। मजदूर खेत के ट्यूबवेल के कमरे में सो रहा था। सांप ने उसके हाथ पर डस लिया था। मजदूर को तुरंत कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया गया, लेकिन चार दिन बाद प्रवासी की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक रामनाथ सिंह बिहार के सीतामढ़ी जिले का रहने वाला था। वह एक महीने पहले ही काम करने के लिए बिहार से करनाल आया था।

### न्यू हॉलैंड ने लॉन्च किया वर्कमास्टर 105 पहला स्वदेशी ट्रैक्टर



**अंबाला:** सीएनएच के ब्रांड, न्यू हॉलैंड ने आज देश में पहला मेड-इन-इंडिया 100+एचपी टीआरईएम -IV ट्रैक्टर लॉन्च किया। वर्कमास्टर 105 का लॉन्च कंपनी और भारतीय ट्रैक्टर उद्योग के लिए एक नया मील का पत्थर है।
टीआरईएम -IV अनुकूल इंजन वाला वर्कमास्टर 105 भारतीय ग्राहकों के लिए विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता और प्रदर्शन लेकर आया है, जो सर्वश्रेष्ठ की तलाश में हैं। न्यू हॉलैंड ने उत्तरी अमेरिका जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी और गुणवत्ता के प्रति सजग बाजारों में वर्कमास्टर परिवार की 15,000 से अधिक इकाइयाँ बेची हैं। सीएनएच इंडिया और सार्क के कंट्री मैनेजर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, नरिंदर मित्तल ने कहा, "भारत में उच्च हॉर्सपावर ट्रैक्टरों की बात करें तो वर्कमास्टर 105 ने एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। इस मशीन ने अमेरिका जैसे अत्यधिक मांग वाले बाजारों में अपनी क्षमता साबित की है और अत्याधुनिक उत्पादों की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। न्यू हॉलैंड अपने उच्च हॉर्सपावर ट्रैक्टरों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। हमारा मानना है कि समझदार भारतीय ग्राहकों के लिए इस उन्नत तकनीक को पेश करने का सही समय आ गया है और हमें 100+एचपी श्रेणी में पहला मेड-इन-इंडिया टीआरईएम -क्ष ट्रैक्टर लॉन्च करने पर गर्व है।"

# 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ सीखेंगे मूर्तिकला का हुनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कला एवं सांस्कृतिक** कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'टाबर उत्सवइ बन रहा है अनूठी पहलइ कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के हृदय कौशल, कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) ने बताया कि जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 40 से 50 विद्यार्थी सीखेंगे मूर्तिकला अब स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ-साथ मूर्तिकला का हुनर सीखेंगे। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चलेगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस उत्सव के तहत बच्चों को मूर्तिकला का हुनर देना शुरू कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलीफ एवं 3 डी स्कल्पचर आर्ट में हरियाणवी संस्कृति पर आधारित दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं का रचनात्मक/कलात्मक विकास करवाने के लिए यह प्रशिक्षण बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में कारगर सिद्ध होगा। जिला के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एक स्थान पर एकत्रित कर मूर्तिकला का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मूर्ति शिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे। इस शिविर में राज्य के निपुण कलाकारों एवं सह कलाकारों द्वारा विद्यार्थियों को मूर्तिकला में पारंगत किया जाएगा और प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी (अन्य माध्यम) व सामग्री आदि से लघु मूर्तिशिल्पों को बना कर रंगों से हुनर भी सिखाए जाएंगे, जिससे भविष्य में उनको मूर्तिकला क्षेत्र में शिक्षा के साथ मूर्तिकला के क्षेत्र में प्रतियोगिता, रोजगार एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में करियर बनाने का भी ज्ञान मिलेगा। प्रशिक्षण देने वाले कलाकारों द्वारा कला संस्कृति तथा मूर्तिकला के उत्थान संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु कला को निखारा जाएगा, जिससे विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे। जिला में आधुनिक मूर्तिकला के प्रचार-प्रसार हेतु यह शिविर अत्यंत सार्थक सिद्ध होगा। इस शिविर/समर कैम्प में विद्यार्थियों को प्रतिदिन रिफैश्मेन्ट भी दी जाएगी।

## प्रो. संजीव शर्मा के सेवाकाल में तीन वर्ष की वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र,: हरियाणा** के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार हरियाणा राजभवन से प्राप्त पत्र क्रमांक 3582 दिनांक 11 जून, 2024 के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा के कुलसचिव पद के कार्यकाल को 8 दिसम्बर 2023 से 7 दिसम्बर, 2026 तक आगामी तीन वर्षो के लिए बढ़ाया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. संजीव शर्मा के कुलसचिव पद के कार्यकाल को आगामी तीन वर्षो तक बढ़ने के लिए बधाई दी। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने तीन वर्ष कार्यकाल वृद्धि होने पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नैक से मान्यता प्राप्त ए-प्लस-प्लस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने का सार्थक प्रयास करेंगे।

## मोहनपुर से कलसाना के बीच बांध की सुध ले प्रशासन: स्वीटी रंगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :कांग्रेस नेत्री** स्वीटी रंगा नलवी ने बताया कि शाहाबाद के गांव मोहनपुर से गांव कलसाना जाते हुए बीच में बांध का यह रास्ता बिल्कुल ऊबड़ खाबड हो चुका है, कच्चा रास्ता है और दोनों तरफ बहुत गहरी खाई है कभी भी कोई हादसा हो सकता है और थोड़ी सी बारिश आने पर यहां से आवागमन बिल्कुल बंद हो जाता है ।इस रास्ते से कई गांव के लोगों का शाहाबाद आवागमन रहता हैऔर अब भी इस रास्ते के ऊबड़ खबर होने से लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है , प्रशासन इसकी शुद्ध नहीं ले रहा है ।ग्रामीणों ने स्वीटी रंगा के नेतृत्व में मांग की है कि जल्दी से जल्दी इस रास्ते को ठीक किया जाए क्योंकि आगे बारिश का मौसम आने वाला है और यहां से आवागमन बिल्कुल बंद हो जाएगा । प्रशासन से मांग है कि इस रास्ते को जल्द से जल्द पक्का किया जाए ।

## समस्याओं के निराकरण के लिए उपायुक्त ने स्वयं संभाली कमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। परिवार पहचान** पत्र (पीपीपी), प्रोपर्टी आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड जैसी प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह ने समाधान शिविर की स्वयं कमांड संभाल ली है और प्रातः 9 बजे से लेकर 11 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के बीच में बैठकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान कर रहे हैं। उपायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर का 20 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में कुल 55 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से 20 समस्याओं का मौके पर समाधान हो गया तथा शेष 35 की रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में प्रदेश की आम जनता की प्रमुख समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला मुख्यालयों व उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है ताकि आम जनता को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। समाधान शिविरों में आई शिकायतों के समाधान की प्रतिदिन की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जानी है, जिनकी उच्च अधिकारियों द्वारा मोनिटरिंग की जाती है। समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), प्रोपर्टी आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकायों से बकाया प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शा स्वीकृति, पुलिस विभाग की अपराध संबंधी शिकायतों और बिजली/सिंचाई/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसीयूटी योगेश सैनी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**मौके पर बना बीपीएल कार्ड**

औंगद गांव निवासी सुभाष पुत्र बृजपाल मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्या को लेकर पंहुचे तो उनकी समस्या का निराकरण करते हुए मौके पर हीबीपीएल कार्ड बना दिया गया। सुभाष ने बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आम जनता की समाधान के लिए शुरू की गई समाधान शिविर गरीब लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे है। जबकि पहले लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इससे उनका समय और पैसा दोनों खर्च होते थे।

## डॉ० जयकिशोर ने की 100 द्विवसीय एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: जिला को एनीमिया** मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय एनीमिया मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत मंगलवार को नागरिक अस्पताल से सिविल सर्जन डॉ० जयकिशोर द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिला में ग्रामीण व शहरी स्तर पर टीमों का गठन किया जा चुका है। इन सभी टीमों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पीएचसी, सीएचसी, नागरिक अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों व औद्योगिक क्षेत्रों में 4552 शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा फील्ड स्टाफ गांव स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट भी करेगा। डॉ० जयकिशोर ने बताया कि इसके लिए छह टारगेटिड ग्रुप जिसमें 0-5 वर्ष, 6-9 वर्ष, 10-19 वर्ष आयु के लोगों के खून की जांच की जाएगी। विशेष रूप से स्तनपान कराने वाली व गर्भवती महिलाएं के खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला के 08 लाख 23 हजार लोगों की खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अगर किसी व्यक्ति को एनीमिया पाया गया तो नागरिक अस्पताल द्वारा उसका ईलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी और इसी तरह बच्चों के लिए सिरप भी वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचबी का सामान्य मान 11 से अधिक माना जाता है, जबकि 10 से 10.9 के बीच का मान हल्का एनीमिया, 7 से 9.9 के बीच का मान मध्यम तथा 7 से कम का मान गंभीर एनीमिया की श्रेणी में आता है। इस मौके पर अभियान की नोडल अधिकारी अनविता कौशिक, डॉ० गीता दहिया, डॉ० गिन्नी लांबा, डॉ० नीरज यादव, डॉ० स्वराज चौधरी, डॉ० जितेन्द्र, डॉ० भानू, डॉ० ज्योत्सना एवं डॉ० अनीता मौजूद रहे।

## सतयुग संगीत कला केंद्र के 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सतयुग संगीत** कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। समर कैंप में विद्यार्थियों को गिटार, कोंगो, वेस्टर्न डांस, सेमी क्लासिकल डांस, जुंबा सिखाए गए। कैंप में बच्चों ने गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोतरी की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने कैंप में सीखी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया। संगीत कला केंद्र की प्रिंसिपल अनु ललित ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 10 दिन में जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। प्रिंसिपल अनु ललित ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार एक्टिवीटिज में प्रशिक्षण दिया गया। अनु ललित ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के साथ ही खेल व अन्य गतिविधियां बच्चों के लिए बेहद जरूरी है।

## विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक लम्बित मामलों को निपटाने का होगा प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला विधिक** सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ.सविता कुमारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से अधिक से अधिक लम्बित मामलों को निपटाने का प्रयास किया जाएगा। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी मंगलवार को एडीआरसेंटर के सभागार में पैनल के अधिवक्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि जो मामले सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं और जिन मुकदमों में सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमें विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अपने मुकदमों का निपटारा विशेष लोक अदालत के माध्यम से करें, जिसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण में संपर्क कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन मुकदमों के निपटारे हेतु मुफ्त कानूनी सेवाओं का लाभ भी उठाया जा सकता है।

## गांव कुरहावटा में हुआ रात्रि जागरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़ । गांव कुरहावटा** में हनुमान जी के रोट के उपलक्ष्य में गत दिवस सोमवार को बालाजी के रात्रि जागरण का आयोजन करवाया गया तथा मंगलवार को गांव के सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।
निरंजन लाल एवं सरोज देवी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के यजमान उमेश कुमार एवं पूजा यादव सपरिवार थे जबकि दरबार का पूजन गौशाला बुचियावाली मंदिर के पुजारी राजन शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चार से करवाया । कार्यक्रम का आगाज श्री आदर्श संकीर्तन मंडल महेंद्रगढ़ के संचालक मास्टर अमरसिंह सोनी के द्वारा गणेश वंदना से किया गया तथा बालाजी के अनेक भजन "दुनिया में देव हजारो हैं बजरंगबली का क्या कहना" व "बजरंगबली मेरी नाव चली जरा बल्ली कृपा की लगा देना" गाकर दर्शकों को मंत्र मुक्त किया । सुप्रसिद्ध भजन गायक सत्यकाम कनोड़िया ने "पिछले साल घणे तारे बाबा ईबकै नंबर मेरा सै" तथा गोविंद खेड़ीवाला ने "जब से मिला है मुझे यह दरबार अपनी तो किस्मत बदल गई यार" व अतुल लामड़ीवाल ने मातृ-पितृ भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की शानदार प्रस्तुति दी ।
मोई गुर्जर डैकोरेटर के द्वारा सजाया गया भव्य दरबार एवं सुरेन्द्र फौजी साउंड सर्विस की भी लोगों ने बहुत सराहना की। इस अवसर पर रामकुमार यादव ,सुरेश देवी ,अयांशु, पारुल, सतीश कुमार सोनी, रमन कुमार एवं मनीष कोली सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

## जनता के आशीर्वाद से विस चुनाव में भी लहराएंगे विजयी परचम : सुरेंद्र

**विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर-15 स्थित निवास स्थान व शहर की विभिन्न कालोनियों में क्षेत्रवासियों को किया संबोधित**

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: विधायक सुरेंद्र पंवार** ने कहा कि देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी जीत का परचम लहराएंगे। आज जन-जन का आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी ही प्रत्येक जन का भला कर सकती हैं। विधायक सुरेंद्र पँवार सोनीपत विधानसभा की विभिन्न कालोनियों से पहुंचे देवतुल्य शहर वासियों को सेक्टर -15 स्थित निवास स्थान पर संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार नें कहा कि कांग्रेस सुशासन में प्रत्येक जन का कल्याण हुआ है। जिस तरह लोकसभा चुनाव में देवतुल्य जनता ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है, क्षेत्रवासी विधानसभा चुनाव में इससे भी अधिक बढ़कर कांग्रेस पार्टी का साथ देगी। कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक जरूरतमंद को 100-100 वर्ग गज के निःशुल्क प्लॉट दिए गए थे, इसी तरह आने वाले समय में 100-100 वर्ग गज के प्लाट आवंटन करने व उन्हें बनाने का काम भी कांग्रेस सरकार करेगी। भाजपा ने जनता को झूठ बोलने व बरगलाने का काम किया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनता को सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। जनता से जो वादे किये हैं, कांग्रेस पार्टी ने उन्हें हमेशा पूरे किए हैं। इसलिए आज जो लोकसभा चुनाव में परिणाम आए हैं
उनसे बीजेपी बौखला गई है, उन्हें भय है कि कहीं विधानसभा चुनाव में उनकी जमानत जब्त न हो जाए। लेकिन प्रदेश की जनता आज मन बना चुकी है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार को हरियाणा प्रदेश से बाहर करने का काम करेगी और भारी बहुमत से विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को विजयी करवाएंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने निवास स्थान पर पहुंचे सभी शहर वासियों को लोकसभा चुनाव में मेहनत व ईमानदारी के साथ काम करने पर उन्हें धन्यवाद किया। और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए और अधिक मेहनत के साथ पार्टी का प्रचार प्रसार करने का संदेश दिया। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, संजय चार मरला, सुदर्शन बत्रा, रमेश बजाज, विकास शर्मा, रवि, कमल, राजेश, नीरज, संजय, नरेंद्र सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## श्री राधाकृष्ण शाखा ने स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किया वाटर कूलर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भारत विकास** परिषद् के सेवा संस्कार (स्थाई प्रकल्प) के निहितार्थ भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा करनाल द्वारा एक वाटर कूलर आरओ फिल्टर सहित राजकीय स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन प्रांतीय उपाध्यक्ष कपिल अतरेजा, प्रांतीय मीडिया संयोजक नरेंद्र राणा, सीएमओ कृष्ण कुमार, डिप्टी सीएमओ नरेश द्वारा किया गया।
डा. नम्रता व डा. रविंद्र नरवाल का विशेष सहयोग रहा। जनसेवा के लिए इस अवसर पर प्रियंका काठपाल, प्रांतीय संयोजक (युवा संस्कार) का इसमें विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि जनसेवा परिषद का मुख्य लक्ष्य है। सेक्टर-6 के स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले रोगियों व उनके परिजनों के लिए यह बहुत ही उपयोगी रहेगा। इस अवसर पर सावी चौधरी, मेनका गांधी, प्रभा उपाध्यक्ष, निधि गुलाटी सह सचिव, मीनू सिंगला उपाध्यक्ष संगठन, कुमारी रीता, रंजना पुरी, उमेश तनेजा अध्यक्ष, राकेश अरोड़ा कोषाध्यक्ष, प्रमोद नागपाल उपाध्यक्ष सहयोग व देवेन्द्र रोहिला सचिव उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## तीसरी बार मोदी सरकार !!!

स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद प्रधनमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बनकर कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हो गये हैं। नौ जून को उन्होंने 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ, औपचारिक रूप से शपथ ले ली है। अगली सुबह ही उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय जाकर कार्यभार संभाल लिया और किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर किए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शपथ ग्रहण का सीधा प्रभाव असर शेयर बाजार पर दिखाई दिया जो नयी ऊंचाइयों तक पहुंच गया। ये प्रमाण है कि भारत के विकास के लिए सहयोग करने वाले निवेशकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर पूरा विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नये मंत्रिमंडल में उनके अपने तथा भारतीय जनता पार्टी के विचारों का स्पष्ट समन्वय दिख रहा है।मंत्रिपरिषद में एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना भी परिलक्षित हो रही है। मोदी मंत्रिपरिषद में अनुभवी चेहरों के साथ युवा तथा पहली बार लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रहे राजनेताओं को भी स्थान मिला है। मोदी मंत्रिपरिषद में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी मंत्री बनाकर उनका कद बढ़ाया गया है। जिन राज्यों में भाजपा को अच्छे परिणाम प्राप्त मिले हैं जैसे कि मध्य प्रदेश वहां से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कद बढ़ाया गया है जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी को मंत्री बनाकर एक तीर से कई निशाने साधने का प्रयास किया है। मंत्रिमंडल में उन राज्यों को भी पर्याप्त जगह देकर साधने का प्रयास किया गया है जहां पर वर्ष के आखिरी माह में या फिर 2025 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल गठन से यह नहीं लग रहा है कि भाजपा नेतृत्व पर सहयोगी दलों का किसी प्रकार का दबाव था जबकि सोशल तथा मुख्यधारा मीडिया में इस तरह की अफवाहों का बाजार लगातार गर्म रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी चतुराई के साथ मंत्रिपरिषद का गठन किया है और उसमें सभी को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है। दक्षिण में तमिलनाडु से एक भी जीत न मिलने के बावजूद तीन मंत्री बनाकर तमिल मतदाता को साधने का भरपूर प्रयास किया गया है। 24 राज्यों से 72 मंत्री बनाये गये हैं जिसमें सबसे अधिक, उत्तर प्रदेश से 11 मंत्री हैं । यद्यपि भाजपा को पूर्ण बहुमत के पार जाने से रोकने में उत्तर प्रदेश ने ही बाधा डाली है तथापि प्रधानमंत्री ने उप्र की जनता को अकेला नहीं छोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 सदस्यीय मंत्रिपरिषद में ओबीसी, एससी, एसटीऔर अल्पसंख्यक समाज के 47 मंत्री बनाये गये हैं। यहां पर यह ध्यान देने कि बात है कि अल्पसंख्यक समाज से कोई मुस्लिम नहीं अपितु ईसाई, सिख और बौद्ध समाज से मंत्री बनाइ गए हैं। इन मंत्रियों की संख्या 45 है। ओबीसी समाज के रिकार्ड 27 मंत्री हैं। मोदी मंत्रिपरिषद में समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनाकर रखने के उद्देश्य से अत्यंत पिछड़ा वर्ग से भी दो मंत्री बनाये गये हैं। 10 एससी व 5 एसटी समुदाय के लोगों को मंत्री बनाकर सबका साथ - सबका विकास के नारे को धरातल पर उतारते हुए सामाजिक न्याय की पूरी गारंटी देने का स्पष्ट व सकारात्मक संदेश दे दिया है । मोदी मंत्रिपरिषद में नारी सशक्तिकरण की भावना को प्रबल करने के लिए सात महिलाओं को भी स्थान मिला है किंतु यह 33 प्रतिशत आरक्षण वाले कानून से बहुत कम है।

# बाल श्रम पर लगाम लगाने की जरूरत



रमेश सर्राफ धमोरा

"अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक घटना है। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिये किया जाता है, क्योंकि उनका आसानी से शोषण किया जा सकता है। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं"

**किसी देश के** बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ्य होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। लेकिन अगर बच्चे बचपन से ही किताबों को छोड़कर कल-कारखनों में काम करने लगेंगे तो देश समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इसीलिये बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं. जहां दो पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है। बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें! इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे



स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा होता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं, वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी थे। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेर्शों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिये तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिये।

पूरी दुनिया के लिये बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिये समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम को काबू में लाने के लिये विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किये जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक घटना है। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिये किया जाता है, क्योंकि उनका आसानी से शोषण किया जा सकता है। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं। बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के जरिए बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुमार्ना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है। संशोधित कानून के जरिए इसका उल्लंघन करने वालों के लिए सजा को बढ़ाया गया है। बच्चों को रोजगार देने वालों को अब छह महीने से दो साल की जेल की सजा होगी या 20,000 से लेकर 50,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों लग सकेगा। पहले तीन महीने से एक साल तक की सजा और 10,000 से 20,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों का प्रावधान था। दूसरी बार अपराध में संलिप्त पाए जाने पर नियोक्ता को एक साल से लेकर तीन साल तक की कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। कानून के मुताबिक किसी भी बच्चे को किसी भी रोजगार या व्यवसाय में नहीं लगाया जाएगा। हालांकि स्कूल के समय के बाद या अवकाश के दौरान उसे अपने परिवार की मदद करने की छूट दी गई है। समाज के प्रमुख लोगों को बाल श्रम को रोकने की दिशा में एक नई पहल करनी चाहिये। लोागें को बाल श्रम को रोकने के लिये समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिये व बच्चो से काम करवाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनन कार्यवाही करवानी चाहिये तभी बाल श्रम पर रोक लग पायेगी। कानूनन कार्यवाही के डर से मालिक बाल श्रमिको को अपने यहां काम पर रखने से डरने लगेगें।

# कविता

क्यूँ मदद माँगूँ किसी चारागरी से दोस्तो
जब शिफा मिल जाए उन की दीद ही से दोस्तो

नूर सामां हो गई निकहत बदामाँ हो गई
यार गुजरा है मेरा जिस जिस गली से दोस्तो

तीरगी ने इस कदर मुझ को अमाँ में रख्खा है
खौफ खाने लग गया हूँ रौशनी से दोस्तो

आज तक अपनाइयत ही हर किसी से पाई है
मुतमइन हूँ आप की मैं दोस्ती से दोस्तो

मौत ही तो इस का हासिल है सो अरमां मर गए
और क्या उम्मीद रखते जिन्दगी से दोस्तो

कुछ बताओ मुझ से ऐसी कौन सी लगजिश हुई
किस लिए मिलते हो इतनी बे रुखी से दोस्तो

अब मेरे जीने का मकसद बन चुका है उस का प्यार
किस तरह बाज आऊँ उस की आशिकी से दोस्तो

चश्मो- जह्नो- दिल को इक चेहरा फकत भा जाता है
इश्क होता ही कहाँ है हर किसी से दोस्तो

जकी तारिक

## मानवता के अनूठे सिपाही हैं रक्तदाता

अरुण कुमार कैहरबा

**खून के रिश्तों** की सीमाएं आगे बढ़ते हुए जाति, धर्म-संप्रदायों की श्रेष्ठता को जन्म देते हुए अनेक प्रकार की संकीर्णताओं को जन्म देती हैं। इस श्रेष्ठता ग्रंथि का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। फिर भी इसके कारण इतिहास में अनेक युद्ध हुए हैं। हिटलर जैसे कट्टर लोगों ने फासीवाद जैसे क्रूर विचार को आगे बढ़ाते हुए लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। दूसरों का खून करने और खून बहाने की भावना की विपरीत रक्तदान अहिंसा और सत्य के विचार को आगे बढ़ाता है। रक्तदाता दुनिया को बांटने-तोडने की बजाय जोडने का संदेश दिया जाता है। मानवता के अनूठे सिपाही बनकर रक्तदाता रक्त नालियों या सडकों पर बहने की बजाय मनुष्य की नाडियों में बहाने का संदेश देते हैं। जब किसी परिजन के लिए बीमारी या दुर्घटना में हमें खून की जरूरत पड़ती है, तब रक्तदान और रक्तदाता की महत्ता का पता चलता है। तब रक्तदान के रूप में हमें मानवता रूपी धर्म के मर्म का भी अहसास होता है। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाताओं का सम्मान करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2004 में हर वर्ष 14जून को रक्तदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया था। सवाल यह है कि आखिर रक्तदाता दिवस के लिए यही दिन क्यों चुना गया। दरअसल यह दिन प्रसिद्ध जीव विज्ञानी एवं भौतिकीविद कार्ल लैण्डस्टाइनर का जन्मदिन (14जून, 1868) है। लैण्डस्टाइनर ने रक्त का ए, बी, एबी और ओ अलग-अलग रक्त समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में अहम योगदान दिया था। शरीर विज्ञान में उनके योगदान के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह दिन रक्तदाता दिवस के रूप में चुना गया। मकसद यही था कि रक्त का व्यापार ना हो। जरूरत पड? पर रक्त पैसे देकर ना खरीदना पड़े। इसके साथ ही स्वास्थ्य संगठन ने शत-प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान नीति की नींव डाली। लेकिन अब तक लगभग 49 देशों ने ही इस पर अमल किया है। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैसे नहीं लेते। भारत सहित कई देशों में बहुत से लोग पेशेवर रक्तदाता हैं, जोकि पैसे के बदले रक्त देते हैं। ब्राजील में तो यह कानून है कि आप रक्तदान के पश्चात किसी भी प्रकार की सहायता नहीं ले सकते। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ही भारत में प्रतिवर्ष 1करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत होती है। लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल कितने ही मरीज दम तोड़ देते हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली में हर साल 3लाख 50 हजार रक्त यूनिट की आवश्यकता रहती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदाताओं से इसका महज 30 फीसदी ही जुट पाता है। जो हाल दिल्ली का है वही शेष भारत का है। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही सवा अरब के पार पहुंच गयी हो। रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है।

# ब्यूटी टिप्स

## गर्मियों में परफ्यूम का चुनाव

शहनाज हुसैन

**गर्मियों में** पसीने की दुर्गन्ध आम समस्या है जबकि एक सुखद सुगंध तन मन दोनों को आनंदित कर देती है / गर्मियों में परफ्यूम लगाना हर कोई पसन्द करता है और बाजार में आपको इसकी अनगिनित वैरायटी मिल जाती है / कुछ लोगों में परफ्यूम लगाने का शौक किसी क्रेज से काम नहीं होता क्योंकि जिसके पास से सुगन्ध आती है उसकी ओर दूसरे व्यक्ति खींचे चले जाते हैं / गर्मियों में मूड को खुशमिजाज रखना बेहद जरूरी होता है तथा अधिकांश लोग इस दुबिधा में रहते हैं की किस तरह का परफ्यूम लगाया जाये क्योंकि पसीने की बदबू को रोकने तथा दिलो दिमाग में सकून पाने के लिए ऐसे परफ्यूम की जरूरत होती है जोकि आपके त्वचा और व्यक्तित्व दोनों के अनुकूल हो तथा आपको फील गुड का अहसास करवा सके / यह ध्यान रखें की सस्ते और घटिया परफ्यूम से आप को स्किन एलर्जी हो सकती है तथा त्वचा पर छाले भी पड़ सकते हैं / अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम अनुकूल लगता हो तो उसे उपयोग करते रहें तथा बार बार ब्रांड न बदलें / कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है / परफ्यूम खरीदने से पहले इसमें एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से शरीर में खुजली , रैशेस आदि की समस्या हो सकती है / परफ्यूम की उपयोगिता चेक करने इसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाएं तथा यदि उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी त्वचा के अनुकूल हैं /हमेशा प्राकृतिक खुश्बू बाला परफ्यूम बेहतर साबित होता है / यह एक सामान्य नियम है की लड़कियों को हल्का व लड़कों को स्ट्रांग परफ्यूम का उपयोग करना चाहिए / यह ध्यान रखें की परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी सुगन्ध की जाँच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अन्दर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगन्ध पर पड़ता है / बदलते मौसम में जैसे हम पहनावे, आभूषण, फुटवेयर का चुनाव करते है वैसे ही हर मौसम तथा अवसर पर आपके व्यक्तित्व से मैच करता हुआ प्रफ्यूम उपयोग करें तो आप ताजगी तथा आनन्दित महसूस करेंगे। गर्मियों में धूल, मिट्टी, गन्दगी, पसीना, शाम तक पूरे शरीर को बदबूदार बना देते है ऐसे में आपके शरीर के नेचूरल कैमिकल्स के साथ मेल खाते परफ्यूम आपके लिए सबसे बेहतर साबित होंगे। परफ्यूम का सही चयन आपके व्यक्तित्व से जुड़ जाता है तथा आपके लाईफ स्टाईल की निशानी बन जाता है। गर्मियां में खुशबू तेजी से छूमंतर हो जाती है इसलिए ऐसे में फूलों को खुशबू वाले परफ्यूम आपके मूड को बुलन्द करेंगे तथा मौसम के हिसाब से सबसे बेहतर साबित होंगे गर्मियों में हम अक्सर ज्यादातर समय पार्टियों, घूमने-फिरने, पहाड़ों तथा समुंद्र किनारे वक्त गुजारने तथा खाने-पीने में ज्यादा मशगूल रहते हैं तथा हमारे ज्यादातर अंग नंगे रहते है जिन पर सूरज की किरणें सीधी पड़ती हैं। ऐसे में सही परफ्यूम का चुनाव मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में उच्च सान्द्रता के शुद्ध परफ्यूम का चयन करना चाहिए ताकि यह गर्मी तथा आर्द्रता झेल सके। गर्मियों में आपके अपने व्यक्तित्व में मेल खाता परफ्यूम चुनना चाहिए जोकि लम्बे समय तक खुशबू प्रदान कर सके।

गर्मियों में जीवन्त, तरोताजा रहना काफी कठिन होता है तथा हम जयादातर समय ठण्डक की तलाश में रहते है। गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है वहीं दूसरी ओर उससे आदमी असहज महसूस करता है तथा पसीने की दुर्गन्ध से उसे कई बार शर्मिन्दगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है लेकिन जब यह पसीना बैकटीरिया से मिलता है तो दुर्गन्ध पैदा होती है डीओडरैन्ट, टैल्कम पाउडर तथा परफ्यूम का सही चुनाव पसीने की दुर्गन्ध से छुटकारा पाने में मददगार साबित होते है। ज्यादातर डीओडरैन्ट शरीर से पसीने को रोकने का काम करते है तथा ऐसे में रोल-आन की बजाय स्प्रे ज्यादा उपयुक्त माना जाता है। गर्मियों के मौसम में हल्की खुशबू का डियोडरैन्ट ज्यादा असरदायक माना जाता है। क्योंकि तेज खुशबू वाले पसीने को रोकने वाले डियोडरैन्ट के प्रयोग से त्वचा में जलन या रिएक्शन हो सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## बीजिंग में झूठ और जालसाजी ठेला

रामविलास जांगिड़

**रावण, कंस** और दुर्योधन से अब कोई नहीं डरने लगा था। नाक सिनकता बच्चा भी रावण के पास आता और उसके आठवें नंबर के मुंह पर लटक कर झूला-झूलने लगता। कई बार बच्चों के द्वारा खेली जाने वाली क्रिकेट की गेंद कंस की खोपड़ी पर जा टकराती। दुर्योधन के गुस्से पर सभी लोग हंसने लगते थे। अक्सर कॉफी हाउस में बैठकर दुर्योधन चुटकुले सुनाया करता था। डर नाम की चीज एकदम गायब हो गई थी। ये लोग डर बिजनेस के सम्राट थे। डर दिखा के ये खूब रोकड़ा कूटा करते थे। ये सब बेरोजगार हो गए।

रावण ने कहा- "हमें लोगों को आकर्षित करने के लिए कुछ अनोखा करना होगा।" कंस बोला- "क्यों न हम कचोरी का धंधा करें?" दुर्योधन, जो बहुत चालाक और रणनीतिकार था, ने सहमति जताई और योजना बनाने लगा। दुर्योधन ने ठान लिया कि अब राजनीति-फाजनीति बहुत हो गई। दिन-रात झूठ बोलते बोलते अब मैं पक गया हूं। रावण ने भी कहा- "अहंकार करते-करते थक गया हूं।" कंस बोला- "अब फालतू दादागिरी दिखाते दिखाते छक गया हूं। अब कुछ अपना खुद का काम करेंगे। और क्या काम हो सकता है, जो ठेले पर कचोरी बेचने से अच्छा हो?" सर्वसम्मति से दुर्योधन खुद ही ठेले का इंचार्ज बन गया। बीजिंग में एक व्यस्त चौराहे पर दुर्योधन ने अपना ठेला लगाया।ठेले पर लिखा था, 'महाभारत से सीधा, आपके शहर में।' लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उसने ठेले पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स भी लगवाए। रावण ने अपनी दस सिरों वाली छवि को ब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया, जिससे लोग तुरंत आकर्षित हो गए। कंस ने अपनी कलाकारी का उपयोग करके स्वादिष्ट कचोरी तैयार की। रावण ने अपने दसों मुंहों से कचोरी का प्रचार किया।

पहले ही दिन, एक चायनीस महिला आई और बोली, "क्या ये ग्लूटेन-फ्री है?" कंस ने अचंभित होकर कहा, "ग्लूटेन? ये तो कचोरी है, मैडम!" महिला चली गई, और रावण ने सोचा, "क्या जमाना आ गया है, यहां लोग ग्लूटेन-फ्री कचोरी मांगते हैं।" कुछ देर बाद, एक और ग्राहक आया और पूछा, "क्या इसमें कोई जैविक सामग्री (ऑर्गैनिक इंग्रीडिएंट्स) है?"

## किताबों की व्यथा

डॉ. सुरेश कुमार

**वे किताबें** नालों में पड़ी लोट रही थीं। पहले लगा कि उन किताबों में शराब की प्रचार-प्रसार सामग्री छपी होगी, तभी तो उन पर ऐसा नशा चढ़ा होगा। बाद में किसी भलमानुस ने बताया कि इन्हें बच्चों तक पहुँचाना था क्योंकि स्कूल जो शुरू होने वाले हैं। किताबें भी सोचने लगीं - मजिल थी कहीं, जाना था कहीं और तकदीर कहाँ ले आई है। कहने को तो स्मार्ट सिटी में हैं, फिर यह स्वच्छ भारत अभियान के पोस्टर के साथ इस नाले में क्या कर रही हैं? बाद में उन्हें समझ में आया कि स्मार्ट होने का मतलब शायद यही होता होगा। किताबें आपस में बातें करने लगीं। थोड़ी पतली सी, एकदम स्लिम ब्यूटी की तरह लग रही अंग्रेजी की किताब ने कहा झ "वाट इज हैपिनिंग हिअर? आयम फीलिंग डिस्गस्टिंग।" तभी हिंदी की किताब, जो थोड़ी मोटी और वाचाल लग रही थी, बीच में कूद पड़ी झ "अरे-अरे, देखिए मैम साहब के नखरे। तुमको डिस्गस्टिंग लग रहा है। तुम्हारे चलते मेरे भीतर से कबीर, तुलसी की आत्मा निकाल दी गई है। बच्चे मुझे पाकर न ठीक से दो दोहे सीख पाते हैं और न कोई नौकरी। तुम हो कि ट्विंकिल-ट्विंकिल लिटिल स्टार, बा बा ब्लाक शिप, रेन रेन गो अवे जैसी बिन सिर पैर की राइम सिखाकर बड़ी बन बैठी हो। तुम्हारी इन राइमों के चक्कर में हमारे बच्चे हिंदी के बालगीत भी नहीं सीख पाते। तुमने तो हमारा जीना हराम कर दिया है।" इस पर अंग्रेजी किताब बोली "नाच न जाने आंगन टेढ़ा। बच्चों को लुभाना छोड़कर मुझ पर आरोप मढ़ रही हो। बाबा आदम का जमाना लद चुका है। कुछ बदलो। मॉडर्नाइज्ड बनो। चाल-ढाल में बदलाव लाओ।" इन सबके बीच सामाजिक अध्ययन की किताबें कूद पड़ी झ "अरे-अरे! तुम लोगों में थोड़ी भी सामाजिकता नहीं है।

मिलजुलकर रहना आता ही नहीं। कुछ सीखो मुझसे।" इतना सुनना था कि विज्ञान की किताबें टूट पड़ी झ "अच्छा बहन, तुम चली हो सामाजिकता सिखाने। तुम्हारी सामाजिकता के चलते लोग आपस में लड़ रहे हैं। कोई नरम दल है तो कोई गरम दल। कोई पूँजीवाद का समर्थक तो कोई किसी और का। तुम तो रहने ही दो। कहाँ की बेकार की बातें लेकर बैठ गई हो।

## न्यूज फ्लैश

### CDRI और MEA ने आयोजित की वर्कशॉप



**नोएडा।** CDRI और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने 4 से 7 जून 2024 के बीच नई दिल्ली में स्ट्रेंथनिंग कैपेसिटी ऑफ पावर सेक्टर प्रैक्टिशनर्स इन द इंडो-पैसिफिक रीजनः टेक्निकल वर्कशॉप अंडर द क्वाड इंफ्रास्ट्रक्चर कोऑर्डिनेशन ग्रुप का आयोजन किया। इस चार दिवसीय वर्कशॉप का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक रीजन में आने वाली आपदाओं को रोकने और आपदा से जुड़े जोखिमों को कम करने की दिशा में पावर सेक्टर की आपदा से निपटने की तैयारी और प्रबंधन नीतियों को मजबूत करना था।इस वर्कशॉप में हुई प्रमुख चचाओं में क्लाइमेट रिस्क डेटा एवं गाइडलाइंस, बिजली से जुड़ी संपत्तियों पर खतरे का मूल्यांकन, रिजीलिएंस प्लानिंग एवं इन्वेस्टमेंट, बुनियादी ढांचे की मजबूती से जुड़ी केस स्टडी, और आपदा से सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्रदर्शित करने के लिए साइट का दौरा आदि जैसे विषय शामिल रहे। अमित प्रोथी, डायरेक्टर जनरल, कॉएलीशन फॉर डिजास्टर रिजीलिएंट इंफ्रॉस्ट्रक्चर ने कहा, "CDRI को क्वाड इन्फ्रास्ट्रक्चर कोऑर्डिनेशन ग्रुप को समर्थन देने के लिए भारत सरकार के साथ जुड़ने पर हमें बेहद गर्व है। यह वर्कशॉप अपनी क्षेत्रीय विशेषज्ञता का भरपूर लाभ उठाएगी, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आपदा से सुरक्षित पावर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के तरीके को बेहतर तरीके से समझा जा सके। नागराज नायडू काकनूर, संयुक्त सचिव (अमेरिका), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, पावर सेक्टर को फिजिकल और जलवायु से जुड़ी आपदाओं की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। आज हम जो पावर जेनेरेशन प्लांट तैयार कर रहे हैं, वे आने वाले कई दशकों तक काम करेंगे, इसलिए उन्हें जलवायु परिवर्तन और अन्य खतरों के पड़ने वाले संभावित असर को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और संचालित करने की जरूरत है।

### वाधवानी फाउंडेशन, AICTE और अन्य शीर्ष संस्थानों ने किया समझौता

**नोएडा।** एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वाधवानी फाउंडेशन ने शैक्षणिक इनोवेशन के व्यावसायीकरण में तेजी लाने के लिए वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एआईसीटीई, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईएससी बैंगलोर और सी-कैम्प के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय फैकल्टी, छात्रों और शोधकताओं द्वारा किए जाने वाले शैक्षणिक और प्रयोगशाला अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में बदलना है, जिन्हें विभिन्न उद्योगों में बेचा, इस्तेमाल या क्रियान्वित किया जा सके, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य का सृजन हो और समाज को लाभ पहुंचे। वर्तमान में, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक प्रतिशत से भी कम शोध में लगे हुए हैं। शोध और प्रायोगिक विकास में भारत के सकल खर्च में इनकी हिस्सेदारी केवल 9 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय विश्वविद्यालय बाजार-संचालित इन्नोवेशन आउटपुट में पीछे हैं। डॉ. अजय केला, प्रेसिडेंट और सीईओ, वाधवानी फाउंडेशन, ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने में इन्नोवेशन और अनुसंधान की बदलावकारी क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "उन्नत एआई, सिंथेटिक बायोलॉजी, क्वांटम कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर्स, हेल्थटेक, और स्पेसटैक जैसी उभरती टेक्नोलॉजी में समावेशी और न्यायसंगत समाधानों के लिए अपार संभावनाएं छुपी हुई हैं। आईआईटी बॉम्बे के साथ हमारे पिछले सहयोग ने लगभग 100 प्रोजेक्ट्स को वित्तपोषित किया, जिनमें से 10 व्यावसायिक रूप से सफल रहे हैं। हक्त उडए२ की स्थापना से ऐसे समाधानों को बढ़ावा मिलेगा और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में उनके अनुप्रयोग को बढ़ावा मिलेगा- जिससे भारत वैज्ञानिक आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।"

### इस सीजन खेलों के रोमांच का अनुभव पाएं वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के साथ

**गुरुग्राम।** हाल ही में ओरमैक्स मीडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 678 मिलियन दर्शक स्पोर्ट्स देखते हैं, इनमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट और फुटबॉल हैं, 612 मिलियन दर्शक क्रिकेट और 305 मिलियन दर्शक फुटबॉल देखने के शौकीन हैं। दर्शकों की डिजिटल व्यूइंग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने स्पोर्ट्स कंटेंट को ढूंढना और देखना बेहद आसान बना दिया है।

# लोकमंगल की कामना से करें पत्रकारिता

## विश्व संवाद केंद्र की ओर से पंचायत भवन में किया गया नारद जयंती का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पंचायत भवन** के सभागार में मंगलवार को नारद जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारद स्मृति के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने नारद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला, साथ ही हजारों वर्ष पूर्व नारद जी के द्वारा किए गए कार्यो को आज की पत्रकारिता से जोड़ा गया। इस दौरान वर्तमान समय में पत्रकारिता की उपयोगिता के बारे में वक्ताओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम में पिछले दिनों हुई रामोत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग करने वाले कुछ पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुमित सिंघल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम की निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस प्रचार विभाग के प्रांत प्रमुख राजेश कुमार मौजूद रहे। करनाल के सहायक आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी योगेश सैनी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा नारद मुनि के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डा. सुमित सिंघल ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार कहे जाते हैं। देव व मृत्यु लोक में घूमकर सूचनाओं का आदान प्रदान करते थे। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ माह की प्रतिपदा के दिन भगवान विष्णु भक्त नारद का जन्म हुआ था। ऐसे में इस दिन नारद जयंती मनाई जाती है। नारद जी को तीनों लोकों में वायु मार्ग द्वारा विचरण करने का वरदान प्राप्त है।

दो लोगों के बीच संवाद बनाना और दो विचारों के बीच मध्यस्थता कराना की पत्रकार का कर्तव्य रू कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि पत्रकार का कर्तव्य होता है दो लोगों के बीच संवाद बनाना और दो विचारों के बीच मध्यस्थता कराना। नारद जी भी यही कार्य करते थे। वे देवताओं और असुरों में संवाद बनाने का कार्य करते थे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक पत्रकार के माध्यम से हम समाचारों से अवगत होते हैं, उसी प्रकार भगवान, देवता, ऋषि-मुनियों के साथ-साथ समस्त संसार उनसे सूचनाएं प्राप्त करता था। उन्होंने कहा कि पत्रकार का एक और कर्तव्य होता है ज्ञान का प्रचार प्रसार करना। नारद जी को भी वेदों के ज्ञान का प्रचार प्रसार करने के कारण वेदों के संदेशवाहक के रूप में जाना जाता है।

**राष्ट्र और समाज का उद्धार करना ही पत्रकार का कर्तव्य :** प्रचार विभाग के प्रांत प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि पत्रकार सूचना देने जैसा श्रेष्ठ कार्य करने के लिए जाना जाता है।

## भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान की आराधना से होता है हर शुभ कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, : देशभर में संचालित** श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्री जयराम विद्यापीठ के मुख्य मंदिर में ब्रह्मचारियों एवं वेद पाठियों द्वारा ज्येष्ठ महीने के तीसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान की प्रतिमा के समक्ष विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज ने बताया कि ज्येष्ठ महीने में पड़ने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि 11 जून को तीसरा बड़ा मंगल होने के कारण विद्यापीठ में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ जनकल्याण की भावना से हनुमान पूजन हुआ है। उन्होंने बताया कि बड़े मंगलवार के दिन बजरंगबली की कृपा से आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। डा.



रणबीर भारद्वाज ने बताया कि श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सभी शुभ कार्य भगवान श्री राम भक्त हनुमान का आहवान कर विधिवत पूजा अर्चना के साथ होता हैं। उन्होंने बताया कि वीर हनुमान जी नौ निधियों के दाता हैं, अतुलित बल के स्वामी हैं, वे प्रभु श्रीराम के परम भक्त और संकटमोचन हैं। अगर प्रभु श्री राम की कृपा प्राप्त हो तो वीर हनुमान जी की कृपा अपने आप ही मिल जाती है।

## राम प्रसाद बिस्मिल एक महान क्रांतिकारी एवं देशभक्त थे: संतोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहीद पंडित** राम प्रसाद बिस्मिल की 126वीं जयंती मनाई गई और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वहीं कांग्रेस नेत्री संतोष कैरालिया ने भी अमर बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कैरालिया ने कहा कि हमें आजादी इतनी आसानी से नहीं मिली। देश की आजादी के लिए ना जाने कितने वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एक महान क्रांतिकारी एवं देशभक्त थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। 19 वर्ष की आयु से ही बिस्मिल उपनाम से उर्दू और हिन्दी में देशभक्ति की सशक्त कविताएं लिखनी आरंभ कर दी।

# सफाई कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा एरियर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा नगरपालिका** के सफाई कर्मचारियों को उनका एरियर नहीं मिल पा रहा है। जिसकी माँग को लेकर वह बार-बार नगरपालिका के अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जल्द ही अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वह काम बंद कर नपा कार्यालय के गेट पर बैठ जाएंगे।

**आपको बता दे कि नगरपालिका खरखौदा के अधीन 21 सफाई कर्मचारी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि साल 2014 से 2024** जिन्हें लंबे समय से की जा रही माँग के बावजूद उनका एरियर नहीं



मिल रहा है। उनका कहना है कि कई महीनों से वह इसके लिए अधिकारियों के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं। उनका ये भी कहना है कि अन्य जिलों के सफाई कर्मचारियों को एरियर मिल चुका है। लेकिन यहाँ के अधिकारी जानबूझ कर उन्हें परेशान कर रहे हैं। परेशान करने के लिए उन्हें एक टेबल से दूसरी टेबल पर भेजने का काम किया जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी माँग है कि उन्हें जल्द एरियर दिया जाए। सफाई कर्मियों ने बताया कि एक व्यक्ति का एरियर करीब 60 हजार रुपये एरियर बनता है, और नगरपालिका खरखौदा के करीब 21 सफाई कर्मचारी है। लेकिन नगरपालिका के अधिकारी इस एरियर को मुहैया करवाने के लिए गंभीर नहीं है। इसी लिए वह जब भी माँग करते हैं तो उन्हें चक्कर कटवाने शुरू कर दिए जाते हैं। उनका कहना है कि झाड़ू भत्ते के साथ ही उनका बढ़ा हुआ वेतन भी नहीं दिया जा रहा है।

उन्हें बीते दिनों यह कहा गया था कि चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद उनकी माँग को पूरा कर दिया जाएगा। लेकिन अब फिर से उनकी माँग को अनसुना किया जा रहा है। ऐसे में अगर जल्द ही उनकी सुनवाई नहीं होती है तो वह काम बंद कर नगरपालिका के गेट पर बैठने का काम करेंगे।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों में लगी आग के बाद एसडीएम ने किया निरीक्षण

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र में 660, 639 व 247 नंबर फैक्ट्रियों में लगी आग के मामले में एसडीएम ने संज्ञान लिया है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा की फैक्ट्री का निर्माण नियमानुसार नहीं किया गया था। फैक्ट्री का पिछला हिस्सा पूरी तरह से कवर कर रखा है। ऐसे में आगजनी की घटना होने पर काफी नुकसान हुआ। एसडीएम ने एचएसआइ आइडीसी के अधिकारियों से फैक्ट्रियों के बिल्डिंग प्लान एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए, ताकि नियमों का उल्लंघन मिलने पर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में रविवार की रात 660 नंबर रबड़ फैक्ट्री में आग लग गई। इसके बाद आग ने पीछे लगती 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री को भी चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर बड़ी दमकल केंद्र से अग्निशमन गाड़ी को मौके पर बुलाया गया, लेकिन आग ज्यादा फैलती देख सोनीपत से दो और गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। इसके बाद दोनों फैक्ट्रियों में आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। जांच में पाया गया कि 247 नंबर पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री भी आगे से पूरी तरह से टीन शैड से बंद की गई है।

# ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गत दिनों बिजली विभाग** में कार्यरत कौशल कर्मचारी की बिजली का करंट लगने से हुई मौत से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को मृतक के परिजनों व सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना बड़ी पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि उसके सीनियर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उसको जबरदस्ती बिना परमिट लिए बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ाया था जिसके चलते करंट लगने से उसकी मौत हो गई। गौरतलब की गत दिनों राजलू गढी गांव के पास बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट लगने से गंभीर रूप से घायल कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं मृतक कृष्ण के परिजनों ने बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों पर चलती लाइन में

**मांग**

**सीनियर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उसको बिना परमिट लिए बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ाया था**

बिजली ठीक करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समालखा निवासी मृतक कृष्ण के भतीजे संदीप ने बताया कि मेरा चाचा कृष्ण उम्र 52 साल करीब 15 साल से बिजली विभाग मे काम कर रहे थे। बिजली विभाग के जेई, फोरमैन व अन्य कर्मचारियों ने चलती लाईन पर काम करवा कर बिना परमिट लिए लापरवाही का परिचय दिया था। शिकायत में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस अवसर पर सन्दीप राठी,बिंदा कुहाड़,जोगेंद्र,रविन्द्र,महेंद्र व भीम राठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

बड़ी औद्योगिक थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि मृतक बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारी के परिजन व कुछ ग्रामीण उनके पास आए थे और दोषी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आज मृतक के परिजनों के सामने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को भी बुलाकर उनसे जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि सबूत जुटाए जा रहे है दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अब घर बैठे ही साईट से किसी भी सेवा के लिए ले सकते हैं अपॉईटमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सरल केन्द्र में** किसी भी प्रकार की सेवा का लाभ उठाने के लिए लोगों को अब अपॉईटमेंट लेने के लिए लाईन में लगने की जरूरत नहीं है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए लोग घर बैठे ही अपॉईटमेंट ले सकेंगे। इसके लिए एनआईसी हरियाणा ने ेंतंसींतलंदंण्हवअण्पद साईट पर जाकर सरल केन्द्र के लिए अपॉईटमेंट बुक करवा सकते है। एनआईसी हरियाणा के डीडीजी दीपक बंसल, आई टी सेल के सीनियर निदेशक अलॉक श्रीवास्तवा और उनकी टीम के प्रयासों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से सरल केन्द्र से किसी भी सेवा का लाभ उठाने के लिए घर बैठे बुक करवाने की सुविधा मुहैया करवाई है। इसके लिए एनआईसी की तरफ से सरल हरियाणा डॉटजीओवी डॉटइन साईट पर जाकर सरल केन्द्र के लिए अपॉईटमेंट बुक करवा सकते है। एनआईसी करनाल के निदेशक महिपाल सिकरी व संयुक्त निदेशक कमल त्यागी ने बातचीत करते हुए कहा कि सरल केन्द्र में किसी भी प्रकार की सेवा का लाभ उठाने के लिए टोकन नम्बर लगवाने की जरूरत होती है, इसके लिए व्यक्ति को सरल केन्द्र में आना पड़ता था। इन लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरलहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन साईट पर जाकर सरल केन्द्र के लिए बुक करवा सकते है, इसके लिए संबंधित व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र नम्बर डालना होगा। इस नम्बर के डालते ही व्यक्ति की पूरी डिटेल स्क्रीन पर होगी और इसके बाद संबंधित व्यक्ति संबंधित सेवा के लिए अपना टोकन ले सकता है।

# आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं को लेना होगा दीदी ड्रोन प्रशिक्षण

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला सचिवालय के** द्वितीय तल पर स्थित सभागार में मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण के तहत एक दिवसीय कायार्शाला का आयोजन किया गया। कायार्शाला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कृषि विभाग के एसडीओ देवेन्द्र कुहाड़ ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समय की मांग है। महिलाओं को अपनी ताकत पहचाननी होगी। समूह बनाकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि समूह के माध्यम से महिलाएं सरकार की योजना का लाभ ले सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए ड्रोन दीदी का प्रशिक्षण लेना



चाहिए। उन्होंने कायार्शाला में कृषि अनुसंधान की कार्यशैली से किसान महिला को अवगत करवाया गया। उन्होनें कहा कि वर्तमान समय में बहुत सी महिलाएं कृषि क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की भांति कामयाबी का परचम लहरा रही है। राज्य सरकार द्वारा भी महिला सशक्ति को लेकर अनेक योजनाएं क्रियांन्वित की गई है। इस क्षेत्र में बहुत सी महिलाओं ने कठोर परिश्रम करके अपने जीवन में भारी बदलाव किये है। उन्होंने कहा कि बहुत सी ऐसी महिला है कि छोटे छोटे कार्य प्रांरभ करके आत्मनिर्भर बनी है। ऐसी महिला अन्य के लिए प्रेरणा की स्रोत है। कार्यक्रम में महिला बाल संरक्षण इकाई की सुमन खरब ने पोसको व जेजेएक्ट के बारे में महिला को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बगैर जागरूकता के किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

जागरूकता के साथ ही हम बच्चों के साथ होने वाले अपराधों से बचा सकते है। इस कार्यक्रम में प्रीति कुण्डू ने भी संबोधित कर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी देवी ने विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजना की जानकारी दी।

# हमला करने मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना तहसील कैंप** पुलिस ने दीनानाथ कॉलोनी में डीजे बजाने को लेकर हुई कहासुनी में ईट से जानलेवा हमला करने मामले में सोमवार देर शाम को तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रेम निवासी दीनानाथ कॉलोनी के रूप में हुई। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल व महिला आरोपी मीनू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ईट बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।



इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में दीनानाथ कॉलोनी निवासी सुरेश पुत्र किशनचंद ने शिकायत देकर बताया था कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। 26 जनवरी की देर रात वह परिवार के साथ घर पर था। घर के सामने गली में साहिल व देव पुत्र सुभाष अपने दोस्त प्रेम व अन्य कई साथियों के साथ शराब के नशे में डीजे बजाकर हुड़दंग बाजी कर रहे थे। उसने व पत्नी मीना ने डीजे बंद करने के लिए कहा तो सभी क्रोधित हो गए और सुभाष की पत्नी मीनू गाली गलौच करने लगी। सभी जान से मारने की धमकी देते हुए छत पर चढ गए और ईट मारनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसके माथे में व पत्नी मीना को

**काबू**

**कहासुनी में ईट से जानलेवा हमला करने मामले में सोमवार देर शाम को तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया**

सिर, गर्दन व कमर में ईट मारी। परिजनों व पड़ोसियों ने उन दोनों को बचाया और इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर गए। जहा पर डॉक्टरों ने उसकी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। सुरेश की शिकायत पर थाना तहसील कैंप में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

## 29 वर्षो के बाद नगरपालिका सीमा की हुई वृद्धि

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**प्रदेश सरकार ने 29** वर्षो के बाद नगरपालिका सीमा वृद्धि करते हुए गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है । सीमा वृद्धि होने से नगर पालिका को उपग्रेड करके नगर परिषद बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है । इससे शहर वासियों में खुशी की लहर है । पालिका सीमा विस्तार कराने व नगर परिषद बनवाने के लिए पिछले दो वर्षो से संघर्षरत समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पी पी कपूर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सीमा विस्तार 29 वर्षो के बाद हुआ है ।

# ब्रेन हेमरेज से ग्रस्त 5 साल की उम्र के लड़के का फोर्टिस नोएडा में सफल इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा। फोर्टिस** अस्पताल नोएडा, में 5 साल के एक ऐसे बच्चे का सफल उपचार किया गया है जो ब्रेन हेमरेज का शिकार हुआ था। इस बच्चे को स्कूल में खेलते हुए अचानक तेज सिरदर्द और उल्टी के बाद ब्रेन हेमरेज हुआ था। बच्चे को उसके होमटाउन (राजस्थान का पिलानी शहर) में ही नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां ब्रेन के सीटी स्कैन के बाद उसे फोर्टिस नोएडा के लिए रेफर किया गया। सीटी स्कैन में बच्चे के ब्रेन में एक ऐसे घाव का पता चला था जिसकी सर्जरी देश के चुनींदा अस्पतालों में ही की जाती है। इस बच्चे को जब फोर्टिस नोएडा



लाया गया तो वह काफी नींद में था और सुस्ती भी महसूस कर रहा था। सीटी स्कैन करवाने पर पता चला कि उसके ब्रेन के एक भाग में ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसके बाद, मरीज के खून में किसी प्रकार की असामान्यता का पता लगाने के लिए डॉक्टरों ने उसकी सेरीब्रेल डीएसए (डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी) की जिससे पता चला कि उसके ब्रेन के अगले भाग में असामान्य ब्लड वैसल्स का एक जटिल गुच्छा (आर्टरियोवेनस मैल्फॉर्मेशन) बना हुआ था।

अस्पताल में डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस नोएडा के नेतृत्व में उनका इलाज शुरू हुआ और 5 दिनों के बाद स्थिर अवस्था में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस मामले की और जानकारी देते हुए, डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने बताया, हमें मरीज के ब्रेन में आर्टरियोवेनस मैल्फॉर्मेशन (एवीएम) का पता चला यह ब्लड वैसल्स का एक प्रकार का गुच्छा होता है।

## न्यूज फ्लैश

### घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
गली नंबर-3 निवासी अरूण कुमार ने बताया कि वह करीब तीन दिन पहले अपने मकान पर ताला लगाकर चले गए। गत 9 जून को परिवार सहित वापिस मकान पर पहुंचा। मकान के अंदर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। सामान की जांच की तो घर से सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठी सोना, टिका सोना, ओम सोना, नाथ सोना, जई सोना, चांदी का गले का सेट, चांदी की तंगड़ी, चांदी हाथ फूल, चांदी पांच जोड़ी पाजेब, चांदी की चुटकी, दो सेट चांदी घर पर नहीं मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### स्कूटी सवार दंपति को डराकर हथियारबंद बदमाशों ने सोने की आभूषण लूटे

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी कलां स्थित शिक्षण संस्थान के पास स्कूटी सवार दंपती को डराकर हथियारबंद बदमाश सोने के आभूषण लूट ले गए। पीड़ित युवक अपनी पत्नी संग ससुराल से घर आ रहा था। गांव के पास पहुंचने पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।
गांव पलड़ी कलां निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह 9 जून को अपनी पत्नी रजनी के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपनी ससुराल पानीपत के गांव संजोली गए थे। वहां से शाम को वह घर के लिए निकल पड़े थे। वह रात करीब साढ़े नौ बजे गांव मुरथल से होते हुए अपने गांव आ रहे थे। जब वह गांव से पहले निजी शिक्षण संस्थान के पास पहुंचे तो उन्होंने सड़क पर ब्रेकर के चलते स्कूटी की गति कम कर दी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और उनकी स्कूटी के आगे अपनी बाइक अड़ा दी। युवक हथियार लिए हुए थे। उन्होंने नीचे उतरकर उनके हाथ से सोने की अंगूठी व उनकी पत्नी रजनी से कानों की बालियां, सोने का मंगलसूत्र व पर्स छीन लिया। पर्स में 500 रुपये व चांदी की चुटकी, पाजेब थी। बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग गए। अंधेरा होने के चलते वह उनके चेहरे और बाइक का नंबर नहीं देख सके। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच के बाद देर रात लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई राजू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित निशांत उर्फ निशु निवासी बिंदरौली सोनीतप का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। सरकार का यह कदम आमजन को सुविधा प्रदान करेगा। सभी अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करते हुए समाधान शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुने और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।




उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान सीवरेज की सफाई को लेकर मिली शिकायत के संदर्भ में उपयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के सीजन से पहले पूरे शहर के शिविरों की सफाई करवाना सुचिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस बारे नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि नगर निगम द्वारा सीवरेज की सफाई के लिए अधिकारियों की कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो प्रतिदिन शहर की रिपोर्ट उनके सामने प्रस्तुत करेंगे। कहीं भी सीवरेज रूकने की दिक्कत आती है तो उसके लिए भी टीमें बनाई गई है जो तुरंत उस स्थान पर पहुंचक सीवरेज सफाई का कार्य करेंगे। हर घर को उचित पानी मिले, अगर पेयजल को लेकर कहीं भी समस्या आते है तो तुरंत उसका समाधान करें। समाधान शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, रजिस्ट्री, नो ड्यूज सर्टिफिकेट, पेंशन, राशन कार्ड, अपराध, बिजली, पानी, सिंचाई आदि विभागों की करीब 47 समस्याएं आई, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

## युवक के गले से बाइक सवार युवकों ने झपटी चैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**नई** अनाज मंडी स्थित सब्जी मंडी में भी चैन झपटमार सक्रिय हो गए हैं। जो सब्जी खरीदने वालों को अपना निशाना बना रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह बाइक सवार दो युवकों ने सब्जी खरीद कर लौट रहे आशिष के गले से चैन झपट कर लें गए। समालखा अनाज मंडी में दुकान नं 34 निवासी आशिष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह 7 बजे सब्जी मंडी से सब्जी खरीद कर जैसे ही सड़क पार करने लगा तो उसी समय पीछे से अपैची बाइक पर सवार युवकों ने जिन्होंने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था ने मेरे गले से सोने की चैन झपट कर भाग गए। आशिष ने पुलिस को बताया कि उसने चैन झपटमारों का पीछा भी किया लेकिन वो गेट नं 2 से पानीपत की तरफ भाग गए।

## गली में खड़ी ठेकेदार की गाड़ी में लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में गली में घर के बाहर खड़ी ठेकेदार की गाड़ी में आग लगाने के आरोप का मामला सामने आया है। ठेकेदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर दो आरोपितों पर आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आग लगाने की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुसिल मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव फाजिलपुर निवासी मोनू ने बताया कि वह शराब कारोबारी है। उसने गांव बिघान में शराब के ठे-के में हिस्सा है। जिसके चलते वह इधर-उधार आता-जाता रहता है। उसने अपनी बैलेनो गाड़ी को घर के बाहर खड़ी करके घर के अंदर चला गया। रात करीब 2.30 बजे उसे आवाज आई, उसके बाद वह बाहर निकालकर कार के पास पहुंचा। जहां गाड़ी में आग लगी हुई थी। उसने सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली तो उसने पता चला कि दो व्यक्ति उसकी गाड़ी में आग लग रहे है। जिसमें से कए को उसने पहचान लिया। उसका नाम मलकीत उर्फ फौजी है। इस संबंध में पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जयभगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**आरोप**
▶▶ ठेकेदार के बयान पर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

## ई-रिक्शा चालक को पीट-पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र में गांव मुरथल के पास युवक ने पैसे के लेनदेन में ई-रिक्शा चालक को पीटकर घायल कर दिया। बुजुर्ग ई-रिक्शा चालक को गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव टिकौला निवासी सज्जनपाल ने बताया कि वह गांव जैनपुर निवासी मोनू की ई-रिक्शा किराए पर लेकर चलाते है। वह सामान की डिलिवरी करने के बाद वापस आ रहे थे तो मुरथल अड्डा के पास मोनू ने उन्हें रोक लिया। मोनू ने रुपये के लेनदेन में उनकी पिटाई कर दी। उनकी आंख और नाक पर गंभीर चोट लगी और पसली पर भी गंभीर चोट आई। जिससे वह बेसुध हो गए। आरोप है कि मोनू उनके तीन हजार रुपये भी ले गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मांगों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं राजीव जैन ने सौंपा सीएम को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र सौंपकर हिन्दू कॉलेज वाले फ्लाईओवर की मंडी की तरफ उतरने वाला रास्ता वनवे है, इसे चौरा करवाने बारे, नया बस स्टैंड जी०टी०रोड पर बनाने, शहर में ऑडिटोरियम, ट्रैफिक पार्क तथा व्यापार भवन बनाने की मांग रखी है। पत्र सौंपते समय विधायक मोहन लाल बड़ोली तथा जिलाध्यक्ष जसबीर भी साथ रहे।
राजीव जैन द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में लिखा है कि उपरोक्त सभी कार्य करवाने की घोषणा 2016 से 2018 के बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की थी, योजनाओं के लिए जमीन भी ले ली गई परन्तु धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने नगर निगम के नए भवन का रुका हुआ



निर्माण कार्य भी दोबारा शुरू करवाने का आग्रह किया है। राजीव जैन ने पत्र में लिखा है कि समय के साथ शहर में कुछ नई मांगें उत्पन्न हो गई हैं जिनमे कच्चे क्वार्टर मार्किट के सामने इ०ऐस० आई हस्पताल को शिफ्ट कर पार्किंग बनाने, ऋषि कॉलोनी में वाटर बूस्टिंग स्टेशन की जमीन पर पार्क, ड्रेन नंबर 6 का कामी रोड पुल से नाहर सिंह शमशान घाट का हिस्सा भी ढकने, कालूपुर से ककरोई रोड तक का रास्ता पक्का कर मिनी बाईपास बनाने, कैलाशपुर गांव की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में चढ़वाने का आग्रह भी किया है। उन्होंने आगे लिखा है कि शहर के पूर्वी हिस्से में पीने के पानी की कमी को देखते हुए जाजल में रेनीवेल योजना के तहत दो कुएं और बनवाने, मॉडल टाउन में वर्किंग वीमेन हॉस्टल की खाली जमीन पर पार्क बनाने, राठधना रोड पर पार्क का निर्माण तथा बिजली संकट को देखते हुए शहर में छह नए 33 कें०वी० सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग रखी है।

# प्रशासनिक डयूटी में रोडवेज की 29 लॉरी, बसों के इंतजार में बैठे रहे यात्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सोनीपत** डिपो व गोहाना बस डिपो से रोडवेज विभाग की लॉरी को प्रशासनिक डयूटी पर भेजने के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। विभाग की तरफ से 29 बसों को प्रशासनिक डयूटी पर भेजा गया।
बस स्टैंड पर दिल्ली, बहादुरगढ़, झज्जर, खानपुर कलां सहित अन्य लोकल रूटों पर यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। गर्मी में 45 डिग्री से अधिक तापमान के बीच यात्रियों को बसों का इंतजार करने को विवश होना पड़ा। कई घंटों के बाद बसें मिलने पर यात्री अपने गणत्व स्थान पर पहुंचे।
बता दें कि मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लाट आवंटन पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया था।
जिसमें बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाभार्थियों को प्लाट आवंटन पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने और लाभार्थियों को विभिन्न खंडों से लाने व ले जाने के लिए रोडवेज से 33 बसों की मांग की थी।
विभाग की तरफ से सोमवार तड़के ही सोनीपत बस अड्डे से 22 और गोहाना बस अड्डे से सात बसों को अलग-अलग खंडों के लिए रवाना कर दिया था। ऐसे में दिनभर विभिन्न रूटों पर यात्रियों को बसों की कमी खली। कुछ रूटों पर लंबे इंतजार के बाद भी बस नहीं मिलने पर यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेने पर मजबूर होना पड़ा।
**सोनीपत-खरखौदा रूट पर बसों को उठानी पड़ी परेशानी-**
मिली जानकारी के अनुसार प्लॉट आवंटन पत्र वितरित समारोह में लाभार्थियों को विभिन्न खंडों से लाने व ले जाने के लिए रोडवेज बसों की ड्यूटी लगाई गई थी।
इसमें खरखौदा खंड में चार बसें रवाना की जानी थी, लेकिन सोमवार को खरखौदा खंड में बसें रवाना नहीं की गई। सोनीपत बस अड्डे से मुरथल, राई व गन्नौर खंड में और गोहाना सब डिपो से गोहाना व कथूरा खंड में बसों को रवाना किया गया था।

> **विभाग** की तरफ से बसों को प्रशासनिक डयूटी पर भेजने के निर्देश मिले थे। जिसके चलते बसों को तड़के ही विभिन्न खंडों के लिए रवाना कर दिया था। समारोह के समापन के बाद लाभार्थियों को गंतव्य तक छोड़ने के बाद शाम को सभी बसें वापस लौट आई। सभी रूटों पर यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा दी जा सके, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए थे। हालांकि कुछ रूटों पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।
> **वीरेंद्र सिंह, डीआई, रोडवेज डिपो, सोनीपत**

**परेशानी**
▶▶ लोकल रूटों पर आवागमन करने वाले यात्रियों को बस के लिए करना पड़ा लंबा इंतजार

## पार्किंग में खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र में स्थित होटल की पार्किंग में खड़ी मैनेजर की गाड़ी का शीशा तोड़कर लैपटॉप व सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिं खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
केशवपुरम दिल्ली निवासी मनीष नेगी ने बताया कि वह ग्रेटर नोयडा में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वह कंपनी के एमडी के साथ गाड़ी में सवार होकर करनाल आए हुए थे। वहां से काम निपटा कर वापिस आ रहे थे। अपनी गाड़ी को होटल की पार्किंग में सड़क के साथ खड़ी कर-के होटल में खाना-खाने के लिए चले गए। खाना-खाने के बाद वापिस बाहर आए तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ मिला। गाड़ी के अंदर रखा लैपटॉप व अन्य सामान गायब मिला।

## बाइक की टक्कर से दूसरी बाइक सवार युवक की मौत, दो दोस्त घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के बड़वासनी-महलाना सड़क मार्ग पर उनी बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कर लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव भठगांव निवासी नवीन ने बताया कि गत 9 जून को करीब 3.15 बजे अपने दोस्त प्रदीप व सोनू निवासी कानपुर हाल में बड़वासनी के साथ्ज्ञ बाइक पर सवार होकर महलाना की तरफ नहरों के बीच से जा रहे थे। बाइक को प्रदीप चला रहा था। महलाना से बड़वासनी की तरफ जा रहे बाइक चालक ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दोस्त सोनू को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर पजिरनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**दुर्घटना**
▶▶ गांव महलाना के पास हुआ हादसा
▶▶ युवक की मौत, भठगांव का युवक व साथी घायल

## केंद्रीय विवि में बी.टेक. लेटरल एंट्री हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बी.टेक-द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।
सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तकनीकी प्रोफेशनल तैयार करना है।

# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांव फुलेल माजरा, सब तहसील साहा, जिला अम्बाला में लगभग 5.0 एकड़ भूमि (खसरा न0 8//22/2/2, 16/ 17/1, 22/2, 24, 9//19, 20, 21, 22 एमआईएन, 17/1/2) तथा गांव खारू खेड़ा, तहसील अम्बाला छावनी, जिला अम्बाला में लगभग 3.0 एकड़ भूमि (खसरा न0 15//22/2, 23, 24/2, 20//3/2, 4, 7, 8/1) पर अवैध रूप से काटी गई दो अवैध कालोनियों में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई जिसमें बने मिट्टी की सडकों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया।



मौका पर जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान, डयूटी मैजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता रविन्द्र, भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे तथा तोड़-फोड़ के दौरान आमजन को अवगत करवाया गया कि उपरोक्त किला खसरा न0 में प्रोप्रट्री डीलरों द्वारा अवैध कालोनी काटने हेतू कच्ची सडकों का निर्माण किया गया था। जिसे विभाग द्वारा तोड़ा जा रहा है। इसलिए उपरोक्त भूमि के खसरा न0 अच्छी तरह नोट कर लें कि इसमें किसी प्रकार की खरीद-फिरोखत न करें। क्योंकि प्रोपट्री डीलर कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं जिनसे पूरी तहर सचेत रहने की आवश्यकता है।
अतः सभी को सूचित किया जाता है इस प्रकार के किसी भी झांसे में ना आए तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। ऐसी अवैध कलोनियों/अवैध निर्माण के खिलाफ और विभाग द्वारा और ज्यादा सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी।

**कार्रवाई**
▶▶ अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करें

# डीसी कार्यालय के कोर्टरूम में समाधान शिविर का किया आयोजन

**समस्याएं सुनकर अधिक्तर का मौके पर ही किया समाधान- एडीसी, विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का तत्काल से समाधान करने के निर्देश दिए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए डीसी कार्यालय के कोर्टरूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने इसकी अध्यक्षता करते हुए जिला अम्बाला के विभिन्न स्थानों से आएं लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही वहां मौजूद सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का तत्काल से समाधान करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने शिविर में अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आए लोगों की एक- एक करके



समस्याओं को सुना और समस्याओं को सुनने के बाद तुरन्त सम्बधित विभाग के अधिकारी से उसकी जानकारी ली और साथ ही उस समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिएं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समाधान शिविर में आएं लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से ले और उनका समाधान भी जल्द करें।
अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने समाधान शिविर मे आएं लोगों से उनकी समस्यओं को गंभीरता से सुनकर उसकी जानकारी ली और तुरंत कार्यवाही करते हुए सम्बंधित अधिकारी को इनका निवारण करने के निर्देश दिए। इन समस्याओं में ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र व विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन से सम्बंधित रही। कुछ लोगों ने प्रॉपटी आईडी से संम्बंधित समस्याओं को भी रखा। अतिरिक्त उपायुक्त ने परिवार पहचान पत्र, वरिष्ठ नागरिक सम्मान भत्ता व राशन कार्ड संबंधी अधिकतर समस्याओं का तत्काल समाधान किया व अन्य समस्याओं को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द-जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।
अपराजिता ने बताया राज्य सरकार के निदेर्शानुसार लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए लघु सचिवालय के परिसर में कार्य दिवस पर सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।
इन सभी विभागों से सम्बंधित समस्याओं को समाधान शिविर में सुना जाऐगा और उन सभी समस्याओं को तत्काल रूप से निपटाया जाएगा - राजस्व, शहरी स्थानीय निकाय, सामाजिक न्याय और अधिकरिता, फुड स्पाई, पुलिस, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, प्रॉपटी आईडी, परिवार पहचान पत्र।

**समाधान**
▶▶ ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र व विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन से सम्बंधित रही

## विभिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक ार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे वनवासी बंधु

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसारः** सुदूर जंगल में रहने वाले वनवासी बंधुओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए वनवासी कल्याण आश्रम प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के चलते हरियाणावासियों को वनवासी बंधुओं की कला व संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में 17 सितंबर से कई बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्र स्तरीय व



राज्य स्तरीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सदस्य हिस्सा लेंगे। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल व सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए ने बताया कि विभिन्न राज्यों के वनवासी बंधु 21 व 22 सितंबर को हरियाणा में आयोजित होने वाले सम्मेलन व वनवासी महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे अपनी जनजाति की पूजा पद्धति व संस्कृति से भी रूबरू करवाएंगे। उन्होंने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम एक अखिल भारतीय संस्था है जो पूरे देश में रहने वाले 12 करोड़ जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, चिकित्सा, ग्राम विकास, आर्थिक विकास व श्रद्धा जागरण के 21 हजार सेवा प्रकल्प चलाकर बिना सरकारी सहयोग के केवल समाज के सहयोग से लगभग दो करोड़ वनवासी बंधुओं को लाभ पहुंचा रही है।

# लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ हल करना समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**राज्य सरकार के** दिशा निर्देश अनुसार शुरू किये जा रहे समाधान शिविरों का असर अब धरातल पर दिखाई देने लग गया है। शिविरों में अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने को लेकर नागरिक उत्साह व उमंग के साथ पहुंच रहे है। यह बात उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए व उनका समाधान करते हुए व्यक्त की। इस समाधान शिविर में 39 समस्याएं विभिन्न नागरिकों द्वारा रखी गई। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक अजीत




सिंह शेखावत ने विभिन्न लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं को शिददतपूर्वक सुना व समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी समास्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा लेकिन बहुत सी ऐसी भी समस्याएं है जिनका समाधान होने में समय लगता है। इन समाधान शिविरों में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, प्रोपटी आईडी, परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याएं आई। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि इन समाधान शिविरों का समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सभी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे व उनका एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक पहुंच रहे है उनका त्वरित समाधान निकले। शिविर में उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे समाधान शिविरों को गंभीरता से ले। इन शिविरों में आनी वाली समस्याओं की अगले दिन समीक्षा भी होगी। जो अधिकारी शिविरों में नहीं पहुंचते उन पर कायार्वाही भी की जाएगी। उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि सभी अधिकारी नागरिकों से मधुरता से बात करें व उनकी समस्या का निदान करने का प्रयास करें। शिविर में पहुंचे पूजा ने आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्या उपायुक्त के सामने रखी जिसका उपायुक्त ने सीएमओ को निदान करने के निर्देश दिए। सौंधापुर के मौजी राम ने पैसे के लेन देन को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। पानीपत के सुरेन्द्र कुमार ने इनकम ठीक कराने के बारे में अपनी समस्या रखी जिसका समाधान करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि पुलिस विभाग से जुड़ी समस्या का हर संभव निदान होगा।

# विदेश जाने के लिए केवल अधिकृत एजेंट से ही करें सम्पर्कः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने आमजन विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार समय-समय पर इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि विदेश



भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अनधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है।

इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है। इस बारे में अधिक जानकारी के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी रोड पर पनप रही अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा

**गन्नौर।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने मंगलवार को बड़ी रोड स्थित सुरक्षा एनक्लेव के साथ लगती पनप रही अवैध कालोनियों में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया। इस दौरान टीम ने पीला पंजा चलकर अवैध निर्माण को ढहा दिया। उपायुक्त मनोज कुमार के आदेश पर जेई सुमित व अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने 2 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बनाई गई डीपीसी को ध्वस्त करवा दिया। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट न खरीदें।

### जैन कॉलेज गनौर के प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने सम्भाला कार्यभार

**गन्नौर।** शिक्षाविद डा. मनोज कुमार ने छह वर्ष के शैक्षणिक अवकाश के बाद एक बार फिर जैन गर्ल्ज पी.जी कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कार्यभार सम्भाल लिया। डा. मनोज ने बताया कि पूर्व में वे जैन गर्ल्ज कॉलेज के फाउंडर प्राध्यापक रहे हैं। 12 वर्षों तक पहले प्राध्यापक, उपप्राचार्य व प्राचार्य के रूप में सेवा की है। उन्होंने बताया है कि उनका जीवन लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित है। इसलिए वे इलाके की हर बेटी की कॉलेज तक की शिक्षा पूर्ण कराने की दिशा में काम करेंगे। डा. मनोज को संस्था के प्रधान आनंद जैन ने विधिवत कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर डायरेक्टर भूषण भाटिया, शालिनी जैन व अरंजय जैन आदि मौजूद थे। संस्था के प्रधान आनंद जैन ने बताया कि डा.मनोज बहुत मेहनती व जुझारू है, इनकी कार्यशैली कॉलेज को नई दिशा देगी।

### धर्मकांटे पर बैठे युवक के साथ गाली गलौच कर की मारपीट

**गन्नौर।** बड़ी सिथत धर्मकांटे पर बैठे युवक के साथ 5-6 लड़को ने गाली-गलौच कर उसके साथ मारपीट की है। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे गए। घायल ने मामले की शिकायत बड़ो थानां पुलिस को दी है। शिकायत में बड़ी निवासी रवि ने बताया कि वह 9 जून को अपने धर्मकांटे पर था। इस दौरान संजय, उसका भाई विकास, कृष्ण व दो-तीन लड़के उसके पास आए और गाली-गलौच करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपीयो ने उसके ऊपर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुन लोगो को आता देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बड़ी थानां प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियो का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सीएम आज पहुंचेंगे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यक्रम में

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उत्तर हरियाणा बिजली** वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से 12 जून को करीब 12 बजे डॉ. मंगलसैन ऑडोटोरियम में राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू की, जिसके तहत मध्यम वर्ग और गरीब लोगों के घरों की छतों पर रूफटॉप सौर पैनल स्थापित किये जाएंगे। इससे यह वर्ग पर्याप्त बिजली पैदा करके बिजली के उत्पादक और उपयोगकर्ता दोनों बनेंगे। इससे उपभोक्ता के बिजली का बिल कम होगा। केन्द्र सरकार द्वारा दो किलोवाट के पैनल के लिए 60 हजार रुपए की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक लाख गरीब परिवार जिनकी औसत मासिक बिजली खपत 200 यूनिट तक है और जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए है, के लिए 50 हजार रुपए तक की अतिरिक्त सहायता योजना शुरू की है।

# शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिक्षक** तबादला करवाओ संघर्ष समिति का राज्य प्रतिनिधिमंडल आज शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने नेतृत्व में चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में केवल ट्रांसफर के मुद्दे को लेकर मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य उपप्रधान रामबीर ककराना, दिनेश कुमार शामिल थे। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि उन्होंने ट्रांसफर के बारे में तमाम तथ्य तफसील से मंत्री के सामने रखे और निवेदन किया कि बिना देरी किए ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। इस पर मंत्री महोदया ने समिति को भरोसा दिया कि ट्रांसफर ड्राइव खोलने पर विचार



किया जाएगा। कृष्ण कुमार निर्माण की ओर से मंत्री को सभी विकल्प सुझाए, जिनमें मुख्य रूप से मांग यही रही कि सभी वर्गों का ट्रांसफर पोर्टल अब खोला जाए, क्योंकि फिर विधानसभा चुनाव शुरू हो जाएंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि ऐसा संभव नहीं है तो फिर कम से कम जो सभी वर्गों के जो शिक्षक अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं, उनके लिए ही ट्रांसफर पोर्टल खोल दिया जाए, ताकि उन्हें न केवल राहत मिल सके, बल्कि स्थाई स्टेशन भी मिल सकें। यदि ऐसा भी संभव नहीं है तो फिर कम से कम उन सभी वर्गों के शिक्षकों के लिए ही ट्रांसफर पोर्टल खोल दिया जाए, जो एनिवेहर में गए हैं, जो कि ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार बनता भी है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा भी संभव नहीं है तो फिर कम से कम जिस तरह से आपकी सरकार ने संस्कृत पीजीटी की एडजस्टमेंट की है, वैसे ही तमाम प्रमोशन पाए हुए शिक्षकों का अस्थाई समायोजन ही कर दिया जाए।

यदि ऐसा भी संभव नहीं है तो फिर कम से कम जो शिक्षक प्रमोशन के बाद दूर-दराज और एनिवेहर में गए हैं, उनकी ही एडजस्टमेंट कर दी जाए। राज्य उपप्रधान रामबीर सिंह ने बताया कि ट्रांसफर पोर्टल खुलवाने के लिए संघर्ष समिति बहुत जल्द एक बैठक का आयोजन करके आगामी रणनीति तय करेगी।

# गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क की मुरम्मत का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में अब** विकास कार्य तेज हो गए हैं। लंबे समय से बदहाल स्थिती में पड़ी गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क के मुरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। 16.70 किलोमीटर इस लंबी सड़क पर 11 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज गौड़ व एसडीओ रविन दत्ता को सड़क रिपेयरिंग के कार्य किसी भी तरह की कमी न बरतने और जल्द से जल्द से सड़क रिपेयरिंग को पूरा करने के निर्देश दिए। एक्सईएन पंकज गौड़ ने बताया कि सड़क रिपेयरिंग के लिए छह महीने का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन एजेंसी सड़क को तीन महीने में ही तैयार कर देगी। इस मौके पर भोपाल रापरिया, महक फौगाट, जेई नवनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**कई वर्षों से नहीं हुआ था जीर्णोद्धार**

शहर को वाया खुबडू से शाहपुर एनएच 71ए से जोड़ने जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कई वर्षों से नहीं हुआ है। इस सड़क पर कई गांव भी लगते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। पिछले कई वर्षों से सड़क बुरी तरफ से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है और क्षेत्र के लोग रोड के निर्माण की बाट जोह रहे थे।

## मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर विकसित भारत बनने का सपना होगा साकार : नरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**


**राईः भाजपा नेता नरेन्द्र** धीमान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से भारत का विकसति भारत बनने का सपना सकार होगा। आने वाला समय भारत का है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करके रहेगी। नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब भारत की दुनिया में अलग पहचान बनी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान धीमनान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है तो इस उपलब्धि पर भी पूरे देश, प्रदेश के भाजपा के सभी नेताओं, पदाधिकारियों व छोटे-बड़े कार्यकत्ताओं में जोश की नई लहर दौड़ गई है। भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान ने कहा कि पार्टी को पहले ही यह आशा थी कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी और अब नरेंद्र मोदी जनता की उन्हीं आशाओं पर खरा उतर रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश में भी भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी।

जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने अभी से जनता को सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में अवगत करना शुरू कर दिया है।

# उपमंडल कार्यालय में भी लगा समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**जिला व उपमंडल स्तर** पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की जनसमस्याओं को मौके पर हल करने के राज्य सरकार के दिशा निदेर्शों का असर दिखने लगा है। मंगलवार को समालखा उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर लगाया गया जिसमें उपमंडल अधिकारी अमित कुमार व डीएसपी नरेंद्र कादियान ने लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने को लेकर नागरिक उत्साह व उमंग के साथ पहुंच रहे है। समाधान शिविर मे नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं को एसडीएम अमित कुमार ने शिददतपूर्वक सुना व समाधान का आश्वासन दिया।





एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि सभी समास्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा लेकिन बहुत सी ऐसी भी समस्याएं है जिनका समाधान होने में समय लगता है। समाधान शिविर में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, प्रोपटी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पैन्शन आदि से संबंधित समस्याएं आई। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरों का सुबह समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सभी अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। जो अधिकारी शिविरों में नहीं पहुंचते उन पर कायार्वाही भी की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों का एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक शिविर में पहुंच रहे है उनका त्वरित समाधान निकले।

इन शिविरों में आनी वाली समस्याओं की अगले दिन समीक्षा भी होगी। शिविर में समालखा की तहसीलदार, बीईओ व पालिका अभियंता भी मौजूद रहे।

# हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर हमला किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर की शिव** कॉलोनी में बीती रात कुछ हथियारबंद लोगों ने एक घर में घुसकर हमला कर दिया। इस दौरान हथियारबंद लोगों ने घर के सामान में तोडफोड़ करते हुए बाइक और एलइडी सहित घर का अन्य सामान तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। दरअसल पड़ोस में एक शादी समारोह के दौरान पीड़ित परिवार के युवक के साथ आरोपियों का विवाद हो गया था। इसके बाद युवक घर आया और बाइक लेकर निकल गया था। उसके बाद से ही युवक का कुछ पता नहीं है कि वह कहां गया है। इस दौरान आरोपियों ने घर में घुसकर तोडफोड़ की है।



पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शिव कालोनी में बीती रात एक शादी समारोह था। 30 वर्षीय युवक साहिल शादी में गया हुआ था। वहीं पर उसकी पड़ोस के कुछ युवकों के साथ बहसबाजी हो गई थी और इसी के चलते आरोपियों ने युवक को पीट दिया था। वह घर तो आया, लेकिन बाइक उठा घर से बाहर चला गया, उसके बाद वह घर नहीं आया। साहिल की मां ने बताया कि हम रात को करीब 9 बजे घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान 15-20 लोग हथियारों के साथ घुस गए और हमला कर दिया। आरोपियों ने घर के आंगन में खड़ी बाइक को भी तोड़ा है। एलइडी भी तोड़ दी और अन्य समान को भी तहस नहस कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने घर में रखा करीब 2 लाख का सामान तोड़ दिया। उसने बताया कि हमारे लडके के साथ इन आरोपियों का कोई झगड़ा हुआ था, उसी रंजिश में इन लोगों ने हमला किया है। साहिल की मां ने बताया कि जिस समय बदमाश घर पर आए थे उसी समय उसका बेटा चला गया था, लेकिन उसका अभी तक भी कोई सुराग नहीं लगा है कि वह कहां पर है? हमने कॉल भी किया, लेकिन फोन बंद आ रहा है। करीब दो लाख रुपए का नुकसान हो गया।

# प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन की और बढ़ा रही कदम : आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा** गांव के पूर्व सरपंच संजय आंतिल ने कहा कि प्रदेश की जनता अब प्रदेश में बदलाव के मूड में आ गई है। प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन का निर्णय ले चुकी है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनावों में करते हुए। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है क्योकि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासन में पूरे मजदूर सहित अन्य सभी वर्ग के हित में कार्य किया था। आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस के राज में नए बिजली संयंत्र प्लांट के अलावा अन्य विकास कार्य किए। जिन्हे प्रदेश की जनता आज भी याद कर रही है। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा था। आंतिल ने कहा कि यदि सच में भाजपा ने देश व प्रदेश का विकास किया होता तो आज के युवा को सड़कों पर रोजगार के लिए नहीं भटकना पड़ता। यदि देश व प्रदेश को दोबारा से खुशहाली लानी है तो कांग्रेस की सरकार लानी होगी। कांग्रेस के राज में पूरे प्रदेश में आपसी भाईचारा मजबूत था। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में दिन- प्रतिदिन कांग्रेस की लोकप्रियता बढ़ रही है।

# बैंक मैनेजर सहित 4 के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अंबेडकर चौक** स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाईनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर और कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों और हस्ताक्षरों का इस्तेमाल कर घरौंडा की एक फर्म का लोन 49.99 लाख से 84 लाख कर दिया। पीड़ित अपनी बैंक किस्तें 49.99 लाख वाले लोन के अनुसार अदा करता आ रहा था, लेकिन जब वह बैंक में अपनी एनओसी लेने गया तो उसे 84 लाख रुपए के लोन के हिसाब से किस्तें भरने के लिए बाध्य किया गया, जबकि पीड़ित ने 84 लाख का लोन सैंक्शन ही नहीं करवाया था। इसी बीच आरोपियों ने 3.86 लाख की भी धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने आरोपियों से बात भी की, लेकिन आरोपी कोई जवाब नहीं दे पाए। इसके संदर्भ में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घरौंडा की एक प्रोपराइटर फर्म मैसर्ज श्रीराम ट्रेडिंग कंपनी में घरौंडा निवासी मयंक पुत्र सुशील कुमार के माता-पिता हिस्सेदार है। इस फर्म को चलाने के लिए मयंक के माता-पिता को लोन की जरूरत थी। जिसके लिए उन्होंने करनाल के उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से 14 दिसंबर 2022 को 49.99 लाख का लोन पास करवाया, जिसकी मासिक किस्त 54 हजार 616 रुपए थी। जो रेगुलर जमा करवाई जा रही थी।

दिसंबर-2023 में थोड़े और लोन की जरूरत पड़ी तो बैंक में अमरदीप सिंह से संपर्क किया। अमरदीप ने शिकायतकर्ता को बताया कि आपके माता-पिता के कागजात के मुताबिक और लोन नहीं दिया जा सकता, इसके लिए इस फर्म में एक व्यक्ति को और हिस्सेदार बनाना पड़ेगा। इसके बाद मयंक भी फर्म में हिस्सेदार हो गया और उसने सारे कागजात बैंक को दे दिए। मयंक अब इस लोन को 84 लाख करवाना चाहता था, जिसमें पिछला 49.99 लाख का लोन भी शामिल था। सब-कुछ होने के बाद अमरदीप का मयंक के पास कॉल आया और बताया गया कि अभी लोन का 25 लाख ही अकाउंट में ट्रांसफर कर सकते हैं, लेकिन मयंक ने पूरी राशि की डिमांड रखी और 25 लाख की ट्रांजेक्शन करने से मना कर दिया। मयंक ने शिकायत में बताया है कि फर्म चलाने के लिए जनवरी-2024 में मैंने खुद ही पैसे का इंतजाम कर लिया। लिहाजा जो लोन पास किया गया था, उसकी जरूरत ही नहीं रही। जो 49.99 लाख का लोन था, वही चलता रहा। मयंक ने बताया है कि 1 फरवरी 2024 को मैंने अमरदीप से 49.99 लाख का लोन अकाउंट बंद करवाने के लिए आवेदन किया, लेकिन मैं भौचक्का रह गया जब अमरदीप ने कहा कि आपने 25 लाख रुपए की डीडी पहले ही प्राप्त कर ली है। मयंक ने बताया कि मैंने ऐसी कोई भी डीडी प्राप्त नहीं की थी। जब मैंने पूछताछ की तो अमरदीप ने बताया कि यह डीडी मेरे पास ही पड़ा है और मैंने यह डीडी 12 दिसंबर 2023 को बनवा लिया था, लेकिन इसे आपके अकाउंट में जमा नहीं करवा सका। आरोपी अमरदीप ने जान-बूझ कर डीडी अपने पास रखी और अकाउंट में जमा ही नहीं करवाई। आरोपियों ने 23 दिसंबर को ही 84 लाख का सैंक्शन लेटर तैयार दिखाया। उस लेटर पर मेरे माता-पिता के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं और लेटर भी फर्जी है। जिसको असली लेटर दिखाया गया है, जबकि मेरे माता पिता ने कोई हस्ताक्षर ही नहीं किए थे। मयंक ने हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच करवाने की मांग की है।

# जे.एम.डी. ग्रुप ऑफ कम्पनी ने जी.टी. रोड़ पर गर्मी से राहत के लिए लगाई छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : करीब तीन दशक** पूर्व धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से जाकर अमरीका के विभिन्न राज्यों में सफल व्यवसाय स्थापित करने वाले जे.एम.डी. ग्रुप ऑफ कम्पनीज के प्रमुख अप्रवासी भारतीय व्यवसायी नरेंद्र जोशी की प्रेरणा से मंगलवार को कम्पनी के कार्यकताओं ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए छबील लगाई। आयोजक अशोक कुमार ने बताया कि यह छबील जी. टी. रोड़ पर उमरी चौक के निकट डेरा बाजीगर के पास लगाई गई। इस



छबील में जी. टी. रोड़ से गुजरने वाले हजारों राहगीरों ने शरबत पिया तथा युवाओं की सराहना की। इस छबील में गुलशन कुमार मेहरा, काला राम, बीर कुमार, विनोद कुमार, अशोक कुमार, मान सिंह, कर्ण, मोहित व ललित इत्यादि ने सहयोग किया।

# जितेंद्र तोमर ने क्षेत्र का दौरा कर सुनीं लोगों की समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर इन दिनों क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहें है, जिसको लेकर वह क्षेत्र में निरंतर रूप से दौरा कर लोगों की समस्याओं को काफी गंभीरता से भी ले रहे है।
इसी कडी में जितेंद्र तोमर ने क्षेत्र स्थित नारंग कॉलोनी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पार्टी के कार्यकर्ताओं और दिल्ली नगर निगम व दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ नारंग कॉलोनी का दौरा किया गया।
इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने हो रही परेशानियों से जितेंद्र तोमर को अवगत करवाया, तो वहीं तोमर ने लोगों की समस्याओं को न की गंभीर रूप से सुना बल्कि उसके निपटारे के लिए तुरंत आदेश दिया। इस मौके पर तोमर ने कहा कि क्षेत्र की जनता ही मेरे लिए मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार के लोगों को कैसे परेशान देख सकता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा ही दिल्ली के अतिंम व्यक्ति, अंतिम परिवार को देखते हुए दिल्ली सरकार की ओर से अनेंको-अनेक योजनाएं बनाकर तत्काल प्रभाव से लागू भी किया गया जिसकी वजह से दिल्लीवासियों को काफी सहायता भी मिली। उन्होंने कहा कि मौहल्ला क्लीनिक में महंगे दामों पर मिलने वाली दवाई बिल्कुल मुफ्त, वहीं प्राइवेट लेबों में होने वाले हजारों के टेस्ट भी निःशुल्क, इसके साथ ही बिजली कंपनियों की मार झेल रही दिल्ली को सब्सिडी के साथ-साथ मुफ्त और चौबीस घंटे घरों में बिजली दी गई, इसके अतिरिक्त पीने का पानी भी महीनें का बीस हजार लीटर भी निःशुल्क हुआ, इसके साथ ही तोमर ने यह भी कहा कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने हमेशा ही दिल्ली की जनता की भलाई के लिए ही काम किया है, जो कि भाजपा को नागवार गुजरा और उन्होंने सत्ता का गलत फायदा उठाकर केजरीवाल को फंसाकर जेल में करवा दिया है, लेकिन दिल्ली की जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हराकर पवेलियन का रास्ता दिखाएगी। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'महिला की मौत के आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करें पुलिस'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि वो कालकाजी मंदिर में 27 जनवरी को जागरण के दौरान एक महिला की मौत के जिम्मेदार आरोपितों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करे। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वो इस मामले की जांच जल्द पूरी करे। हाई कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि दिल्ली पुलिस ने छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में जागरण के आयोजनकर्ता और जागरण की अनुमति देने वाले मंदिर के महंत को आरोपित बनाया गया है। दिल्ली पुलिस के चार्जशीट में कहा गया है कि हाई कोर्ट की ओर से मंदिर के कामकाज की देखरेख के लिए प्रशासक की नियुक्ति के बावजूद मंदिर के महंत ने जागरण की अनुमति दी।
हाई कोर्ट ने कहा कि कि मंदिर का प्रशासन प्रशासक के अधीन है। और 27 जनवरी को हुए आयोजन की अनुमति प्रशासक से नहीं ली गई थी। बतादें कि 20 फरवरी को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दिल्ली के कालकाजी मंदिर में कोर्ट की ओर से नियुक्त प्रशासक की अनुमति के बगैर कोई भी जागरण या धार्मिक आयोजन नहीं किए जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि 27 जनवरी को सेवादार मित्र मंडल के दो सदस्यों ने कालकाजी मंदिर में जागरण का आयोजन किया था।

# जनता से किये हुए वादे कर रहा हूं पूरेः सुशील जोंटी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रहे है। जहां वह एक ओर समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर जनता की समस्याएं सुन रहे है, वहीं जनता की जो भी समस्याएं है उनका समाधान करवाने में भी आगे है। इसी कड़ी में मंगलवार को निगम पार्षद सुशील जोंटी ने संगम पार्क वार्ड-67 के लाल बाग और मौजी वाला बाग में जो नाले पर पटिया टूटी हुई थी और जहां पर नाला खुला हुआ था वहां पर नई पटिया रखवाई गई। जिससे की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
निगम पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं और जनता से जो भी वादे मैंने किये थे, उसे पूरा करने में लगा हुआ हूं। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़ा।
उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# बुराड़ी क्षेत्र में पानी की किल्लत, लोग परेशानः खेमचंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत का हर एक व्यक्ति को सामना करना पड़ रहा है, कई कॉलोनियों में जहां दो बार पानी यानि सुबह और शाम को पानी आता था, वहां अब दिल्ली जल बोर्ड की ओर से एक बार ही पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे जनता को पानी की किल्लत हो रही है।
**इन इलाको में है मुख्य समस्याः** इस समस्या पर बोलते हुए बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी खेमचंद सैनी ने बताया कि बुराडी विधानसभा के नत्थुपुरा, नंगली पूना, कुशक नम्बर-1 , कुशक नम्बर- 2, इब्राहिमपुर, सुशांत विहार, कादी विहार, स्वरूप विहार में पीने के पानी की भारी किल्लत है।
**हैंडपंप का पानी पी रहे लोगः** श्री सैनी ने आगे बताया कि कई कॉलोनियों में कई दिन पानी नहीं आता है और लोग बाजार से बोतल का पानी खरीद रहे है। यह पानी दिल्ली सरकार के बिल वाले पानी से भी महंगा पड़ रहा है। जो लोग पानी खरीद नहीं सकते वो लोग हैंडपंप का पानी पीकर भयंकर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं।



**समस्या**

⏩ बुराड़ी क्षेत्र के नत्थुपुरा, नंगलीपूना, सुशांत विहार, कादी विहार, स्वरूप विहार में पानी किल्लत है।

उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में भयंकर जानलेवा बीमारियां फैलती हैं, लेकिन इससे जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है।
**जार के पानी पर निर्भर है लोगः** श्री सैनी ने कहा कि गंदा और बदबूदार पानी आने की वजह से बुराड़ी क्षेत्र की जनता मजबूरी में बाजार से पानी खरीद कर पी रही है और सरकार कहती है कि हम दिल्ली की जनता को साफ और स्वच्छ और मुफ्त में पानी दे रहे है। श्री सैनी ने आगे बताया कि जब लोगों के घरों तक पानी आ ही नहीं रहा तो पानी मुफ्त कैसा हुआ। उन्होंने आगे बताया कि आज बुराडी विधानसभा में पीने के पानी की कमी के चलते लोग गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं क्योंकि अगर कभी पानी आता भी है तो वह गन्दा व बदबूदार लाल-पीला पानी आता है, जिसको पीना तो दूर की बात कही पर भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।
**स्वच्छ पानी दें सरकारः** श्री सैनी ने सरकार से मांग की है कि दिल्ली जल बोर्ड घर तक साफ और स्वच्छ पानी पहुंचाये, जिससे की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर न पीना पड़े।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांसद हर्ष मल्होत्रा को केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल होने पर बधाई देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

# 'भाजपा को विजयी बनाने के लिए दिल्ली की जनता का आभार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** शालीमार बाग की समाजसेविका और भाजपा नेत्री ज्योति सैनी ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता का तहेदिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने दिल्ली की सातों सीटों पर कमल खिलाया है।
उन्होंने कहा कि इसमें कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत है क्योंकि तपती गर्मी में उन्होंने अपने प्रत्याशी के लिए जी-तोड़ मेहनत की है।
उन्होंने आगे बताया कि अब हमारे सातों सांसद दिल्ली में फिर विकास करके दिखायेगें, जो कार्य अधूरे रह गये थे, वह पूरे होगें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश में



कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, आज भाजपा के कार्यों से दिल्ली के लोग काफी खुश है तभी तो आप और कांग्रेस को किनारे करते हुए दिल्ली की सातों सीटों पर कमल खिला है।

# शिक्षा विभाग के मुसोलिनी आदेश से खफा शिक्षक संघ, उठी आदेश वापसी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा ऑनलाइन तबादला प्रक्रिया की गाइडलाइन्स जारी की गई हैं। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) महासचिव अजयवीर यादव ने इन गाइडलाइन्स के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा निदेशक शिक्षकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं।
उन्होंने पूर्व में विद्यालय प्रमुखों को दो शिक्षकों के तबादले की पॉवर दी थी, जिसमें शिक्षक के बिना किसी गलती या कारण के विद्यालय प्रमुख अपने नापसंद दो शिक्षकों का तबादला कर सकते थे। इस शर्त को इस बार हटा



लिया गया है जिसका शिक्षक संघ ने स्वागत किया है और शिक्षा निदेशक का आभार व्यक्त किया। अजयवीर यादव ने गाइडलाइन्स के बिंदु नंबर-16 के तहत जिसमें दस वर्ष से अधिक एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अनिवार्य रूप से तबादले का आवेदन करना होगा, अन्यथा निदेशालय उनका तबादला कहीं भी कर सकता है। मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का पद कोई पब्लिक डीलिंग का पद नहीं है न ही कोई मलाईदार अथवा भ्रष्टाचार योग्य है।
इसलिए पूर्व में कभी भी कार्यकाल को तबादले का आधार नहीं बनाया गया है, क्योंकि यह माना जाता है कि लंबे कार्यकाल में शिक्षक बच्चों और अभिभावकों से पूर्णतः उनकी योग्यता, स्वभाव और अध्ययन विधि से परिचित हो जाते हैं। साथ ही वह विद्यालय के आसपास के वातावरण से भी परिचित हो जाते हैं।

# 'सरकार देश के युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि पिछले सप्ताह भर से, जब से नीट का रिजल्ट आया है तभी से रिजल्ट को सभी के द्वारा कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। जिसको लेकर ना सिर्फ आम जनता और विपक्षी दलों द्वारा बल्कि छात्र संघों द्वारा भी सवालिया निशान उठाए जा रहे हैं। इसी पर चर्चा करते हुए छात्र राजनीति से लेकर मौजूदा राजनीति में सक्रिय रहे करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि युवाओं के भविष्य की दिशा तय करने वाले इस एग्जाम का इस तरह से नतीजा आना एक अति गंभीर विषय है क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ कि 67 विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त करें।



और वह भी ऐसे कि 7 छात्र एक ही सेंटर से हों और मजे की बात उनके रोल नंबर भी आगे पीछे के ही हों। वहीं कुछ छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं उनके सवाल में भी संस्था का जवाब तसल्ली पूर्वक नही है। समय पूर्व नतीजा घोषित कर देना जैसे कई महत्वपूर्ण पहलू हैं जो इस

**अध्यक्ष ने कहा**

⏩ सरकार को चाहिए की परीक्षा कराने वाली एजेंसीज की जवाबदेही तय करें: आदेश भारद्वाज

परीक्षा को करवा रही संस्था एनटीए पर शंका पैदा कर रहे हैं। और इन सभी पहलुओं को लेकर सबसे पहले हमारी छात्र संघ इकाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी और उत्तरपूर्वी दिल्ली के लोकसभा प्रत्याशी रहे कन्हैया कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सवाल उठाए थे लेकिन सत्ता में बैठे लोग अपनी सरकार बनाने के जोड़-तोड़ में लगे रहे जिसका परिणाम यह रहा कि आज छात्रों को स्वयं सड़क पर उतरना पड रहा है।
आदेश भारद्वाज ने सरकार की नियत पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैं किसी भी छात्र की प्रतिभा पर सवाल नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं सरकार की नियत पर सवाल उठा रहा हूं क्योंकि पिछले कुछ वर्षो में लगातार पेपर का लीक होना, इस तरह से नतीजों में धांधलियों का सामने आना इससे साफ लगता है कि सरकार देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। यह परीक्षा लाखों बच्चो के भविष्य तय करती है। सरकार को चाहिए की परीक्षा कराने वाली एजेंसीज की जवाबदेही तय करे और स्वय भी तय करें कि इस प्रक्रिया में निष्पक्षता और न्याय के अलावा कोई विकल्प ना बचे।

# धूमधाम से मनाया गया सुरेश शर्मा का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आम आदमी पार्टी (जेजे सेल) सुरेश शर्मा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से उनको बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। जहां एक ओर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की।
इस अवसर पर जन्मदिन समारोह पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुरेश शर्मा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है। यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग पार्षद कार्यालय पर मौजूद है और सुरेश शर्मा को जन्मदिन की बधाई दे रहे है। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गरीब, निर्धन व जरूरतमंद की सेवा करना पुण्य का कार्यः बालेराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** शालीमार गांव के समाजसेवी बालेराम ने बताया कि गरीब व असहाय की मदद करना पुण्य का कार्य है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीब व असहाय व्यक्ति की मदद करें, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। समाजसेवी बालेराम ने आगे बताया कि समाज सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए, समाजसेवा में स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। तभी उसका फल प्राप्त होता है। इसलिए सभी सच्चे हृदय से गरीब व असहाय की मदद करें।



बालेराम ने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों की रक्षा की परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे आपके क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़-

**पौधारोपण**

⏩ पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी जिम्मेवारी है कि हम पौधे लगाये: बालेराम

पौधे लगे। समाजसेवी बालेराम ने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

# प्रतिष्ठा युवा संगठन ने महिलाओं को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के गोकुल पुर विधानसभा स्थित गंगा विहार जी ब्लॉक में प्रतिष्ठा युवा संगठन के तत्वाधान में स्वास्थ्य स्वच्छता और स्वयं सहायता समूह के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मुख्य वक्ता के रुप में प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मोहित कुमार भारतीय उपस्थित रहे। मोहित ने बताया कि प्रतिष्ठा युवा संगठन स्लम, ग्रामीण, पुनर्वास कॉलोनी में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का कार्य कर रहा हैं और एक माह में 300 से अधिक महिलाओं को जागरूक कर 6 स्वयं सहायता समूह का गठन किया जा






चुका हैं। जिससे वह अपनी प्रतिभा को सामने ला सकें और अपने द्वारा बनाए जा रहे सामान को स्टॉल के माध्यम से बेच कर आर्थिक लाभ ले सके। मोहित ने बताया कि यह सभी समूह राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जोड़े जाएंगे जिसके माध्यम से इनको 10 हजार का आर्थिक सहायता भी प्राप्त होगा, वहीं संगठन द्वारा मोमबत्ती बनाने और साबुन बनाने का प्रशिक्षण भी प्रदान करवाया जायेगा, जिससे समूह की महिलाओं द्वारा सामान को बनाकर बेच कर भी आर्थिक लाभ कमाया जा सके। स्वास्थ्य स्वच्छता अभियान अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को निः शुल्क सेनेटरी पैड के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर संगठन महासचिव उपू दिल्ली रितु चौधरी, श्री श्याम बाबा एसएचजी सीमा कश्यप अध्यक्ष, मुस्कान महासचिव, सरोज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, मधु शर्मा, कमलेश, मुन्नी देवी, ललिता शर्मा, सुनीता, सुमन लता, रजनी, पिंकी गुप्ता, कामकाजी महिलाएं आदि उपस्थित रहें सभी ने मोहित कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जो हमें समूह से जोड़ कर स्वालंबी बनाने का कार्य कर रहे यह हमे अपने पैरो पर खड़े करने का कार्य करेगा।

# व्यापारी सरकार की गलत नीतियों के कारण बर्बादी के कगार पर है: गर्ग

पत्रकार वार्ता

**सरकार ने प्रॉपर्टी आईडी व पीपीपी के कारण हरियाणा की जनता को बर्बाद करने का काम किया है: गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने निजी होटल में व्यापारियों की समस्या सुनने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार ने 2 साल बाद फिर प्रदेश की जनता को प्रॉपर्टी आईडी व पीपीपी में कमियों को दूर करने के लिए एक बार फिर से प्रदेश की जनता को लाइन में लगने पर मजबूर कर दिया जबकि प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। सरकार को प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाली जयपुर की याशी कंपनी को 18.11 करोड रुपए का टेंडर दिया था मगर सरकार ने लगभग 58 करोड रुपए का भुगतान कर दिया। सरकार को यशी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कंपनी को दिए गए पैसे ब्याज सहित वसूल करने चाहिए जबकि 95 प्रतिशत प्रॉपर्टी आईडी की सर्वे पूरी तरह से गलत हुई है। सरकार जनता को परेशान करने की बजाएं प्रॉपर्टी आईडी को तुरंत प्रभाव से खत्म करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि लगभग 15 दिन पहले जींद के प्लाई बोर्ड व लकड़ी व्यापारियों के गोदाम में आग लगने से लगभग 3 करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। सरकार ने अभी तक नुकसान की सर्वे करके उसकी भरपाई नहीं की है जबकि व्यापारियों द्वारा नुकसान की भरपाई करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री व जिला उपायुक्त को पत्र दे दिया गया है। सरकार को आग लगने से जो व्यापारियों का करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है उसकी तुरंत भरपाई करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारी सरकार को करोड़ों-अरबों रुपए टैक्स अदा करता है। सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह व्यापारी के नुकसान की भरपाई करें जबकि हरियाणा सरकार व्यापारियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर मुआवजा देने की बात तो करती है मगर जब मुआवजा देने की बात आती है तो सरकार व्यापारियों को मुआवजा देने की बजाएं उन्हें चक्कर पर चक्कर लगाने में लगा देती है जो सरासर गलत है।

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 13 जून से शुरू

प्रशिक्षण

**-इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा का बेड़ा गर्क करने पर तुली है प्रदेश की भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा हरियाणा में शिक्षा का स्तर शून्य तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। आज प्रदेश में शिक्षा को एक व्यवसाय बनाकर छोड़ दिया गया है जहां पर गरीबों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश की जा रहा है। नई शिक्षा नीति लागू करने का कोई औचित्य नही रहेगा जब प्रदेश के कॉलेज प्रोफेसर की कमी से जूझ रहे हो। हालात ये है कि प्रदेश के 182 कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 पद रिक्त पड़े हो। सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है। पहले धर्म और जाति के नाम पर समाज को तोड़ने वाली भाजपा अब समाज को शिक्षा के माध्यम से तोड़ने की साजिश कर रही है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए प्रदेश के 182 कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दाखिले के लिए 25 जून तक आवेदन करना होगा, अगस्त माह में शैक्षणिक सत्र शुरू हो जाएगा, सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने का दावा कर रही है अगर ऐसा किया गया तो पाठ्यक्रमों में जरूर बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कॉलेज प्रोफेसरों की कमी से जूझ रहे है, प्रदेश के 182 सरकारी कॉलेजों में 7986 पद स्वीकृत है पर मौजूदा समय में 3368 ही प्रोफेसर है यानि 4618 प्रोफेसर की कमी है। अगर सरकारी कॉलेजों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की औसत संख्या देखी जाए तो 8883 प्रोफेसर की जरूरत है। अंग्रेजी विषय के सबसे ज्यादा पद खाली पड़े है। जिनकी संख्या 625 है, ज्योग्राफी के 500, कॉमर्स के 314, गणित के 195, बॉटनी के 118, केमिस्ट्री के 229, कंप्यूटर साइंस के 218 पद खाली पड़े है। पर सरकार ने प्रोफेसर की भर्ती की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। अब जल्द ही विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो जाएगी, चाहकर भी सरकार भर्ती नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि इन खाली पदों ने हरियाणा के भविष्य के रास्ते को संकरा और अंधकारमय बना दिया है। आज प्रदेश में एक सवाल आम चर्चा का विषय बन चुका है कि क्या बीजेपी की मानसिकता ये है कि शिक्षित समाज उनके प्रोपेगैंडा में नहीं फंसेगा इसलिए समाज को शिक्षा से तोड़ दिया जाए। मानसिकता कोई भी हो पर एक बात तो निश्चित है कि हरियाणा में अब भरोसे की कांग्रेस की सरकार स्थापित होगी वहीं प्रदेश की जनता को न्याय देगी। महेंद्रगढ़ ऐसा जिला है जहां के सरकारी कॉलेजों में 715 प्राध्यापकों के पद खाली है जहां पर विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए 240 अतिथि प्राध्यापकों का सहारा लिया जा रहा है। दूसरे नंबर पर हिसार है जहां पर 279 प्रोफेसर की जरूरत है। इसके साथ ही फरीदाबाद में 242, भिवानी में 214, गुरुग्राम में 228, रेवाड़ी में 217, रोहतक में 170, जींद में 169, सिरसा में 167, करनाल में 145, फतेहाबाद में 143, झज्जर में 142, पलवल में 114, सोनीपत में 109, अंबाला में 103, पंचकूला में 100, कैथल में 93, नूंह में 86, पानीपत में 85, चरखी दादरी में 83, यमुनानगर में 79, कुरुक्षेत्र में 39 प्रोफेसर के पद खाली है।

उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रोफेसर की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है वहां विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है साथ ही शोध कार्य भी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है, शोध कार्यो की गुणवत्ता कॉलेज और विवि की पहचान होती है जबकि सरकार ने शोध कार्य को नई शिक्षा नीति में स्नातक कक्षाओं से ही शामिल किया है। फिर सरकार नई शिक्षा नीति को कैसे साकार करेगी। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर सरकार शिक्षा के निजीकरण पर अधिक ध्यान दे रही है और इन संस्थानों में फीस अधिक होती है ऐसे में गरीब परिवार का बच्चा उच्च शिक्षा के बारे में सोच भी नहीं सकता, लगता है कि सरकार गरीबों के बच्चों से उच्च शिक्षा का अधिकार तक छीनना चाहती है, एमडीयू रोहतक में फीस कई कई गुना बढ़ा दी गई है फीस कम करवाने की मांग को लेकर वहां छात्र आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने प्रदेश का बेड़ागर्क करके रख दिया है ठीक वैसे ही शिक्षा का करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, इसके बाद सरकार प्रदेश की जनता और युवाओं को उनका हक देकर उनके साथ न्याय करेगी।

**बुधवार को सैलजा करनाल और अंबाला में**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा 12 जून को अंबाला में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। वे बुधवार सुबह 11.00 बजे जाट धर्मशाला करनाल में आयोजित प्रेस वार्ता में हिस्सा लेंगी। इसके बाद दोपहर 03.00 बजे अंबाला शहर में पैलेस हवेली, अंबाला चंडीगढ़ हाईवे पर काकरू में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं का धन्यवाद करेंगी।

## चाकू के प्रहार से पत्नी को किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना हाइवे क्षेत्र में पति ने पत्नी को दिन दहाड़े चाकू मारकर घायल कर दिया। हमलावर को स्थानीय लोगो ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल माया ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राधा राधा वैली के घरों में काम करती है, मेरे द्वारा काम करने को लेकर पति आये दिन झगड़ा करता था। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे घर से काम के निकली तो राधा वैली के समीप मेरे पति मुझे पकड़ लिया और चाकू से प्रहार कर दिया। आरोपी मौके से भागने लगा तभी स्थानीय लोगो ने आरोपी राकेश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# रेडक्रॉस सोसायटी की पहल, अब ग्रामीण स्तर पर भी बन सकेंगे कंडक्टर लाइसेंस

अनूठी पहल

**भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के नियमानुसार 30 युवाओं का होना जरूरी है**




**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहाबाद**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अनूठी पहल की जा रही है, जिसके अंतर्गत युवा अपने गांव में ही कंडक्टर लाइसेंस बनवाने वाले युवाओं की लिस्ट तैयार कर रेडक्रॉस सोसायटी में जमा करवा सकते हैं। इसी आधार पर फर्स्ट एड का बैच गांव के स्तर पर ही लगाया जा सकता है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के नियमानुसार 30 युवाओं का होना जरूरी है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने बताया कि अब रेडक्रॉस सोसायटी भवन में भी नियमित रूप से प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग के बैच शुरू किए जा रहे हैं, जिसकी शुरूआत 18 जून से होगी, जिसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। कोई भी युवा जो 18 वर्ष से अधिक है वह अपना पंजीकरण वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईआरसीएसएफए डॉट ओआरजी पर करवा सकता है। उपमंडल एवं गांव स्तर पर ही प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग नियमित रूप से शुरू हो जाने से युवाओं का समय और धन दोनों ही बच पाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के जाखल व टोहाना सहित विभिन्न स्थानों से युवाओं को फतेहाबाद ना आना पड़े, इसके लिए भी व्यवस्था की गई है और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नियमित रूप से यह ट्रेनिंग शुरू करने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि पहले एक माह में एक ही बैच लगाया जाता था, जिससे युवा कंडक्टर लाइसेंस बनवाने से वंचित रह जाते थे। अब युवाओं के लिए एक माह में 3 से 4 बैच लगाए जाएंगे जिससे कि युवाओं को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, सैंट जॉहन (भारत) से प्रोफेशनल प्रमाण पत्र प्राप्त हो सकें और बिना किसी देरी के उनका कंडक्टर लाइसेंस बन सके।

# पंजाबी समाज रिफूजी कानून को चुनावी घोषणापत्र में लिखने वाली पार्टी को साथ देगा: हरीश आजाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**



हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि हरियाणा में इसी वर्ष अक्तूबर में विधानसभा चुनाव आने वाले हैं और पंजाबी समाज की इन चुनावों में क्या रूपरेखा होगी तथा पंजाबी समाज किस पार्टी के साथ जायेगा यह फैसला हमारी मुख्य मांग रिफूजी कानून बनाने वाली पार्टी के हक में लिया जायेगा। हमारी सबसे बड़ी माँग रिफूजी कानून बनाना कि जो कोई भी पंजाबी समाज को पाकिस्तानी या रिफूजी कहेगा उसे अपराध मानते हुए उस पर मुकदमा चलाया जाये और कानून के तहत उसे सजा दी जाये। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 77 वर्ष हो गये हैं और पंजाबी समाज जो 1947 के विभाजन में यहाँ आया उनकी तीसरी पीढ़ी ने आजाद भारत की धरती पर जन्म ले लिया है लेकिन कुछ सिरफिरे लोग आज भी पुरूषार्थी पंजाबी समाज को पाकिस्तानी व रिफूजी कह देते हैं। यह शब्द हमारे देशभक्त 12 लाख पूर्वजों की शहादत को गाली है और रिफूजी कानून बनाकर हम अपने उन 12 लाख शहीद हुए पूर्वजों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजली दिलाकर रहेंगे।हरीश आजाद ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से पंजाबी समाज हरियाणा में भाजपा को सबसे मजबूत वोट बैंक बन गया था क्योंकि भाजपा ने पंजाबी समाज का एक सपना पंजाबी मुख्यमंत्री बनाकर पूरा किया था बस उसी समय पंजाबी समाज कांग्रेस से खिसकर भापजा की ओर आ गया था लेकिन भाजपा ने हरियाणा प्रदेश के सबसे इमानदार व विकास पुरूष पंजाबी मुख्यमंत्री को हटाकर पंजाबी समाज का अपमान किया जिसका खमिजा भाजपा को लोकसभा चुनावों में 5 सीटें खोकर भुगतना पड़ा।

## लिपिकों पर हुई निलंबन की कार्यवाही

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला हृदय में तैनात बृजेश अग्रवाल को निलंबित किया गया था। शिक्षामित्र रीना का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया था। निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता देने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन सेटिंग के खेल से निलंबित अध्यापक बृजेश अग्रवाल को निलंबन भत्ता न देकर पूर्ण वेतन दिया जाता रहा। जो एक गंभीर वित्तीय अनियमितता को दशार्ता है। इतना ही नहीं शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर एक सवालिया निशान लगता है? मामला बेसिक शिक्षा अधिकारी की पकड़ में आ गया।

# मोबाइल पर लिंक भेज कर ऑनलाइन धोखाधडी करने के आरोपी को भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/जीन्द**

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा समय समय पर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसके बावजूद भी कई लोग इनका शिकार हो रहे हैं। ठगों द्वारा लिंक भेजकर व लालच देकर लोगों को अपने जाल में फसाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला साइबर अपराध थाना जीन्द में सामने आया था। पुलिस ने मामले को सुलझाते हुए आरोपी को नुहियांवाली जिला सिरसा से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विकास वासी नुहियांवाली जिला सिरसा के रूप में हुई है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मोनू कुमारी वासी मुआना ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दी कि उसके मोबाईल नम्बर पर एक लिंक प्राप्त हुआ था जिस पर उसने लिंक पर क्लिक किया तो टेलीग्राम आई डी खुल गई। जिस पर उससे चैटिंग के माध्यम से कुछ प्रोडक्ट खरीदने की बातचीत की और उसे एक के बाद एक टास्क दिए गये। सबसे पहले टास्क पूरा करने के लिए उन्होंने 500 रुपये उसके खाता से निकाल लिए उसी टास्क में अलग-अलग प्रोडक्ट खरीदने के लिए बोला गया जिस के माध्यम से ठगों ने उससे एक खाता से 38895 रुपये तथा दूसरे बैंक खाता से से 7352 रुपये, पेटीएम से 5220 रुपये की ठगी कर ली। इस प्रकार उन्होने उसके साथ कुल राशी 51967 रुपये की धोखाधड़ी कर ली।

पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द मामले को सुलझा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने बारे दिशा निर्देश जारी किए। जिनकी पालना करते हुए साईबर थाना प्रभारी पूजा के नेतृत्व में कार्य करते हुए मुख्य सिपाही सज्जन सिंह ने इंस्टाग्राम व व्हाट्सअप का रिकॉर्ड हासिल करके आरोपी का पता लगा कर उसे गांव नुहियांवाली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है जिस दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाकर रुपये की रिकवरी की जाएगी व इस मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता का भी पता लगाया जाएगा।पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार ने कहा कि जिले में आए दिन ऑनलाइन फ्रॉड के मामले सामने आते रहते हैं। हर बार फ्रॉड करने वाले नए तरीके अपनाते हैं। लेकिन अब यह लोग व्हाट्सएप के अलावा यूपीआई और पेमेंट वॉलेट से क्यू आर कोड स्कैन कर किए जाने वाले पेमेंट से भी धोखेबाजी करने लगे हैं। अगर आपने छोटी सी भी गलती कर दी तो यह आपके बैंक अकाउंट को खाली कर देंगे। चाहे वो मोबाइल और ईमेल पर लिंक भेजकर ठगी करने का मामला हो या फिर एटीएम से क्लोनिंग कर। आपके व्हाट्सएप या ईमेल पर आई एक अनजान लिंक पर क्लिक करने से आपके खाते में जमा रकम चंद मिनट में पार हो सकती है।

# राजेश पायलट की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

श्रद्धांजलि सभा

**इसमें अध्यक्षता गुर्जर समाज के प्रधान चरण सिंह खटाना व कैलाश चंद्र सिराधना ने की।**



**पूर्व केंद्र** मंत्री एवं किसान नेता स्वर्गीय श्री राजेश पायलट की 24वीं पुण्यतिथि पर राजेश पायलट पर चौक रेवाड़ी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें अध्यक्षता गुर्जर समाज के प्रधान चरण सिंह खटाना व राजेश पायलट स्मृति समिति के उपप्रधान कैलाश चंद्र सिराधना ने की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पायलट ने अपने जीवन काल में निस्वार्थ भाव से किसानों एवं आम जनता के लिए संघर्ष किया, उसके लिए जनता आज भी उन्हें याद करती है। विशेषकर किसान वर्ग को उनसे खास जुड़ाव था और जो दुर्गति आज किसानों की देश में हो रही है, उसके लिए उनकी कमी का अहसास होता है। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल मे गरीब मजदूर व किसान के हक की लड़ाई लड़ी थी। पायलट का पूरा जीवन काल सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत का काम करता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक पहलवान, राजेश खटाना सरपंच, रोशन चेयरमैन, लक्खी सरपंच, अज्जू पोसवाल, सतपाल सरपंच, विनोद प्रधान, राम सिंह सरपंच, झोरी सिंह, राहुल, राजेश एडवोकेट, हिमांशु सिरधना एडवोकेट, राजपाल सरपंच, महेंद्र, योगेश, जसवंत सिंह, तारा चंद, युद्धवीर पहलवान, सुरेश कसाना, पप्पू नंबरदार, जय नारायण, पिंकी रावत , सुखबीर, आजाद पटेल, जितु प्रधान, रामू प्रधान, प्रताप कसाना, डॉ बिट्टू, धर्मवीर सरपंच, धर्मेन्द्र जिला पार्षद,तरसपाल सिंह, लाल सिंह पोसवाल, रवींद्र एडवोकेट, साहिपाल,बलबीर कसाना, लक्ष्मण एडवोकेट, ओमप्रकाश सरपंच, लखमी सरपंच, राम सिंह पोसवाल, कहर सिंह पोसवाल व आदि मोजूद थे।

# अशोक मंगालीवाला ने बैठकों में हिस्सा लेकर अपनी विचारधारा को किया साझा

नारेबाजी

**समस्याओं का निराकरण करके हिसार को खुशहाल बनाना ही प्राथमिक लक्ष्य : अशोक मंगालीवाला**



बैठक के दौरान लोगों से मुलाकात करते अशोक मंगालीवाला।

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित बैठकों व चाय कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी विचारधारा को साझा किया। सेक्टर-13 व महावीर कॉलोनी में समर्थकों के आवास व प्रतिष्ठानों पर आयोजित बैठकों के दौरान मंगालीवाला ने अपनी भावी योजनाओं का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण करने एवं हिसार के विकास के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

अशोक मंगालीवाला ने कहा कि हिसार उनकी जन्मभूमि है और जन्मभूमि को खुशहाल करना उनका कर्तव्य है। इसलिए उन्होंने स्वामी गुरवानंद जी के मार्गदर्शन में अपनी जन्मभूमि को अपनी कर्मभूमि बना लिया है। अब हिसार का बहुआयामी विकास करना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। हिसारवासियों से मिल रहे स्नेह व प्यार की बदौलत उनमें नव ऊर्जा का संचार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शौचालय बनवाने एवं जर्जर पड़े स्थलों, विद्यालयों व सार्वजनिक उद्यानों के रख-रखाव और सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की जाएगी। इतना ही नहीं पिछड़ी बस्तियों की साफ-सफाई, नालियों, सीवर व पेयजल से जुड़ी दिक्कतों से भी छुटकारा दिलवाया जाएगा।

मंगालीवाला ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी, नौकरीपेशा, युवा व महिलाओं सहित तमाम वर्गों की बेहतरी के लिए श्रेष्ठ योजनाएं बनाई गई हैं। इसी सोच के चलते अनेक सेवा प्रकल्प वर्तमान समय में भी संचालित किए जा रहे हैं।

किसानों को फसल के बढि?া दाम दिलवाना, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर एवं उचित शैक्षिक वातावरण तैयार करके कमजोर वर्ग के बच्चों हेतु सुविधाएं जुटाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

मंगालीवाला ने कहा कि उन्होंने जो वादे किए हैं, उनको वे हर हाल में पूरा करके दिखाएंगे।

# पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में लक्ष्य कुंडू ने जीता गोल्ड मेडल

**हिसार।** राजस्थान के श्री गंगानगर में हाल ही में आयोजित पावर लिफ्टिंग नेशनल चैंपियनशिप में हिसार लक्ष्य कुंडू ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। लक्ष्य की इस सफलता से उसके पैतृक खैरी में खुशी का माहौल है।श्री गंगानगर में आयोजित यह प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें खैरी गांव निवासी लक्ष्य कुंडू ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए सब जूनियर श्रेणी में गोल्ड मेडल हासिल किया। इस सफलता के साथ ही लक्ष्य ने सिंगल में 150 किलोग्राम का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 162.5 किलोग्राम में रिकॉर्ड कायम किया। इसके साथ ही लक्ष्य ने पूरे पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 592.5 का रिकार्ड तोड़ते हुए 602.5 का नया रिकॉर्ड बनाया।




लक्ष्य इस समय अकेडमी में राज दुहन कोच के निर्देशन में अभ्यास कर रहा है। इस प्रतियोगिता में लक्ष्य ने हरियाणा की तरफ से हिस्सा लिया।

लक्ष्य का सपना ओलंपिक में देश को पदक दिलाना है।

लक्ष्य के पिता राजेश कुंडू आर्मी से सेवानिवृत है जबकि माता गृहिणी है। लक्ष्य की सफलता पर माता-पिता, परिजनों व ग्रामीणों ने खुशी जताई है। उन्होंने उसे बधाई देते हुए कहा है कि लक्ष्य छोटी उम्र से ही इस खेल में रूचि लेता था और उसकी खेल के प्रति इस रूचि ने ही उसे यह सफलता दिलाई है।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी क्लस्टर में कुल 27.3 लाख स्मार्ट मीटर लगेंगे

**वाराणसी: स्मार्ट मीटरिंग** प्रोजेक्ट के वाराणसी क्लस्टर के अन्तर्गत वाराणसी, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया एवं मऊ जनपद में कुल 27.3 लाख स्मार्ट मीटर लगेंगे। उपभोक्ताओं के घर, वितरण परिवर्तकों एवं फीडरों पर स्मार्ट मीटर स्थापित होंगे। डिस्कॉम इसके लिए उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने का कोई शुल्क नहीं लेगा। इसको लेकर मंगलवार को वाराणसी परिक्षेत्र के कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बैठक की। बैठक में स्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्ट के सर्विस प्रोवाइडर मेसर्स जी०एम०आर० काशी स्मार्ट मीटर्स लिमिटेड ने वाराणसी क्लस्टर प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। इसके बाद कंपनी के अफसरों ने इस प्रोजेक्ट एवं तकनीक, प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अब तक किये गये कार्य, स्मार्ट मीटर के लाभ, स्मार्ट मीटर के बारे में भ्रांतियां पर चर्चा की। अफसरों ने बताया कि स्मार्ट मीटर विद्युत उपयोग को रिकॉर्ड करने मीटर सम्बन्धित सूचना दूरस्थ स्थान तक पहुंचाने एवं दूरस्थ स्थान से विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान करता है। स्मार्ट मीटर बिजली खपत को सटीकता से मापने में सक्षम है। जिससे उपभोक्ताओं को उनके वास्तविक खपत के आधार पर बिल प्राप्त होंगे। स्मार्ट मीटर में रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराने की सुविधा होने के कारण उपभोक्ता अपने बिजली के खपत को मॉनिटर कर सकते हैं एवं अनावश्यक खर्च को कम कर सकते हैं।

### डेढ़ माह बाद फिर खरीद फरोख्त के लिए गल्ला मंडी गुलजार

**हमीरपुर:** लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर डेढ़ माह बाद मंगलवार को फिर खरीद-फरोख्त के लिए गुलजार हो गई। डेढ़ माह में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मंडी परिषद को करीब 75 लाख राजस्व की क्षति हुई है। लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर को अधग्रहित करके 20 अप्रैल को प्रशासन के निर्देश पर खाली कर दिया गया था। तब से आठ जून तक गल्ला मंडी के आढ़ती मंडी से बाहर ही खरीद प्राप्त कर रहे थे। आठ जून को मंडी को खरीद फरोख्त के लिए खोला गया।

# यूपी में 30 जून तक ट्रांसफर होंगे: सीएम

## योगी कैबिनेट ने नई तबादला नीति पर लगाई मुहर; चुनाव बाद हुई बैठक में 41 प्रस्ताव पास

**कैबिनेट बैठक**

**▸▸ नई स्थानांतरण नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी गई है। बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए जिनमें से 41 को मंजूरी दे दी गई है। नई स्थानांतरण नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं। बैठक में बुंदेलखंड क्षेत्र की 50 में से 26 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जिनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है।

**एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ:** कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

**प्रयागराज कुंभ के लिए दिए गए 2500 करोड़ रुपये**

**प्रयागराज** में होने वाले महाकुंभ में तैयारियों के मद्देनजर 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की तुलना में 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग आएंगे। कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बैठक में नोएडा को 500 बेड के नए अस्पताल को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च के लिए स्कूल आफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार हर साल 10 करोड़ रुपये देगी।

**विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन, 2 निजी विश्वविद्यालयों को एलओआई:** योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है।

# शाह ने फिर संभाला गृह मंत्रालय का प्रभार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को अपने मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया। मोदी ने अपने पुराने सिपहसालारों पर भरोसा करते हुए मंत्रिमंडल में किसी बड़े बदलाव से गुरेज किया है। उन्होंने अमित शाह, राजनाथ सिंह, एस जयशंकर और अश्विनी वैष्णव समेत कई मंत्रियों पर फिर से विश्वास जताया है। वहीं, कुछ मंत्रालय में बदलाव भी किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर पीएम मोदी ने एक बार फिर भरोसा दिखाया। उन्हें फिर से केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वहीं, सहकारिता मंत्री का भी कार्यभार संभाला।

**जिम्मेदारी**

**▸▸ शाह ने गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वहीं, सहकारिता मंत्री का भी कार्यभार संभाला।**

# राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को दिया अंतिम रूप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित पड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जाए। कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। अब आने वाले दिनों में मुकदमा नीति को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। सूत्रों की मानें तो यह नीति मोदी 3.0 सरकार के 100 दिन के एजेंडे का हिस्सा है।

**न्याय प्रक्रिया में तेजी लाना सबसे बड़ी प्राथमिकता:** कार्यभार संभालने के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता न्यायालयों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित पड़े मामलों की न्याय प्रक्रिया में तेजी लाना है। इस मामले जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित पड़े मामलों के त्वरित समाधान का जिक्र किया गया है। अधिकारी ने यह भी बताया कि यह पहला काम था, जिसे केंद्रीय मंत्री सबसे पहले निपटाना चाहते थे। बता दें कि राष्ट्रीय मुकदमा नीति का मसौदा पिछली अलग अलग सरकारों में कई बार तैयार किया गया। कई वर्षों से सरकारों द्वारा इसकी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि नई नीति के पास होने से लंबित पड़े मामलों पर तुरंत सुनवाई होगी और आम जनता को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि नई मुकदमा नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है। इससे सरकार की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ जाएंगी। इससे पहले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)-2 सरकार में तत्कालीन कानून मंत्री वीरप्पा मोइली भी एक राष्ट्रीय मुकदमा नीति लेकर आए थे हालांकि, यह नीति आगे नहीं बढ़ पाई थी।

**समाधान**

**▸▸ इसका उद्देश्य यह है कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित पड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जाए**

# केंद्र ने फिर भेजी छत्तीसगढ़ को 4,761 करोड़ की राशि

**रायपुर:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वर्ष 2024-2025 से संबंधित 4761.30 करोड़ रुपये की संपूर्ण राशि हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा कि केंद्र से प्राप्त यह राशि छत्तीसगढ़ के विकास और जनकल्याण के भाजपा के संकल्प की पूर्ति के प्रयासों को गति प्रदान करेगी।

# बेरोजगारी भत्ते के नाम युवाओं को मिल रहा अफसोस: गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** सरकार में लंबित बिलों के भुगतान को लेकर लगातार नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश की भजनलाल सरकार पर बेरोजगारी भत्ता रोकने का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि वित्त विभाग महीनों से बेरोजगारी भत्ते के बिलों को रोककर बैठा है। जानकारी के मुताबिक पिछले साल आचार संहिता से ठीक पहले अगस्त से ही वित्त विभाग ने बेरोजगारी भत्ते के बिल रोक लिए थे, जो अब तक पेंडिंग ही चल रहे हैं। प्रदेश की भजनलाल सरकार एक बार फिर बेरोजगारों के मुद्दे पर घिरती नजर आ रही है। पिछली गहलोत सरकार में शुरू किया गया बेरोजगारी भत्ता नई सरकार आने के बाद से जारी ही नहीं किया गया। वित्त विभाग के अफसरों ने सिर्फ बेरोजगारी भत्ता ही नहीं रोका बल्कि पंचायतों को मिलने वाली ग्रांट, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आरजीएचएस के भुगतान और आरटीई जैसी अहम योजनाओं के भुगतान भी रोककर रखे हैं। इससे जनता में नाराजगी बढ़ी और चुनावों में नई सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ गया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर ट्वीट भी किया है। यह ट्वीट जबरदस्त तरीके से वायरल भी हो रहा है। महज एक घंटे में करीब 1 लाख लोगों तक यह पहुंच चुका है। गहलोत ने ट्वीट में लिखा है कि- राजस्थान में हमारी सरकार के दौरान युवाओं को 4500 रु महीने तक का बेरोजगारी भत्ता देना शुरू किया गया था, जो उनके लिए बड़ा संबल होता है। मुझे बहुत सारे युवाओं ने बताया है कि बीते कई महीनों से उन्हें बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने में परेशानी आ रही है।



**निशाने पर**

**▸▸ प्रदेश की भाजपा सरकार का वित्त विभाग महीनों से बेरोजगारी भत्ते के बिलों को रोककर बैठा है: गहलोत**

# मनोज जरांगे का अनशन जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। अनशन के चार दिन बाद, मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद उन्होंने नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया। जरांगे ने शनिवार को महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव से नए सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है। बता दें कि वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं।

**जरांगे ने तरल पदार्थ लेने से किया इनकार:** सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की। इस दौरान उनका ब्लड प्रेशर और शुगर स्तर कम था। डॉक्टरों ने उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी। मीडिया से बात करते हुए एक डॉक्टर ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, जरांगे ने इस तरह से आहार लेने से इनकार कर दिया। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से जब महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा, इस पर उन्होंने कहा कि भुजबल को इस मुद्दे पर हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

# केंद्र ने जांच एजेंसियों का किया दुरुपयोग: गौरव



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल:** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को एक बार फिर मणिपुर हिंसा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से उम्मीद नहीं की जाती कि वह हिंसा प्रभावित मणिपुर में मौजूदा हालात पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शब्दों पर ध्यान देंगे। वह फिलहाल पूर्वोत्तर राज्यों को नजरअंदाज ही करेंगे। इसके अलावा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे और भारतीय संविधान को तोड़ने-मरोड़कर पेश करने की कोशिश करेंगे।

**एक साल से अधिक समय से हिंसा जारी:** बता दें, एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी राज्य में हालात गंभीर बने रहने पर आरएसएस प्रमुख ने सोमवार को चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि संकट से घिरे राज्य की हालत पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

**मैं पीएम से उम्मीद नहीं करता:** गोगोई ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से यह उम्मीद नहीं करता कि वह आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शब्दों पर कोई ध्यान देंगे। प्रधानमंत्री मोदी को नजरअंदाज करेंगे। कानून लागू करने वाली एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे और भारतीय संविधान को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश करेंगे।' उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'शुक्र है कि लोगों ने इंडिया गठबंधन को अपनी ओर से बोलने और भारतीय संसद और संविधान की रक्षा के लिए चुना है।'

**तंज कसा**

**▸▸ पीएम हिंसा प्रभावित मणिपुर में मौजूदा हालात पर भागवत के शब्दों पर ध्यान नहीं देंगे: गोगोई**

# बजरंग दल ने की जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर में रियासी के शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ बजरंग दल बुधवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेगा। विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने मंगलवार को कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं। वीएचपी के महासचिव मिलिंद परांडे ने इस हमले को पाकिस्तान समर्थित इस्लामी आतंकवादियों का कायराना कारनामा करार दिया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल पूरे देश में बुधवार को विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आगे बताया कि बजरंग दल ने देश भर में इस्लामी आतंकवाद का पुतला जलाने और संबंधित जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह करने का फैसला किया है। वीएचपी नेता ने आतंकवादी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि दी और घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# चंद्रबाबू नायडू चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता



**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाखापत्तनम:** आंध्र प्रदेश में सरकार गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को तेदेप और एनडीए ने चंद्रबाबू नायडू को अपना विधायक दल का नेता चुन लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा, भाजपा और जनसेना गठबंधन के नेता राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। चंद्रबाबू नायडू के साथ कई और नेता भी शपथ ले सकते हैं। नायडू के साथ शपथ लेने वाले नेताओं के नाम मंगलवार को तय कर लिए जाएंगे। जनसेना पार्टी ने पवन कल्याण को चुना विधायक दल का नेता: आंध्र प्रदेश में 12 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। वहीं जनसेना पार्टी ने अपने विधायक दल का नेता पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण को चुन लिया है। पवन कल्याण मंगलवार सुबह मंगलागिरी स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें जनसेना पार्टी के विधायकों ने अपना नेता चुना।

**तेदेपा को मिला जबरदस्त समर्थन:** आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 175 सीटों में से 135 सीटें जीतकर चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने 21 सीटें जीती हैं और भाजपा को भी आठ सीटों पर जीत हासिल हुई है। वहीं जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी महज 11 सीटों पर सिमट गई है। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में तेदेपा, जनसेना और भाजपा गठबंधन बनाकर चुनाव मैदान में उतरीं थीं। चंद्रबाबू नायडू चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता विजयवाड़ा में एनडीए गठबंधन के विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जनसेना के प्रमुख पवन कल्याण और आंध्र प्रदेश भाजपा की अध्यक्ष डग्गुबाती पुरंदेश्वरी समेत एनडीए के सभी विधायक शामिल हुए।

**सीएम बनेंगे**

**▸▸ तेदेपा, भाजपा और जनसेना गठबंधन के नेता राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात करेंगे**

**जिम्मेदारी** शिवराज चौहान के समक्ष खाद्य व कृषि क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती खाद्य वस्तुओं की महंगाई को काबू करना होगा

# कृषि सुधार को पंख लगाएंगे शिवराज चौहान, चुनौतियां भी कम नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश की 18वीं लोकसभा का गठन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी कैबिनेट में मंत्रियों को मंत्रालय सौंप दिए गए हैं। इसमें मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। मंगलवार को शिवराज चौहान ने अपना कार्यभार भी संभाल लिया। नए कृषि मंत्री बने शिवराज चौहान के समक्ष खाद्य व कृषि क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती खाद्य वस्तुओं की महंगाई को काबू करना होगा। साल 2023 में आपूर्ति के दबाव के कारण खाद्य वस्तुओं की महंगाई के मामले में हालात खराब रही है। इसके अलावा ग्रामीण विकास असंतोष से निपटना प्रमुख किसी चुनौती से कम नहीं होगा। दरअसल, नौकरियों में आ रही कमी और गैर कृषि क्षेत्र में धीमी वृद्धि के कारण गांवों में असंतोष कई गुना बढ़ गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने इन मुद्दों को जोरशोर के साथ उठाया है। हालांकि नए काम संभालने वाले कृषि मंत्री शिवराज के लिए राहत की खबर है कि दक्षिण पश्चिम मानसून 2024 का पूर्वानुमान देश के लिए अच्छा है। कई राज्यों में अच्छी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने भी अनुमान जताया है कि अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। दक्षिण पश्चिम मानसून देश के वर्षा आधारित क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। इस मानसून से मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बारिश होती है और इन क्षेत्रों में अच्छी बारिश देश के दलहन और तिलहन क्षेत्रों के लिए अच्छा संकेत है। कृषि विशेषज्ञों कहना है कि दलहन, तिलहन और अनाज का उत्पादन बढ़ने से घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे आने वाले महीनों में महंगाई घटाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा अच्छे मानसून से रबी फसल के लिए जलाशयों और मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा शिवराज के सामने कृषि में विविधता लाकर किसानों की स्थिति में सुधार के लिए मध्य प्रदेश मॉडल को लागू करने की बड़ी चुनौती होगी।

# ...तो गिर सकती है मोदी की सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** देश के जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर इन दिनों खूब चर्चा में हैं। चर्चा का कारण है कि प्रशांत किशोर की 'फेल' भविष्यवाणी। किशोर ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के बाद दावा किया था कि बीजेपी को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनकी भविष्यवाणी पूरी तरह से गलत साबित हुई। प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनाव के बाद एक मीडिया आउटलेट को दिए इंटरव्यू में बताया कि आने वाले दिनों में विपक्ष को क्या करना चाहिए? प्रशांत किशोर ने यह भी बताया कि अगर जो वो कह रहे हैं, उसे विपक्ष ने कर लिया तो केंद्र में मोदी की सरकार मुश्किल में आ सकती है। दरअसल, प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन यानी आईएनडीआईए आनेवाले विधानसभा चुनावों में बीजेपी को हरा देता है तो केंद्र में मोदी की सरकार को दिक्कत आ सकती है। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि अगर आईएनडीआईए गठबंधन ने हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में बीजेपी को हरा दिया, तो केंद्र में मोदी की सरकार गिर सकती है। बता दें कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। बीजेपी ने 240 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, एनडीए के घटक दलों के साथ आंकड़ा 292 पर पहुंचा। बीजेपी का सबसे बड़ा सहयोग टीडीपी और जदयू ने किया। टीडीपी ने लोकसभा चुनाव में 16 सीटें जीतीं। वहीं, नीतीश की जदयू ने 12 सीटों पर परचम लहराया।

